# पानी की समस्या को लेकर करेंगे नगर पालिका का घेराव-कंकर मुंजारे

## कांग्रेस्र, बीजेपी को लिया आड़े हाथ

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। पूर्व सांसद कंकर मुंजारे द्वारा अपने निज निवास पर पत्रकार वार्ता ली और उन्होंने बताया कि भले ही आज हर कोई मजदूर दिवस मना रहा है लेकिन जिले के मजदूर को आज भी उनके नियम अनुसार रोजी नहीं दी जा रही है जबकि जिले में इतनी माइंस चल रही है वहां अनेक संगठनों द्वारा मजदूरों को उनके हक की रोजी नहीं दी जाती और आज इससे संबंधित अधिकारी, कर्मचारी इन पर ध्यान नहीं देते तो वही वार्ता में श्री मुंजारे ने नगर पालिका सहित कांग्रेस, भाजपा को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि आज देश भर में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं और भाजपा द्वारा तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाते हुए कांग्रेस प्रत्याशियों के फॉर्म रिजेक्ट किया जा रहे हैं जिसमें भाजपा ही नहीं कांग्रेस भी भाजपा से मिली हुई है जिस कारण से यह हो रहा है और कांग्रेस के नामांकन निरस्त हो रहे हैं तो कहि कांग्रेस के प्रत्याशी फॉर्म वापस ले रहे हैं इसमें दोनों ही पार्टियाँ आपस में मिली भगत है।**



आपको बता दे की पूर्व सांसद कंकर मुंजारे द्वारा 1 मई को अपने निज निवास पर पत्रकार वार्ता ली और उन्होंने बताया कि आज जिस प्रकार से जिले में मजदूर दिवस मनाया जा रहा है किंतु जिले में आज भी मजदूर एवं श्रमिकों को उनके नियम अनुसार रोजी नहीं दी जा रही है जबकि जिले में अनेको खदानें चल रही है माइंस चल रही है इनमें आज भी मजदूरों को उनके हक से वंचित रखा जा रहा है जबकि इसकी जानकारी तो संबंधित अधिकारी सहित सभी को है बावजूद इसके भी कोई मजदूरों की समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है जो माइंसों में जो संगठन चल रहे हैं उन संगठनों के द्वारा मजदूरों की मजदूरी से कुछ पैसा काट लिया जाता है और उन्हें पूरी मजदूरी नहीं दी जाती इसके लिए संबंधित जिम्मेदार को ध्यान देना चाहिए और मजदूरों को उनके हक का पैसा दिलवाने चाहिए लेकिन ऐसा जिले में नहीं हो रहा है हर जगह आज जिले में मजदूरों का शोषण किया जा रहा है जो की काफी गलत है और इसमें सभी मजदूर भाइयों को एक होकर अपने हक की लड़ाई लड़ना चाहिए , तभी जाकर उन्हें उनका हक और अधिकार मिल सकता है।

### कांग्रेस पार्टी बीजेपी से मिली हुई है

पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने भाजपा , कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज कहीं ना कहीं जिस प्रकार से देश भर में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं और जिस प्रकार से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के नामांकन निरस्त हो रहे हैं और कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी चुनाव में अपना फार्म उठा रहे हैं उन सब बातों को देखकर यही लग रहा है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों आपस में मिल गई है और दोनों आपस में मिलजुल कर काम कर रही है इसलिए आज कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के फॉर्म निरस्त हो रहे हैं और उनके प्रत्याशी कई जगहों पर अपना नामांकन उठा रहे हैं उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर भी निशाना सादा और कहा कि आज दिग्विजय सिंह को चुनाव लड़ने की आवश्यकता नहीं थी वह क्यों चुनाव लड़ रहे हैं और जनता के बीच जाकर नाटक कर रहे हैं और कह रहे हैं कि उन्हें एक बार और वोट दे दे जबकि दिग्विजय सिंह के द्वारा पूरे मध्य प्रदेश में कांग्रेस को खत्म करवा दिया है जबकि वह चाहते तो अपनी जगह किसी और को चुनाव लडवा सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया जबकि उन्होंने बताया कि इसके पहले उन्होंने अनेक को चुनाव लड़े लेकिन उन्होंने कभी ऐसा नहीं देखा कि किसी पार्टी के नामांकन निरस्त हो रहे हो या फिर कोई चुनाव में राष्टीय पार्टी के प्रत्याशी फॉर्म वापस ले रहे हो।

### 15 वर्ष में नपा में काबिज भाजपा के अध्यक्ष पानी की व्यवस्था नहीं कर पाए

श्री मुंजारे ने शहर में पानी नहीं मिलने के विषय को लेकर कहा कि आज 15 वर्ष हो गए नगर पालिका बालाघाट में भाजपा काबिज नगर पालिका अध्यक्ष है और उनके द्वारा आज से पहले 15 वर्षों से दो वक्त पानी देने की बात शहर में जनता से की गई थी, किंतु आज तक शहर की जनता को दो वक्त अपनी नगर पालिका द्वारा नहीं दिया जा रहा है यह तो बहुत ही दुर्भाग्य की बात है जबकि उनकी पार्टी की अध्यक्ष जब नगर पालिका में थी उस समय उन्होंने पूरे शहर को पानी दिया था और उनकी व्यवस्थाओं की आज भी लोग तारीफ करते हैं और यह आज शहर में पानी तक नहीं दे पा रहे हैं और पूरे शहर में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है और सफाई व्यवस्था की तो बात ही नहीं कहीं जा सकती , जब दो वक्त अपने शहर वासियों को पानी नहीं दे पा रहे हैं जबकि भाजपा द्वारा कहा जाता है कि हमने विकास कर दिया हमने यह काम कर दिया हमने बड़े-बड़े विकास किया और आज शहर में दो वक्त पानी नहीं दिया जा रहा है इनके द्वारा तो इससे बड़ी दुर्भाग्य की क्या बात हो सकती है।

### नगर पालिका का घेराव किया जाएगा

श्री मुंजारे ने यह भी कहा कि यदि नगर पालिका द्वारा दो वक्त अपनी शहर की जनता को नहीं दिया जाता तो वह नगर पालिका का घेराव करेंगे इसके लिए आज कहीं ना कहीं जनता को अपने घरों से बाहर निकल कर आना होगा क्योंकि यदि जनता अपने हक अधिकार के लिए सामने नहीं आई तो यह लोग ऐसे ही उन्हें परेशान करते रहेंगे क्योंकि अब घर में बैठे रहने से काम नहीं चलेगा सामने आकर नहीं बोलेंगे तब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं होगा और अब जनता को सामने आकर सड़कों पर उतरना पड़ेगा और इसके लिए वहां जनता का सहयोग करने के लिए भी तैयार हैं, क्योंकि पानी की समस्या बहुत बड़ी समस्या है उन्होंने बताया की नई नल जल योजना के लिए जो करोड़ों रुपया आया था उस पैसे में भारी अनिमिता की गई है जिसमें करोड़ों रुपए की हेरा फेरी की गई है उन्होंने बताया कि आज फिल्टर प्लांट में पानी अच्छी तरह से फिल्टर नहीं हो पा रहा है और नगर पालिका के कर्मचारी एलम का बिल पर बिल लगाये जा रहे हैं और शहर वासियों को शुद्ध पानी तक नहीं दे रहे हैं।

# पांच आरोपियों पर 5-5 हजार तथा एक पर 3 हजार रुपये की इनामी राशि घोषित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने दो अलग-अलग मामलों में पांच आरोपियों पर 5-5 तथा एक आरोपी पर 3 हजार रुपये की ईनामी राशि की घोषणा की है। मामला थाना परसवाड़ा के ग्राम भीड़ी का है। जिसमें आरोपियों द्वारा शिकार करने के लिये बिछाये गए लोहे के जीआई तारों को बिजली के खंभे से जोड़कर करंट प्रवाहित किया गया था। जिसकी चपेट में आने से बुधराम सैयाम की मृत्यु हो गई। ऐसे आपराधिक कृत्य को अंजाम देने वाले आरोपी हरि ऊर्फ हरिओम हरिचंद मानसिंह उइके, नाती ऊर्फ महेंद्र महीलाल यादव, योगेश कृष्णा पटले, राधेश्याम बृजलाल पटले तथा गोलु ऊं रामकिशोर पुषुलाल यादव विरूद्ध धारा-304 का अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया है। आरोपी घटना घटित कर लगातार फरार है। आरोपी की पुलिस को सूचना व जानकारी देकर पकड़वाने में सहयोग करने वाले व्यक्तियों को 5-5 हजार रुपये की घोषित ईनामी राशि दी जायेगी। साथ ही धारा-363, 376(2)एन, 376(3), 341, 506 के प्रकरण में यश पिता देवेंद्र चौधरी निवासी बेलगांव थाना किरनापुर भी घटना घटित कर अपने सकुनत से फरार है। आरोपी की सूचना देने वाले व्यक्ति को 3 हजार रुपये की घोषित इनामी राशि प्रदान की जायेगी। आरोपी की सूचना लिखित, मौखिक अथवा दूरभाष न. 07632-210021, 241800, 7587605598, 7049114669, 7049114489 तथा 07636-275530 पर बतायी जा सकती है। फरार व अज्ञात आरोपी के बारे में जानकारी देने वाले व्यक्ति को पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ द्वारा घोषित राशि प्रदान की जायेगी।

## हाई स्कूल की 10 और हायर सेकेंडरी की 8 जून से होगी पूरक परीक्षाए

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से जारी आदेशानुसार हायर सेकेंडरी व हाईस्कूल परीक्षा कार्यक्रम का आयोजन 10 व 8 जून से प्रारंभ किया जा रहा है। जिसके अनुसार हायर सेकेंडरी के समस्त विषयो के विद्यार्थियों की पूरक परीक्षा 8 जून को प्रात: 8 से 11 बजे आयोजित की जाएगी। वहीं हाई स्कूल की पूरक परीक्षा 10 जून से आयोजित की गई है। प्रथम हिंदी, 11 को गणित, 12 को उर्दू, 13 को सामाजिक विज्ञान, 14 विज्ञान, 15 को अंग्रेजी, 18 को संस्कृत, 19 को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी, मूक बधिर तथा दृष्टिहीन छात्रों के लिए पेंटिंग, गायन वादन, तबला पखावज, कंप्यूटर और 20 जून को एनएसक्यूएफ( नेशनल स्कील क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क) के समस्त विषय एवं आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस की पूरक परीक्षा प्रात: 8 से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# किसानों से करे जीवंत संपर्क-सीईओ पटले

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित अंतर्गत आने वाली 19 शाखाओं और 126 बहुउद्देशीय पैक्स समितियों के कर्मचारियों की वीसी बुधवार को बैंक मुख्यालय से कलेक्टर व बैंक प्रशासक डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ आरसी पटले द्वारा ली गई। श्री पटले ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की पैक्स समितियों में कंप्यूटराइजेशन संबंधी कार्य पूर्णत: की ओर अग्रसर है। जबकि कुछ समितियों को बैंक मुख्यालय में रुकवाकर कार्य करवाया जा रहा है। जिन्हे मास्टर ट्रेनर, डीसी द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है। वीसी में प्रमुख रूप से पी. जोशी प्रबंधक लेखा, राकेश असाटी विपणन अधिकारी, राजेश नागपुरे फील्ड अधिकारी, आशीष मिश्रा शाखा प्रबंधक मुख्य शाखा, दिलीप लिलाहरे, सारंग बिसेन, रौनक चौकसे, संजय गोले उपस्थित रहे। श्री पटले ने बताया की जिले की सभी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण है किसान अपनी सुविधा से खाद का उठाव कर सकते है। इसके अलावा श्री पटले ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे किसानों से जीवंत रूप से संपर्क करे। साथ ही वसूली पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, डिमांड नोटिस का शत प्रतिशत वितरण करना सुनिश्चित करे। तथा क्रिस योजना, मांग वसूली, खरीफ ऋण वितरण सहित अन्य विषयो पर शाखावार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# सीएम राइज़ विद्यालय बालाघाट में समर कैंप का किया गया शुभारंभ




बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सृजनशीलता एवं कला कौशल जैसी गतिविधियों से उनका सर्वांगीण विकास हो, इसके लिये शैक्षणिक सत्र के दौरान अकादमिक गतिविधियों के अतिरिक्त समय-समय पर विभिन्न गुणवत्तापूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया जाता हैं। जिससे उनमें अन्य कौसलों का विकास हो सके। इसी क्रम में सीएम राइज़ शास वीरांगना रानी दुर्गावती उच्च माध्य विद्यालय बालाघाट में समर कैंप (ग्रीष्मकालीन शिविर) का 01 मई 2024 को शुभारंभ किया गया। ग्रीष्मकालीन शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि रुपकुमार बनवाले अध्यक्ष नूतन कला निकेतन बालाघाट एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीपी अग्रवाल प्राचार्य शास हाईस्कूल निलजी मुख्य रुप से उपस्थित रहें। सर्वप्रथम संस्था प्राचार्य ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यालय की समस्त गतिविधियों पर संक्षिप्त उल्लेख कर ग्रीष्मकालीन शिविर की विस्तृत जानकारी से अवगत कराते हुए बताया कि समर कैंप 01 मई से 15 मई 2024 तक संचालित हैं। शिविर प्रतिदिन प्रात: 07 बजे से 10 बजे तक संचालित होगा। शिविर में नृत्य, गायन-वादन एवं स्पोकन इंग्लिश जैसी गतिविधियां संचालित होगी। विद्यालय के प्रारंभ से वर्तमान तक के विकासक्रम की प्रशंसा करते हुए मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों से कहा कि इच्छुक विद्यार्थी समर कैंप के समापन 15 मई के बाद नूतन कला निकेतन में संचालित गतिविधियों में भाग ले सकतें हैं। इस प्रकार समर कैंप में अंग्रेजी विषय के विशेषज्ञ शिक्षक आशीष श्रीवास्तव, लोकेश मेश्राम, विंदेश्वरी पंचे, वैशाली सातपुते एवं सलिल पाण्डेय द्वारा स्पोकन इंग्लिश, अजय कनौजिया के द्वारा नृत्य, अभिजीत सिंह ठाकुर के द्वारा गायन तथा मयंक बसोने के द्वारा गायन-वादन की कक्षाएं संचालित की जायेगी।

# रामपायली को सीएम राईज विद्यालय बनाने ग्रामीणों ने की मांग

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। मध्य प्रदेश सरकार ने सीएम राइज योजना के तहत सर्व सुविधा युक्त स्कूल प्रारंभ किए हैं । अनेक स्थानों में यह स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पहल को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश सरकार ने उन्नत किस्म के विश्व स्तरीय विद्यालय प्रारंभ कर चुके हैं । जिसमें केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर इन विद्यालयों को प्रारंभ किया गया है । इसमें अंग्रेजी ,हिन्दी दोनों माध्यमों में कक्षाएं संचालित हो रही है । यह स्कूल विश्व स्तरीय सुविधाओं से परिपूर्ण होने के साथ साथ बच्चों को ज्ञान कौशल और नागरिकता के साथ संस्कार देना सुनिश्चित है। जिसमें भारतीय संस्कृति और संस्कारों की भी शिक्षा दी जा रही है ऐसे विद्यालय को जगह जगह खोला गया है । लेकिन सीएम राइज विद्यालय रामपायली में नही खोले जाने से यहां के हजारों छात्र.छात्राओं की शिक्षण व्यवस्था बाधित हो रही है। अगर रामपायली में सीएम राईज विद्यालय प्रारंभ होता है तो नगर को विश्व स्तरीय शिक्षण व्यवस्था की नई सौगात मिलेगी। नगर के पालकों ने बताया कि रामपायली ऐतिहासिक नगरी होने के साथ साथ पच्चीसो ग्राम पंचायत का केंद्र बिंदु है । जहां प्रतिदिन आसपास के हजारों छात्र छात्राओं अध्ययन के लिए पहुंचते हैं और हजारों छात्र.छात्राओं ने अपनी शिक्षण व्यवस्थाएं रामपायली से पूर्ण की है। जहां सीएम राइज विद्यालय प्रारंभ होता है तो नगर के लिए एक बड़ी सौगात होगी। यह विद्यालय गरीब निर्धन छात्र.छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा । जिन्हें लंबी दूरी तय कर आगे की शिक्षण व्यवस्था पूर्ण करने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक पटेल ने रामपायली में सीएम राइज स्कूल प्रारंभ करने के लिए विधायक बनते ही अपने स्तर पर प्रयास जारी कर रखे हैं। जिसमें बताया कि उन्होंने भोपाल विधानसभा के दरमियान शिक्षा मंत्री से प्रत्यक्ष भेंट कर कोचेवाही ,रामपायली और भेंडारा में सीएम राइज विद्यालय का शुभारंभ किया जाने के लिए पत्र देकर वर्ष २०२४-२५ से इसकी शुरुआत करने की मांग रखी है । विधायक पटेल ने बताया कि सीएम राइज विद्यालय रामपायली ,कोचेवाही और भेंडारा में शुभारंभ होता है तो हजारों छात्र.छात्राएं लाभान्वित होंगे । विशेषत: निर्धन छात्र जो लंबी दूरी तय नहीं कर सकते निजी विद्यालयों की सरन में नहीं जा सकते ऐसे छात्र.छात्राओं के लिए सीएम राइज विद्यालय वरदान साबित होगा। रामपायली में सीएम राइज विद्यालय बनाने की मांग सरपंच संदीप बाघमारे ,बीडीसी जगदीश बंसोड़, पूर्व सरपंच नंदलाल परिहार, केवल शिवहरे ,सुमित जायसवाल ,किरण सिंह बैंस ,परमेश्वर दास वैष्णव ,लोकेश तिवारी ,रविशंकर दास वैष्णव, संजयसिंह चौहान, पृथ्वीराज धवलकर ,राजकुमार सिंह ठाकुर ,नागेन्द्र सिंह परिहार ,महेंद्र सिंह परिहार, चुन्नीलाल हिरवाने ,सुरेश गरेटे ,जितेंद्र खरोले ,प्रमेश पाठक ,शैलेंद्र पाठक ,अभिषेक सिंह चौहान ,दामोदर अग्रवाल ,सूर्यकांत जायसवाल, अब्दुल कलिम ,प्रभात अग्रवाल ,भागीरथ अग्रवाल ,युवराज राणा ,कुंज बिहारी दुबे ,सुबोध रुसिया ,पीयूष अग्रवाल ,रामकिशोर अग्रवाल, चैनसिंह बैस सहित अन्य ग्रामीणों ने की है।

## राष्ट्रगान, राष्ट्रीय गीत और मप्र गान गाया गया



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। हर माह की पहली तारीख को कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रगान का आयोजन किया जाता है। बुधवार को 1 मई होने से कलेक्टर कार्यालय स्थित विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने संगीतमय राष्ट्रगान, राष्ट्रीय गीत तथा मप्र गान गाया गया।

# सतपुड़ा कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग एण्ड पॉलिटेक्निक मांझापुर बालाघाट में मजदूर दिवस पर विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिले की तकनिकी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था सतपुड़ा कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग एण्ड पॉलिटेक्निक एवं सतपुड़ा आई.टी.आई. मांझापुर बालाघाट में कानूनी साक्षरता जागरूकता शिविर के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेन्द्र सिंह गुर्जर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय बालाघाट, जितेन्द्र मोहन धुर्वे जिला विधिक सहायता अधिकारी, बसंत डहाके लीगल एण्ड डिफेंस काऊंसिल चीफ, सुश्री प्रियंका शुक्ला लीगल एण्ड डिफेंस काऊंसिल असिस्टेंट., सुश्री कमर सुल्ताना पैरालीगल वालेंटियर, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सतपुड़ा कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग एण्ड पॉलिटेक्निक सभागार में उपस्थित छात्र/छात्राओं, समस्त स्टाफएवं संचालकों की उपस्थिति में अतिथिगणों का स्वागत किया गया। संस्था में अध्ययनरत बी.टेक. कम्प्यूटर साइंस एवं माईनिंग इंजी. ब्रांच के छात्र/छात्राओं द्वारा अतिथिगणों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् कानूनी साक्षरता के अंतर्गत मुख्य अतिथि मान. सुरेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा विभिन्न कानूनों के बारे में छात्र/छात्राओं को विस्तार से समझाया गया। षिविर में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को कानूनी जानकारी दी गई एवं श्रमिकों को उनके कार्य एवं मजदूरी के संबंध में बताया जाकर नालसा की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम में सतपुड़ा इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक तथा सतपुड़ा आई.टी.आई. के छात्र/छात्राओं के साथ कॉलेज एवं आई.टी.आई. स्टाफभी उपस्थित रहा। अंत में डॉ. अशेक कुमार गुप्ता द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।





लामता में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998


# महात्मा गांधी नगर पालिका स्कूल बालाघाट का गिरा रिजल्ट

## कक्षा 10वीं में 60 में 20 तो कक्षा 12वीं में 106 में 15 बच्चे हुए पास

### 13 अतिथि शिक्षक और 3 नियमित शिक्षक होने के बाद भी गणित और भौतिक शास्त्र पढ़ने के लिए नहीं थे शिक्षक - शैलेन्द्र रहांगडाले

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं तथा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है तो वहीं जिले के छात्र-छात्राओं ने जिले सहित प्रदेश की सूची में अपना नाम अंकित कर लिया है किंतु यदि अभी भी जिला मुख्यालय की प्रमुख स्कूलों की बात करें तो यहां का रिजल्ट आज भी बहुत अधिक खराब देखने को मिल रहा है जबकि बताया जा रहा है कि इस बार जिले में अच्छा रिजल्ट आया है किंतु शहर की महात्मा गांधी नगर पालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बात करें तो यहां का रिजल्ट काफी खराब रहा है जिसमें दसवीं का 22 प्रतिशत रिजल्ट रहा है तो 12वीं का मात्र 15 प्रतिशत रिजल्ट रहा है और रिजल्ट गिरने की वजह स्कूल के प्रधानाध्यापक द्वारा नियमित स्टाफ की कमी बताई गई है।**

आपको बता दे की भले ही शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए नित्य नए प्रयास किया जा रहे हो और शासन द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए अनेको योजनाएं चलाई जा रही हो किंतु यदि धरातल पर शिक्षा की स्थिति देखे तो काफी खराब स्थिति दिख रही है इसका ताजा उदाहरण शहर की महात्मा गांधी नगर पालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देखने को मिलता है जहां पर कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं का रिजल्ट काफी खराब रहा है जिसमें कक्षा दसवीं में कुल दर्ज संख्या 60 छात्र-छात्राओं की थी जिसमें मात्र 20 बच्चे ही पास हो पाए हैं और इस अनुसार रिजल्ट महज 22 प्रतिशत रहा है तो वहीं कक्षा 12वीं की बात करें तो कक्षा 12वीं में दर्ज संख्या 106 छात्र-छात्राओं की थी और इसमें मात्र 15 छात्र-छात्रा ही पास हो पाए हैं इस अनुसार कक्षा 12वीं में महात्मा गांधी स्कूल का रिजल्ट 15 प्रतिशत रहा है और जब हमने इतने खराब रिजल्ट के विषय में स्कूल के प्रधान अध्यापक से दूरभाष पर चर्चा किया तो उनका कहना था कि उन्हें स्कूल में नियमित शिक्षक नहीं के बराबर होने के कारण उनके स्कूल का रिजल्ट इतना गिरा है नहीं तो इस प्रकार से इतना खराब रिजल्ट उनके स्कूल का नहीं आता अब देखना होगा कि विभाग द्वारा इतने खराब रिजल्ट को लेकर स्कूल प्रबंधन पर क्या कार्रवाई की जाती है।



#### शहर के प्रमुख स्कूलों में आता है नाम स्कूल का

आपको बता दे की शहर में कुछ ऐसी चिन्हित स्कूल है जो बड़ी संस्थाओं एवं चर्चित स्कूलों में इन स्कूलों का नाम चलता है उसी में एक स्कूल महात्मा गांधी नगर पालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है जो की उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट , रानी दुर्गावती स्कूल , एमएलबी स्कूल जैसी चर्चित स्कूलों में महात्मा गांधी नगर पालिका विद्यालय का नाम आता है और जब रिजल्ट की बात करें तो इतना खराब रिजल्ट कहीं ना कहीं स्कूल की छवि को धूमिल करता है।

#### 13 अतिथि शिक्षक हैं

जिस प्रकार से स्कूल में शिक्षकों की कमी बताई जा रही है उस हिसाब से यदि आकलन किया जाए तो महात्मा गांधी नगर पालिका स्कूल में 13 अतिथि शिक्षक और तीन नियमित शिक्षक इस स्कूल में अपनी सेवाएं देते हैं और जब रिजल्ट की बात आई तो यहां के प्रधान अध्यापक का कहना है कि स्कूल में शिक्षकों की कमी होने की वजह से रिजल्ट गिरा है।

#### अनुसार पढ़ने वाले शिक्षकों की कमी है - शैलेन्द्र रहांगडाले

जब हमारे द्वारा रिजल्ट को लेकर महात्मा गांधी नगर पालिका स्कूल के प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र रहांगडाले से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि उनके स्कूल में नियमित शिक्षकों की कमी होने की वजह से रिजल्ट में अंतर आया है और उनके पास महज तीन ही नियमित शिक्षक है जिसमें वह स्वयं प्रधान अध्यापक है तो दो नियमित शिक्षक मिलाकर तीन नियमित शिक्षक होते हैं और 13 अतिथि शिक्षक हैं किंतु उनके पास विषय अनुसार शिक्षक की कमी होने के कारण रिजल्ट में अंतर आया है और वह अब रिजल्ट में सुधार लाने के लिए अतिथि शिक्षकों की पोर्टल के अनुसार भर्ती करवाएंगे क्योंकि उनके पास विषय अनुसार पढ़ने वाले शिक्षकों की कमी है।

#### गणित और भौतिक शास्त्र पढ़ने के लिए नहीं थे शिक्षक

चर्चा के दौरान श्री रहांगडाले ने यह भी बताया कि भले ही उनके पास तीन नियमित शिक्षक और 13 अतिथि शिक्षक हो लेकिन गणित और भौतिक शास्त्र को पढ़ने के लिए उनके पास शिक्षक नहीं थे जिस कारण से उन्हें बच्चों को शिक्षा अध्ययन करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा एवं इस बार वह पोर्टल के माध्यम से अतिथि शिक्षकों की भर्ती करवाएंगे जिससे निश्चित ही शिक्षा में सुधार आएगा और आने वाले सत्र में रिजल्ट इस प्रकार से नहीं गिरेगा।

# एक 8 वर्षीय बालिका सहित दो लोगों को सांप ने काटा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। वारासिवनी थाना क्षेत्र में एक वर्षीय बालिका सहित दो लोगों को सांप ने काट दिया। सांप के काटने से अस्वस्थ 9 वर्षीय बालिका अनुश्री पिता प्रकाश आरसे ग्राम येका टोला थाना वारासिवनी और सचिन पिता बलराम गजभिए 25 वर्ष हुड़कीटोला पिपरिया थाना वारासिवनी निवासी है। दोनों को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल की शाम 7:30 बजे अनुश्री आरसे ने अपने परिवार के साथ खाना खाई और घर के पीछे आंगन में बर्तन रखने गई थी। तभी वह रोते हुए आंगन से घर में आई और अपनी मम्मी रचना आरसे को सांप काटने की सम्बंध में बताई रचना आरसे ने अनुश्री के दाहिने पैर मैं देखी एड़ी के पास सांप के काटने के दांत के निशान थे। इसके बाद अनुश्री को उसके परिवार वालों ने जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये इसी प्रकार सचिन गजभिए प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा है। 30 अप्रैल की रात 8:30 बजे सचिन घर में खाना खाने के बाद घर के सामने टहल रहा था तभी उसके दाहिने पैर के अंगूठे में सांप ने काट दिया। जिसे उसके परिवार वालों ने प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।

# आज होंगे गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर के प्रथम चरण के प्रशिक्षण

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की मतदान समाप्ति के बाद अब मतगणना की तैयारियां भी प्रारम्भ हो गयी है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार ईव्हीएम और





डाक मत पत्रों मतगणना का कार्य गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर द्वारा किया जाएगा। प्रथम चरण के प्रशिक्षण के लिए समय सारणी जारी कर दी गयी है। साथ ही इस प्रशिक्षण कार्य के लिए चयनित मास्टर ट्रेनर्स को भी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने के लिए आदेशित किया गया है। जिसके अंतर्गत ईव्हीएम हेतु गणना पर्यवेक्षक/सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण प्रथम पाली में सुबह 11 से दोपहर 1:30 तथा द्वितीय पाली 2:30 से 5 बजे तक शा.ज.श. त्रि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट के कक्ष क्रमांक1, 2, 3, 4, 5 व 6 में किया जाएगा । वहीं डाक मतपत्र हेतु गणना पर्यवेक्षक/सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण भी आज ही सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक जिपं बालाघाट के हॉल में सुनिश्चित किया गया है।

#### प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया

गुरुवार से प्रारम्भ हो रहे मतगणना के प्रशिक्षण से पूर्व उत्कृष्ट विद्यालय में बुधवार को मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी व नोडल अधिकारी प्रशिक्षक श्री एके उपाध्याय ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के स्पस्ट निर्देश है कि मतगणना का प्रशिक्षण व्यवस्थित रूप से हो। इसलिये जो प्रशिक्षण देंगे उन्हें भी प्रशिक्षित करना आवश्यक है।

# संग्रहालय में बच्चों संग धरोहर पुरातत्व कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। मध्यप्रदेश टुरिज्म बोर्ड के दिशा निर्देश पर कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा व सीईओ डीएस रणदा के मार्गदर्शन में पर्यटन, पुरातत्व के साथ ही विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा हैं इसी कड़ी में बुधवार 01 मई को शहर के इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय में मजदूर दिवस पर बच्चों संग धरोहर पुरातत्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. रामविजय शर्मा पुरातत्व विद् व सेवानिवृत्त तहसीलदार चांपा (छग) के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में डॉ.सुभाष चंद्र गुप्ता ने अध्यक्षता की। राजेन्द्र कुमार ब्रम्हे, डॉ.कुलदीप बिल्थरे, टुरिज्म मैनेजर एमके यादव, सतीश भारद्वाज विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे। डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष ने सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी ने मजदूरों के योगदान को याद करते हुए उन्हें देश के सर्वांगीण विकास की नींव बताया। वहीं मजदूरों की वर्तमान स्थिति उनके लिए बनाई गई योजनाओं के बारे में भी विचार विमर्श किया गया। डॉ.रामविजय शर्मा ने कहा कि देश के नवनिर्माण व विकास में मजदूरों का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं, जिसे रेखांकित किया जाना ही श्रमिकों का सच्चा सम्मान करना होगा। कार्यक्रम के दौरान ही डॉ शर्मा को विद्या सागर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। बताया गया कि फरवरी में आयोजित कार्यक्रम में वे शामिल नहीं हो पाए थे, इसलिए आज उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले में पर्यटन और पुरातत्व गतिविधियों को बढ़ावा देने और संरक्षण को लेकर भी विचार व्यक्त किए गए। संगोष्ठी में जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट के छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे। संगोष्ठी उपरान्त गोंसाई मंदिर धनसुआ में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन किया गया।



# सीटू और मेडिकल सेल्स के पदाधिकारियों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। हर वर्ष 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस यानी इंटरनेशनल लेबर डे मनाया जाता है. यह दिन दुनिया भर के श्रमिकों और मजदूर वर्ग के योगदान और बलिदान को सम्मानित करने का अवसर है. यह दिवस श्रमिकों के अधिकारों और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए संघर्ष के इतिहास की याद दिलाता है इसी क्रम में मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन और सीटू के पदाधिकारी द्वारा स्थानीय धर्मशाला स्थित सभा हाल में मजदूर दिवस मनाया गया और शिकागो में शहीद हुए श्रमिकों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आपको बता दे की अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुरुआत 1886 में अमेरिका में हुई थी. उस समय मजदूरों को विपरीत परिस्थितियों में ज्यादा लंबे समय तक कम वेतन में काम करना पड़ता था। 1 मई 1886 को, शिकागो में हजारों मजदूरों ने 8 घंटे के कार्य दिवस की मांग के लिए हड़ताल की। यह हड़ताल जल्दी ही हिंसक हो गई, जिसमें कई लोग मारे गए और घायल हुए। इस घटना के बाद, 1889 में दूसरे अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी कांग्रेस ने 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया. तब से यह दिन दुनिया भर के श्रमिकों द्वारा मनाया जाता है मजदूर दिवस श्रमिकों के योगदान को याद दिलाता है, जो समाज के निर्माण और विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। यह दिवस श्रमिकों के अधिकारों, जैसे कि उचित वेतन, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियां, और सामाजिक सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है. यह दिवस श्रमिक संगठनों को मजबूत करने और श्रमिकों के अधिकारों के लिए एकजुट होने का अवसर प्रदान करता है. बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए संघर्ष करना यह दिवस हमें बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए संघर्ष करने और सभी श्रमिकों के लिए न्याय और समानता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। इस दिन को मई दिवस या श्रमिक दिवस के नाम से भी जाना जाता है। भारत में यह दिन श्रमिकों के अधिकारों और कल्याण के लिए कई कार्यक्रमों और रैलियों का आयोजन करके मनाया जाता है. इसी क्रम में मेडिकल सेल्स के कर्मचारी और सीटू के पदाधिकारी द्वारा स्थानीय बस स्टैंड स्थित धर्मशाला में मजदूर दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मेडिकल सेल्स के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उन्होंने मजदूर दिवस के अवसर पर सुबह से ही शहर में कार्यक्रम आयोजित किया और शहर के चौक चौराहों में अपने पदाधिकारी के जरिए आमजन को मजदूर दिवस की याद दिलाए और दोपहर 1200 बजे झंडा रोहण कर एक सभा आयोजित की गई जिसमें शिकागो में हुए घटनाक्रम की जानकारी देते हुए वहां हुए शहीद हुये मजदूर भाइयों को याद किया गया की किस प्रकार उन्होंने अपने हक अधिकार के लिए आंदोलन किया और आज देखा जाए तो समझ में फिर 8 घंटे से अधिक मजदूर वर्ग से कम लिया जा रहा है जिसके लिए वह आवाज उठाएंगे और उसके लिए रणनीति बनाते हुए उन्होंने बैठक आहूत की है।




# अवैध रूप से कच्ची शराब रखने के आरोप में गोलू उर्फ प्रेरित को 2 वर्ष की सश्रम कारावास- 30 हजार रुपये अर्थदंड

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनीष कुमार सिंह की अदालत ने अवैध रूप से शराब रखने के मामले में आरोपी गोलू उर्फ प्रेरित पिता राजेश मेश्राम 26 वर्ष को 2 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। खैरलांजी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम फूलचूर निवासी इस आरोपी के पास से 55 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जप्त की गई थी। विद्वान अदालत ने इस आरोपी को दो वर्ष की सश्रम कारावास के अलावा 30 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किये है। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एवं मीडिया प्रभारी सुश्री रीता यादव ने बताया कि 4 दिसंबर 2021 को थाना खैरलांजी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक उमेश दियेवार को ग्राम गस्त के दौरान ग्राम भंडारबोडी में मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि फूलचूर निवासी गोलू उर्फ प्रेरित मेश्राम अधिक मात्रा में हाथ भट्टी की कच्ची शराब अवैध रूप से अपने घर के बाजू में बाड़ी में रखा है। सहायक उप निरीक्षक उमेश दियेवार ने उक्त सूचना को थाना प्रभारी को अवगत करवाते हुए अपने स्टाफ के साथ सूचना तस्वीर हेतु ग्राम फुलचुर मौके पर गए। जहां आरोपी गोलू उर्फ प्रेरित मेश्राम घर के सामने मिला। जिसके घर के बाजू की बाड़ी में तलाशी के दौरान पांच नग प्लास्टिक की जरीकेन में 10 लीटर तथा एक जरीकेन में 5 लीटर कल 55 लीटर हाथ भट्टी की महुआ निर्मित शराब पाई गई। इस शराब को आरोपी गोलू उर्फ प्रेरित मेश्राम बेचने की फिराक में था। आरोपी गोलू उर्फ प्रेरित से पूछताछ करने पर उसने शराब रखने के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। इस मामले में आरोपी गोलू उर्फ प्रेरित मेश्राम के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर उसे इस अपराध में गिरफ्तार किया गया और विवेचना उपरांत अभियोग पत्र विद्वान अदालत में पेश किया गया था। यह मामला मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनीष कुमार सिंह बालाघाट की विद्वान अदालत में चला। जहां पर अभियोजन पक्ष आरोपी गोलू उर्फ प्रेरित मेश्राम के विरुद्ध आरोपित अपराध सिद्ध करने में सफल रहा। जिसके परिणाम स्वरुप विद्वान अदालत ने मामले की समस्त परिस्थितियों को देखते हुए आरोपी गोलू उर्फ प्रेरित मेश्राम को धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध में दोषी पाते हुए उसे 2 वर्ष की सश्रम कारावास और 30 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किये। इस मामले में जिला अभियोजन अधिकारी कपिल कुमार डहेरिया के मार्गदर्शन में अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी निशांत अग्रवाल द्वारा की गई थी।

# योग शिविर का हुआ शुभारंभ

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। योग आयोग समिति बालाघाट द्वारा आयोजित 1 मई से 10 मई तक योग शिविर के कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम मॉल में संरक्षक श्री सुभाष गुप्ता एवं अर्जुन समोदिया मुख्य प्रशिक्षक दशरथ बिसेन अध्यक्ष तपेश असाटी की उपस्थिति में किया गया। योग करो रहो निरोग को लेकर विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों द्वारा आज एक बड़ी संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य के महत्व को समझकर योग का प्रशिक्षण लेना प्रारंभ किया। कार्यक्रम को लेकर अध्यक्ष तपेश असाटी ने कहा बालाघाट में योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के लिए लगातार अलग-अलग स्थान पर कैंप लगाए जाएंगे एवं स्कूल और कॉलेज में भी बहुत जल्द स्वास्थ्य को लेकर जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक पूजा अग्रवाल प्रशिक्षक जूहीता परमार पूजा परमार सरला असाटी ममता पिपलेवार लीना माधवनी आशीष मिश्रा लक्ष्मीकांत गोधे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




# 6 सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बुधवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी गजेंद्र कठाने ने बताया कि बुधवार को 6 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 626 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखें गए। इस दौरान एडीएम जीएस धुर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी केसी ठाकुर, पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी गजेंद्र कठाने तथा राजनितिक पार्टी से भाजपा के संजय अग्निहोत्री, बीएसपी से गगन सोनी, निर्दलीय हिमांशु सिंह कोहराम तथा पोस्टमेन राकेश उइके उपस्थित रहे।



# द बालाघाट पब्लिक स्कूल में राज्य स्तरीय मेरिट सूची में आठवां स्थान प्राप्त करने पर भूमिका के साथ साक्षी का किया गया सम्मान


बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। माध्यमिक शिक्षा मंडल हायर सेकेंडरी परीक्षा 2024 में राज्य स्तरीय मेरिट सूची में आठवें स्थान पर चयनित छात्र कुमारी भूमिका बिलघईया का द बालाघाट पब्लिक स्कूल बालाघाट में संपूर्ण शाला परिवार के ओर से सम्मान किया गया । इस अवसर पर भूमिका के पिता श्री यादोराव बिलघईया एवं समक्ष समस्त शिक्षक उपस्थित थे। इस अवसर पर भूमिका ने बताया कि उनकी उपलब्धि का श्रेय बालाघाट पब्लिक स्कूल के समस्त शिक्षक गणों, प्रिंसिपल मैडम एवं परिवार में अपनी बहनों को देना चाहती हूं । भूमिका के पिता श्री ने बताया कि की उनकी तीन बेटियां इसी स्कूल में पढ़कर आगे बढ़ी है। स्कूल के प्रोत्साहन से ही आज यह उपलब्धि उनकी बेटी ने प्राप्त किया संस्था प्राचार्य श्रीमती चित्ररेखा राहंगडाले ने बताया की भूमिका ने केवल स्कूल में अपनी पढ़ाई की है और यहां के शिक्षकों ने जो मेहनत की उसका ही फल है कि आज हमें राज्य स्तर पर 8 वा स्थान मिला है। इस अवसर पर गणित संकाय में सर्वोच्च अंक अर्पित करने पर छात्रा साक्षी पारधी को भी सम्मानित किया गया। इस छात्रा ने सूची में केवल एक विषय के कारण प्राप्त नहीं किया। बाकी समस्त चार विषयों में उसे 99, 99, 96 ,92 अंक प्राप्त हुए हैं साक्षी पारधी ने बताया कि उनके उस विषय में भी 97 अंक मिलनी चाहिए थे साक्षी पारधी को 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं । शाला परिवार के समस्त शिक्षक गणों ने दोनों बालिकाओं को अपना आशीष प्रदान कर उत्तरोत्तर उन्नति की शुभकामनाएं दी ।



# यमदूत बनकर हाईवे मार्ग में धमाचौकड़ी मचा रहे आवारा मवेशी

## सड़क में बैठने से यातायात हो रहा प्रभावित, दुर्घटनाओं को दे रहे आमंत्रण, आवारा मवेशी किसानों की फसल को भी कर रहे बर्बाद, किसानों में आक्रोश व्याप्त

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से होकर गुजरे बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग के अलावा हाई स्कूल मार्ग, गुजरी पहुंच मार्ग, अमोली-समनापुर राज्य मार्ग व सर्राटी नदी पुल सहित ग्राम पंचायत कंजई से लेकर गर्रा तक जगह-जगह आवारा मवेशी यमदूत बनकर घुम रहे है एवं धमाचौकड़ी मचा रहे है जिससे आवागमन प्रभावित होने के साथ ही दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है और इन आवारा मवेशियों के धमाचौकड़ी के चलते रोजाना हादसे भी घटित हो रहे है। साथ ही किसानों के द्वारा रबी सीजन में धान की फसल लगाई गई है जिसे भी आवारा मवेशी रात्रि के समय खेतों में पहुंचकर धान की फसल को भी नुकसान पहुंचा रहे है जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा इन आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजने की कार्यवाही की नही जा रही है। जिससे सबसे अधिक परेशानी राहगीरों व किसानों को हो रही है जिसके कारण लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। आपकों बता दे कि इन दिनों नगर मुख्यालय में आवारा मवेशियों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है जिनके द्वारा हाईवे मार्ग में शांति नगर स्थित मजार के पास, हाईस्कूल रोड, सर्राटी नदी पुल, जैन स्थानक भवन के सामने सहित अन्य स्थानों में धमाचौकड़ी करने के साथ ही सड़क के बीचों-बीच बैठकर आराम किया जाता है। जिसके कारण मार्ग से गुजरने वाले चौपहिया-दुपहिया वाहनों, साइकिल चालकों व पैदल आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानी होती है। साथ ही ये आवारा मवेशी रास्ते के बीचों-बीच झुंड बनाकर खड़े हो जाते है जिससे परेशान वाहन मालिकों को गुजरते समय इन आवारा पशुओं को हटाने हेतु अपने वाहन का हार्न बजाना पड़ता है एवं कई बार तो ऐसी स्थिति बन जाती है कि ये मवेशी रास्ते से हटने को तैयार नही होते। जिसके कारण रास्ता जाम होने की स्थिति बन जाती है, साथ ही दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है। साथ ही वर्तमान समय में वैवाहिक कार्यक्रमों का दौर चल रहा है जिसके चलते शाम से लेकर देररात्रि तक लोगों का हाईवे मार्ग सहित अन्य मार्गों से आवागमन होते रहता है परन्तु रोड़ के बीच व किनारे में आवारा मवेशी खड़े व बैठे रहने के कारण आने-जाने वालों को परेशानी हो रही है एवं दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा इन आवारा मवेशियों के मालिकों पर कोई कार्यवाही नही की जा रही है। इसलिए वे बेझिझक होकर अपने मवेशियों को खुला छोड़ दे रहे है जो राहगीरों व ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनते जा रहे है। नगर के जागरूक नागरिकों ने ग्राम पंचायत पांढरवानी-लालबर्रा, सहित हाईवे रोड़ किनारे स्थित पंचायतों के सरपंच, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग से धर-पकड़ अभियान चलाकर आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला भिजवाकर पशु मालिकों पर वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की है।





### आवारा मवेशी फसल को कर रहे बर्बाद


नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पनबिहरी, औल्याकन्हार, मानपुर, पांढरवानी, कटंगटोला, रामजीटोला, अमोली में किसानों के द्वारा अपने खेतों में रबी धान की फसल लगाई गई है परन्तु आवारा मवेशी रात्रि के समय खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। साथ ही किसानों के द्वारा अपनी फसलों में लगी बीमारी की रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाई का भी छिड़काव किया जाता है जिसके सेवन से भी पूर्व में मवेशियों की मौत भी हो चुकी है उसके बावजूद भी पशु मालिक अपने मवेशियों को खुल छोड़ दे रहे है।

### प्रशासन आवारा मवेशियों को पकड़कर भेजे गौशाला

लालबर्रा मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी आवारा मवेशी सड़कों पर घुमते रहते है जिससे आवागमन भी बाधित होता है साथ ही फसलों को भी नुकसान पहुंचाते है। पूर्व में सभी ग्राम पंचायतों में आवारा मवेशियों के लिए कांजी हाऊस हुआ करते थे जहां पर किसान अपनी खेतों की नुकसानी करने वाले आवारा मवेशियों को लाकर बंद कर देते थे जिन्हे पशु मालिक के द्वारा जुर्माना की राशि देकर छुड़ाया जाता था। जिससे पशुमालिक अपने पशुओं को आवारा छोड़ने से बचते थे और अपने पशुओं को सुरक्षित घर पर ही बांधकर रखते थे परन्तु वर्तमान समय में अधिकांश पंचायतों में कांजी हाऊस नजर नही आ रहा है। जिसके कारण भी पशुमालिक अपने मवेशियों को खुला छोड़ रहे है और यही मवेशी नगर मुख्यालय सहित ग्राम पंचायत कंजई से लेकर गर्रा हाईवे मार्ग में जगह-जगह शाम के बाद धमाचौकड़ी मचाते हुए नजर आ रहे है। साथ ही आवारा मवेशियों के धमाचौकड़ी के कारण पुर्व में दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है जिससे कई लोग काल के गाल में समा चुके है और वर्तमान समय में भी रोजाना छोटी-मोटी दुर्घटनाएं घटित हो रही है। उसके बावजूद भी प्रशासन आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजने एवं पशु मालिकों पर कोई कार्यवाही नही कर रहे है जिससे सभी में आक्रोश व्याप्त है।

### दुर्घटना को आमंत्रण देते है आवारा मवेशी - सिलेकर


डीपी सिलेकर ने बताया कि कंजई से लेकर गर्रा तक हाईवे मार्ग पर आवारा मवेशियों का आतंक बना रहता है यानि धमाचौकड़ी मचाते नजर आते है जिसके कारण बड़े, छोटे वाहन चालकों को बहुत परेशानी होती है एवं सड़कों पर जाम भी लग जाता है क्योंकि ये हटते नही है ऐसी स्थिति में दुर्घटनाएं घटित होने की संभावना बनी रहती है। साथ ही यह भी बताया कि लालबर्रा मजार से लेकर सर्राटी नदी तक



रोड़ के बीच में आवारा मवेशी बैठे रहते है और वर्तमान समय में लग्नसरा का दौर जारी है और लोगों का आवागमन अधिक हो रहे है परन्तु आवारा मवेशी जो रोड़ में यमदुत बनकर बैठे रहते है उनके कारण हादसे भी घटित हो रहे है और ये आवारा मवेशी दुर्घटना को आमंत्रण देते है। श्री सिलेकर ने बताया कि नगर मुख्यालय में एकमात्र कांजी हाऊस था उसे तोड़कर काम्पलेक्स का निर्माण कर दिया गया है और आवारा मवेशियों को बंद करने के लिए कोई दुसरा स्थान भी नही है इसलिए प्रशासन से मांग है कि आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला वारासिवनी भेजे।

### पंचायतों के कांजी हाऊस बंद पड़े हुए है - तुलसीराम

तुलसीराम बोपचे ने बताया कि पशु मालिकों के द्वारा अपने पशुओं को आवारा छोड़ दिया जाता है और वे मार्गों में बैठकर घुमते रहते है जिसके कारण मार्ग से आने-जाने वालों को परेशानी होती है। साथ ही कई बार राहगीर व ग्रामीण दुर्घटना के शिकार भी हो चुके है और हर समय दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। श्री बोपचे ने बताया कि आवारा मवेशी रात्रि के समय किसानों की फसल को भी



नुकसान पहुंचा रहे है और रोड़ में बैठकर आवागमन को भी प्रभावित करते है। साथ ही यह भी बताया कि आवारा मवेशी फसल को नुकसान पहुंचाते थे तो पूर्व में उन्हे कांजी हाऊस में बंद किया जाता था और पशुमालिक जुर्माना देकर छुड़ाकर लाता था परन्तु वर्तमान में सभी पंचायतों में कांजी हाऊस बंद पड़े हुए है ऐसी स्थिति में आवारा मवेशी को बंद भी नही कर पा रहे है।

### आवारा मवेशियों को गौशाला भेजकर मालिकों पर की जाये कार्यवाही - सुनील

सुनील अवधवाल ने बताया कि रोजाना आवारा मवेशी दर्जनों की संख्या में हाईवे रोड़ सहित अन्य मार्गों पर झुंड बनाकर घूमते रहते हैं जिससे आये दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है। जबकि पूर्व में प्रशासन के द्वारा मुनादी भी करवाई गई थी कि किसी भी पशु मालिक के द्वारा यदि अपने पशुओं को आवारा छोड़ा जाता है तो उन पर कार्रवाई की जायेगी लेकिन उसके बाद भी पशु मालिक



लापरवाही बरत रहे हैं और अपने मवेशियों को खुले में छोड़ देते हैं जिसके कारण राहगीर, ग्रामीण व किसान सभी परेशान है। श्री अवधवाल ने बताया कि आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी से हादसे भी हो रहे है इसलिए पंचायत एवं प्रशासन से मांग है कि आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला वारासिवनी भेजे एवं पशु मालिकों पर कार्यवाही करें।

### पशु मालिकों पर की जायेगी कार्यवाही - अनीस

दूरभाष पर चर्चा में ग्राम पंचायत पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि पूर्व में पंचायत के द्वारा १८ आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा गया था परन्तु वर्तमान समय में जानकारी मिल रही है कि पुन: आवारा मवेशी नगर मुख्यालय में धमाचौकड़ी मचा रहे है जिससे दुर्घटनाएं घटित हो रही है एवं किसानों की फसल को भी नुकसान पहुंचा रहे है। पशु मालिकों



से अपील है कि वे अपने मवेशियों को सुरक्षित रखे अन्यथा उन्हे पकड़कर गौशाला भेजने के साथ ही पशु मालिकों पर कार्यवाही की जायेगी।

# अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगाने की मांग को लेकर द्रोपता ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन


लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १२ किमी. दूर ग्राम पंचायत कंजई के कंजईटोला




निवासी द्रोपताबाई मरकाम ने ग्राम के सोमा बोहने पर खेत से लगे नाले से अवैध रेत उत्खनन करने का आरोप लगाते हुए १ मई को तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अवैध रेत उत्खनन करने वाले व्यक्ति पर कार्यवाही कर उत्खनन पर रोक लगाने की मांग की है। चर्चा में शिकायतकर्ता श्रीमती द्रोपताबाई मरकाम ने बताया कि कंजई कुकड़ा नाला के समीप हमारी करीब दो एकड़ की खेती है परन्तु ग्राम का सोमा बोहने के द्वारा हमारी खेती से लगे नाले से अवैध रूप से ट्रेक्टर से रेत का परिवहन किया जा रहा है और नाले में उत्खनन होने से नाले की गहराई बढ़ रही है। जबकि किसानों को नाले के अंदर से ही आना पड़ता है और नाले से ही आने-जाने का रास्ता है परन्तु नाले की गहराई अधिक होने से आने जाने व कृषि यंत्र ले जाने में हम लोगों को परेशानी होगी। श्रीमती मरकाम ने बताया कि खेत के समीप स्थित नाले से रेत ले जाने के लिए श्री बोहने को मना करते है तो वह नही मान रहा है और जबरदस्ती रेत लेकर जा रहा है इसलिए आज तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगाने व रेत लेकर जाने वाले पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं तहसीलदार ने शिकायतकर्ता को कार्यवाही करने आश्वास्त किया है।


## बांदरी के पूर्व सरपंच की पत्नि का निधन, अंत्येष्टि आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से ११ किमी. दूर ग्राम पंचायत बांदरी के पूर्व सरपंच, भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष खगलाल ठाकरे की धर्मपत्नि ५२ वर्षीय श्रीमती रंजना ठाकरे का १ मई को दोपहर ३ बजे हद्यगति रूक जाने से दु:खद निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार २ मई को प्रात: ११ बजे स्थानीय मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में किया जायेगा। चर्चा में ग्राम पंचायत बांदरी सरपंच व्यंकटराव रहांगडाले ने बताया कि बांदरी के पूर्व सरपंच, भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष, निष्ठावान कार्यकर्ता खगलाल ठाकरे की धर्मपत्नि श्रीमती रंजना ठाकरे अस्वस्थ्य थी और स्वास्थ्य लाभ ले रही थी परन्तु बुधवार को अचानक तबियत खराब होने एवं हद्यगति रूक जाने से दोपहर ३ बजे दु:खद निधन हो गया। निधन की खबर लगते ही चित-परिचितों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्व. श्रीमती रंजना ठाकरे सरल, स्वभाव व मृदुभाषी की धनी थी, अपने पीछे भरापुरा परिवार छोड़ गई है। स्व. श्रीमती रंजना ठाकरे का २ मई को प्रात: ११ बजे बांदरी के मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में अंतिम संस्कार किया जायेगा।



# सर्राटी जलाशय नहर एवं चिचगांव के क्षतिग्रस्त पुल का एसडीएम व विभागीय अधिकारियों ने किया निरीक्षण

## नहर का लाईनिंग कार्य एवं पुलिया का निर्माण गुणवत्तापूर्ण करने के दिये निर्माण कंपनी को निर्देश, बनाई गई कार्ययोजना





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ८ किमी. दूर ग्राम पंचायत टेकाड़ी ला. स्थित सर्राटी जलाशय से निकली माइनर नहर का करोड़ों रूपयों की लागत से सीमेन्टीकरण का कार्य किया जा रहा है परन्तु इस निर्माण कार्य में निर्माण कंपनी के द्वारा अनियमितता बरती जा रही है जिसके कारण कुछ स्थानों पर दरारे भी आ चुकी है और नवीन पुलिया का निर्माण नही किया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत चिचगांव स्थित पुल भी पिछड़े वर्ष की तेज बारिश व बाढ़ आने से क्षतिग्रस्त हो चुकी है जो किसी भी समय ढह सकता है जिससे लोगों का आना-जाना बंद हो सकता है। उक्त समस्या को लेकर विगत दिवस अखबारों में समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद विभागीय अधिकारी हरकत में आये और १ मई को एसडीएम वारासिवनी, जल संसाधन विभाग, पीएचई विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के द्वारा किसानों के साथ सर्राटी जलाशय डेम, आरबीसी के तहत निर्माणाधीन नहर का लाईनिंग कार्य, क्षतिग्रस्त पुल सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों ने विभागीय अधिकारियों को अवगत करवाया कि नहर का सीमेन्टीकरण किया गया है परन्तु नवीन पुलिया का निर्माण नही किया गया है साथ ही निर्माण कार्य में अनियमितता भी बरती गई है जिसके कारण नहरों में दरारे आने लगी है। ऐसी स्थिति में सीमेन्टीकरण नहर जल्द खराब हो जायेगी और चिचगांव व खैरगोंदी के बीच सर्राटी नदी के ऊपर बने पुल भी पिछले वर्ष की तेज बारिश व नदी में बाढ़ आने से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जो इस वर्ष नदी में बाढ़ आती है तो टूट जायेगी इसलिए पुल का मरम्मत एवं नहरों में जगह-जगह नवीन पुलिया का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण करवाने की मांग की है। जिस पर विभागीय अधिकारियों ने किसानों को आश्वास्त किया है कि नहर का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण किया जा रहा है एवं जिन स्थानों पर नहर में पुराने पुलिया है उस स्थान पर नवीन पुलिया का निर्माण किये जाने की बात कही है। साथ ही सीमेन्टीकरण नहर व पुलिया का कार्य गुणवत्तापूर्ण किये जाने ठेकेदार को निर्देशित भी किया गया। चर्चा में जल संसाधन विभाग बालाघाट के ईई उदयसिंह परस्ते ने बताया कि एसडीएम महोदय एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बुधवार को सर्राटी जलाशय डेम, नहर का सीमेन्टीकरण कार्य, क्षतिग्रस्त पुल स्थल का निरीक्षण किया गया है और आगे क्या करना है उसकी कार्ययोजना तैयार की गई है। साथ ही यह भी बताया कि पूर्व में नहर के सीमेन्टीकरण कार्य में अनियमितता की शिकायत मिली थी जिसके बाद निर्माण कंपनी के द्वारा कार्य में सुधार कर दिया गया है और नहर में जहां-जहां पुलिया है उस स्थान पर नवीन पुलिया का निर्माण किया जायेगा। इस निरीक्षण के दौरान एसडीएम राजीव रंजन पांडे, जल संसाधन विभाग बालाघाट के ईई उदयसिंह परस्ते, एसडीओं श्लेषा डोंगरे, पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री डीएल उइके सहित अन्य विभागों के अधिकारी, उपयंत्री सहित किसानगण उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त होने पर शिक्षक नरेन्द्र गौतम को दी गई विदाई

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से १५ किमी. दूर ग्राम पंचायत कोपे स्थित एकीकृत शासकीय माध्यमिक स्कूल में ३० अप्रैल को विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय हाई स्कूल कोपे प्राचार्य एमके जैन, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल नेवरगाव वा. प्राचार्य श्रीमती भारतकर एवं सेवानिवृत्त शिक्षक नरेन्द्रकुमार गौतम एवं अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया तत्पश्चात उपस्थितजनों ने शिक्षक नरेन्द्रकुमार गौतम का तिलकवंदन एवं उपहार भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करने के साथ उन्हे विदाई दी गई। कार्यक्रम को संबोधित




करते हुए शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षक नरेन्द्रकुमार गौतम के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षक नरेन्द्रकुमार गौतम ने कहा कि मेरे द्वारा बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने का काम किया गया है और यह कार्य सभी शिक्षकों के साथ मिलकर किया है। साथ ही यह भी कहा कि नौकरी के चलते बहुत कुछ सीखने को भी मिलता है इसलिए शिक्षकों से अपील है कि वे बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर मार्गदर्शन भी समय-समय पर देते रहे जिससे उनका भविष्य बेहतर बन सके। इस अवसर पर एकीकृत शासकीय माध्यमिक स्कूल कोपे के प्रधानपाठक पीएल परिहार सहित अन्य शिक्षकगण, सरपंच, उपसरपंच, पंच, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# नगर के मंदिर में फिर अज्ञात चोरों ने की चोरी की वारदात

## नगर वासियों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश





**वारासिवनी ( पद्मेश न्यूज )। नगर सहित क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदात बढ़ती ही जा रही है जहां पुलिस इस बढ़ती चोरी की वारदातों में अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। इसी कड़ी में फिर एक बार नगर के वार्ड नंबर ३ स्थित शिव मंदिर में अज्ञात चोरों के द्वारा ३० अप्रैल की देर रात चोरी की वारदात की गई। जिससे वार्डवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है उक्त मंदिर में बीते करीब १० दिनों में यह दूसरी चोरी होना बताया जा रहा है। जिसमें इसके पहले हनुमान जन्मोत्सव की रात्रि में माता मंदिर से चांदी का मुकुट की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा की गई थी। वहीं ३० अप्रैल की रात में दान पेटी से रुपए की चोरी की गई है। जिसमें घटना की जानकारी वार्ड वासियों के द्वारा पुलिस को दी गई तो पुलिस ने मौका निरीक्षण कर जांच प्रारंभ कर दी है।**

### यह है मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर ३ निवासी चित्रेश पवार के मकान के पास में वार्ड वासियों के द्वारा मां जगत जननी भगवान भोलेनाथ एवं भगवान हनुमान जी का मंदिर है। जहां पर उक्त वार्डवासियों की आस्था जुड़ी हुई है जो लगातार मंदिर में विभिन्न आयोजन कर भक्ति भाव के साथ विभिन्न पर्व मनाते हैं। उक्त मंदिर को प्रतिदिन सुबह खोला जाता है और रात्रि में बंद कर दिया जाता है। इसी कड़ी में ३० अप्रैल की रात में तीनों मंदिरों को बंद कर दिया गया था और सभी अपने घरों में खाना खाकर सो गए थे। जिसके बाद सुबह वार्डवासी घूमने के लिए निकले तो देखा कि शिव मंदिर का ताला खुला हुआ है और दान पेटी के कुंदे उखड़े हुए हैं । जिसकी जानकारी उनके द्वारा वार्डवासियों को दी गई । जिन्होंने आकर देखा तो अज्ञात चोरों के द्वारा रात्रि में दान पेटी तोड़कर उसमें से रुपए की चोरी की गई है। यह घटना में संदिग्ध व्यक्ति सीसीटीवी कैमरे में कैद होना बताया जा रहा है। तो वहीं गत दिनों पूर्व मनाए गए हनुमान जन्मोत्सव की रात्रि में मंदिर में हर्ष उल्लास के साथ उत्सव मनाया गया और रात्रि में सभी अपने घर चले गए। सुबह जब आकर देख तो बिना ताला खोले माता मंदिर में विराजित मां भगवती की प्रतिमा पर चांदी का मुकुट लगाया गया था वह अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया था। इन दोनों चोरी में देखने में आया कि चांदी के मुकुट चोरी के समय मंदिर का ताला नहीं खोला गया और शिव मंदिर का ताला खोला गया जिसे तोडा नहीं गया। जिससे इस चोरी में अनुभवी व्यक्ति का हाथ होने की आशंका वार्डवासियों के द्वारा जाहिर की जा रही है। तो वहीं इस प्रकार हो रही चोरियों पर अंकुश लगाकर कठोर कार्यवाही करने की मांग पुलिस से की जा रही है।

### लगातार बढ़ती जा रही चोरी की वारदात

वारासिवनी नगर एवं क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदात बढ़ती जा रही है अभी कुछ दिनों पहले ही नगर के वार्ड नंबर २ आंबेडकर मंगल भवन परिसर स्थित सम्राट अशोक बौद्ध बिहार में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की वारदात की गई थी। उसके बाद वार्ड नंबर ३ के मंदिर में चोरी की वारदात की गई है । इस प्रकार क्षेत्र में भी चोरी की वारदात होते जा रही है परंतु उक्त चोरियों पर पुलिस पूरी तरह अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। तो वहीं लगातार चोरों के हौसले भी बुलंद होते जा रहे हैं ,जो चोरी की वारदात को करने में पीछे नहीं हट रहे हैं । इस प्रकार की चोरी की वारदातें पुलिस प्रशासन की सक्रियता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रही है।

### इसी मंदिर में १० दिन में दूसरी बार चोरी हुई -रोमी मिश्रा

वार्डवासी रोमी मिश्रा ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि हमारे यहां मां भगवती का मंदिर है । जिसमें ८ दिन पहले ताला लगा हुआ है और चांदी का मुकुट अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया था। जिसकी कीमत करीब १० हजार रुपए की रही होगी। फिर रात्रि में दान पेटी का ताला तोड़कर अंदर से रुपए की चोरी कर



ली गई है । जिसमें अंदाजा तो नहीं है क्योंकि वह दान पेटी वर्षों से बंद थी फिर भी ५००० रुपए करीब रहे होंगे क्योंकि भक्त अपनी आस्था के अनुसार दान डालते हैं। हम जब सुबह घूमने के लिए निकले तब देखा की शिव मंदिर का ताला खुला हुआ है । किसने किया यह हम कह तो नहीं सकते हैं पर सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति रात में ३ बजे सफेद शर्ट काला पेंट गमछा लपेट था। उसका चेहरा नहीं दिखा पर इतनी रात को वह वहां घूमने गया तो शक होगा १० दिन में यह दूसरी चोरी है जो अज्ञात चोरों ने की है।

### चोरो को पकड़ने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है- संजय घोरमारे


वार्डवासी संजय घोरमारे ने बताया कि अभी तक पुलिस हमारे यहां आई नहीं है गस्त भी नहीं हो रही है। और आज तक मैंने कभी देखा नहीं पर इस प्रकार चोरी होती है तो पुलिस को अपनी उपस्थिति बनाना चाहिए जिससे कि हमारे अंदर का डर खत्म हो सके। मेरा घर मंदिर से लगा हुआ है पर रात्रि में कोई आवाज नहीं



आई ताला को हथौड़े से तोड़ा नहीं गया है । शायद उसे चालाकी से खोला गया है चाबी तो घर वालों के पास रखी थी जिसे शातिर चोरो ने खोला है। क्योंकि ताले पर कोई हथौड़ी के निशान नहीं है हम सब ने देखा ताला खुला था । इस प्रकार क्षेत्र में चोरियां हो रही है जिसमें पुलिस की स्थिति स्पष्ट समझ नहीं आ रही है।

# बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान आज

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज) । मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा सत्र २०२३-२४ की कक्षा १० वीं एवँ कक्षा १२ वीं की बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल अंक पाकर उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों का आज २ मई को स्थानीय पवार मंगल भवन में विधायक विवेक पटेल के द्वारा सम्मानित किया जाएँगा। विधायक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले सभी सरकारी एवँ निजी शिक्षण संस्थानों के करीब २५० से अधिक विद्यार्थियों



जिन्होंने कक्षा १० वीं एवँ कक्षा १२वीं की बोर्ड परीक्षाओं में ८५ प्रतिशत से अधिक अंक लाकर अपने पालकों स्कूल और विधानसभा क्षेत्र का नाम रौशन करने वाले बच्चों का सम्मान विधायक विवेक पटेल के हस्ते होंगा। सम्पूर्ण विधानसभा स्तर पर मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान क्षेत्र के विधायक के द्वारा किया जा रहा हैं । जो अनुकरणीय हैं विद्यार्थियों के इस सम्मान से निश्चित ही विद्यार्थियों को पढ़ाई के क्षेत्र में और भी बेहतर से बेहतर करने की प्रेरणा मिलेंगी।

# सीएम राइज स्कूल में ग्रीष्म कालीन शिविर प्रांरभ

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। सी एम राईज स्कूल में १ मई २०२४ से १५ मई २०२४ तक कक्षा एक से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए योग,ध्यान प्राणायाम, खेलकूद, नृत्य, संगीत चित्रकला आदि से संबंधित पंद्रह दिवसीय ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन शिविर का शुभारंभ शाला प्रांगण में आयोजित किया गया। इस दौरान भेजेंद्र चौधरी, प्रणय श्रीवास्तव पंचम हनवत,हूमराज पटले , कमल टेंभरे की मौजूदगी में प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्व प्रथम मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर तिलक वंदन किया गया । प्रभारी प्राचार्य हुमराज पटले ने बताया कि शासन के निर्देश पर जबलपुर संभाग के सभी सीएम राईज स्कूल में १ मई से १५ मई तक प्रातः ८ से ११ बजे तक समर कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें किताबों से अलग व्यवहारिक एवं नैसर्गिक ज्ञान की प्राप्ति के साथ ही ललित कला के प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण का अभ्यास होगा ।इसके बाद अतिथियों के द्वारा विद्यालय की पूर्व छात्रा एवं राष्ट्रीय स्तर पर योग की उत्कृष्ट साधिका तनु काटे का प्राचार्य के माध्यम से अभिनंदन किया गया । भेजेंद्र चौधरी ने बताया कि विद्या ग्रहण करने की बात की एवं योग अभ्यास से होने वाले लाभ बताए ,साथ ही यज्ञ संस्कृति के संबंध में जानकारी देते हुए सभी को शिविर का लाभ उठाकर अपने को योग्य बनाने की सलाह दी । इस दौरान आर के गौतम,श्रीमती वंदना शर्मा ,राजेश सोनेकर ,रीतिका जैन,आकांक्षा आजवले,शिव प्यारी ऊईके,राम चौहान मौजूद रहे।





# वारासिवनी में जिला बदर का आरोपी तुषार बिसेन गिरफ्तार

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। पुलिस थाना वारासिवनी के द्वारा १ मई को जिला बदल के आरोपी तुषार बिसेन को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक बालाघाट समीर सौरभ के द्वारा आदतन अपराधियों पर नकेल कसने हेतु इनके विरूद्ध समय समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों के निर्देश दिए गये है । जिसके तहत थाना वारासिवनी के आदतन अपराधी जिसके विरूद्ध अवैध वसूली,एससी एसटी एक्ट महिला संबंधी छेडछाड , मारपीट के अपराध



पंजीबंद्ध थे। जिस पर पुलिस ने तुषार बिसेन पिता रामनाथ बिसेन उम्र २४ साल पता सलईटोला मंगेझरी थाना वारासिवनी के खिलाफ जिला बदर की कार्यवाही कर जिला दण्डाधिकारी बालाघाट के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया था। जिन्होंने उसे समीपस्थ जिले सिवनी, मंडला तथा डिण्डोरी की सीमा से १ वर्ष हेतु निष्कासन का आदेश पारित किया था। परंतु ३० अप्रैल को थाना प्रभारी बिभेन्द्रु व्यंकट टांडिया को जिला बदर के आरोपी तुषार बिसेन के थाना क्षेत्र में होने की विश्वसनीय मुखबिर से जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालाघाट विजय डाबर तथा एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में वारासिवनी पुलिस ने मूकबीर सूचना के आधार पर तुषार बिसेन पिता रामनाथ बिसेन उम्र २४ साल पता सलईटोला मंगेझरी थाना वारासिवनी को पुलिस हिरासत में लेकर इसके विरूद्ध धारा १४ मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया। जिसे १ मई को न्यायालय के समक्ष न्यायिक अभिरक्षा हेतु पेश किया गया। जहां न्यायालय के द्वारा आरोपी को जेल निरूद्ध किया गया है ।

# कृषि उपज मंडी में मजदूरो ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

## शिकागो के शहीदों को दी गई श्रध्दांजली

**वारासिवनी ( पद्मेश न्यूज )। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस स्थानीय कृषि उपज मंडी में १ मई को अनाज मंडी एवं राईस मिल मजदूर संघ के तत्वाधान में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला सचिव दिनेश रामटेके, सहसचिव छन्नूलाल दांदरे सहित अन्य गणमान्य जनों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ झंडा वंदन कर व अमेरिका के शिकागों में शहीद हुये मजदूरों को श्रृध्दा सुमन अर्पित कर किया गया। ततपश्चात नगर में रैली निकाल कर नगर के विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। तत्पश्चात कृषि उपज मंडी में आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित जनों के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाने के पीछे के उद्देश्य एवं लंबे संघर्ष के साथ वर्तमान सरकार कि श्रम नीतियों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालकर बताया गया।**





### रैली निकाल कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अनाज मंडी एवं राइस मिल मजदूर यूनियन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें अनाज मंडी से रैली निकाली गई जो कटंगी चौक, सब्जी बाजार होते हुए गोलीबारी चौक से आंबेडकर चौक ,नेहरू चौक, जय स्तंभ चौक ,बस स्टैंड से तहसील कार्यालय पहुंची । जहां पर मजदूर यूनियन के पदाधिकारी सदस्यों के द्वारा एसडीएम के नाम का ज्ञापन सौंपकर पांच सूत्री मांगों को पूरा करने की मांग की गई। ज्ञापन में मजदूर यूनियन ने बताया कि १ में मजदूर दिवस के अवसर पर राइस मिल मजदूर संगठन एवं कृषि उपज मंडी रेजा हमाल यूनियन संघ वारासिवनी के द्वारा मजदूर दिवस मनाते हुए आपसे मांग करते हैं कि राइस मिल में कार्यरत हमालों को कार्य के दौरान घटना होने पर मिल मालिको के द्वारा सुविधा दी जाये, कृषि उपज मंडी में मजदूरों को मासिक मजदूरी वेतन दिया जाये, राइस मिल मजदूर संघ मिल में कार्य करता है । उनके परिवार के बच्चों को शासकीय स्कूलों में श्रम विभाग के द्वारा बच्चों को कॉपी एवं छात्रवृत्ति प्रदान की जाये, अनाज मंडी के मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने का प्रावधान प्रतिवर्ष किया जाये, मजदूरों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाये ताकि मजदूर परिवार सुविधा पूर्वक जीवन व्यापन कर सके।

### शिकागो के आंदोलन के बाद से मनाया जा रहा मजदूर दिवस-दिनेश रामटेके

जिला सचिव दिनेश रामटेके ने बताया कि पूरे विश्व में मजदूर दिवस १ मई को मनाया जाता है। यह मजदूर हमाल श्रमिक मेहनत कर लोगों का दिन है जो वह अपने परिवार के साथ मना रहे हैं। अमेरिका के शिकागों में हिटलर की तानाशाही के खिलाफ पूरे विश्व के मजदूरों ने अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़कर जीत हासिल की थी। तभी से प्रतिवर्ष १ मई को पूरे विश्व के मजदूर संगठन मिलकर मजदूर दिवस मनाते है। और जो मजदूर शहीद हुये थे उन्हे श्रृध्दांजलि अर्पित करते है। श्री रामटेके ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर अपने मजदूर भाई बहनों से यही अपील है कि वह अपने अधिकार के लिए जागरूक रहे और सदैव अपनी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहे। ८ घंटे काम ८ घंटे आराम और ८ घंटे परिवार के साथ यह लंबे संघर्ष बाद हमें प्राप्त हुआ है यह हमारा अधिकार है।

### समारोह पूर्वक मनाया गया मजदूर दिवस- छन्नूलाल दांदरे

छन्नूलाल दांदरे ने बताया कि स्थानीय कृषि उपज मंडी में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित हुये है। जिन्हे उनके हक की लड़ाई लडने् प्रेरित किया गया है। वर्तमान समय में मजदूरों को इस बढ़ती हुई महंगाई के दौर में अपने परिवार का लालन पोषण करने में काफी कठिनाई हो रही है। श्री दांदरे ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सर्वप्रथम लाल झंडा ध्वजारोहणकर शहिद मजदूरों को श्रद्धांजलि देकर पैदल रैली नगर में निकाली गई । जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंची जहां एसडीएम के नाम का ज्ञापन सौंपकर शासन से मांग की गई है कि राइस मिल में कार्यरत हमाल के साथ दुर्घटना होने पर मिल मालिक उसे सुविधा दें । मंडी के मजदूरों को मासिक मजदूरी दी जायें मजदूर है उनके परिवार के बच्चों को शासकीय स्कूलों में श्रम विभाग के द्वारा कॉपियां एवं छात्रवृत्ति दी जायें इस प्रकार पांच सूत्रीय मांग की गई है। इसके बाद आमसभा का आयोजन किया गया जहां मजदूरों को उनके हक अधिकार के बारे में बताया गया।

खैरलांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# शरीर और आत्मा का रहस्य है क्या?

आपको बता दें कि लखनऊ की साध्वी आशुतोषमवारी ने 28 जनवरी24 को समाधि ली थी। उन्होंने कहा कि वह अपने गुरु आशुतोष महाराज को वापस शरीर में लाने के लिए समाधि में चली गई थीं। जो 10साल पहले ही दिव्य ज्योति संस्थान के संस्थापक श्री आशुतोष महाराज को जगाने हेतु साध्वी आशुतोषमवारी ने समाधी ली श्री आशुतोष महाराज ने 2014 मे समाधि लीं आशुतोष महाराज का शरीर जालंधर मे उनके आश्रम मे डीप फ्रीज़र द्वद्व बन्द है माँ आशुतोषमवारी की समाधि को डॉक्टरों का कहना है कि उनकी दिल की धड़कन प्लस नहीं है लेकिन ईसीजी में मूवमेंट दिख रही है और इतने दिनों लगभग 3महीने बाद भी समाधि से वापस नहीं आ रही है अब इसे आस्था की दृष्टि से देखा जाए या विज्ञान की दृश्टिकोण से यदि वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो इसे डेड बॉडी का नाम दिया जाएगा लेकिन आस्था मे इसे समाधि का रूप ही माना जा सकता है चूंकि ऐ सारी घटना कोर्ट से मिलो मंजूरी पर हो रहा है अत: जरूर क़ोई तथ्यों के आधार पर हो रहा होगा महान गायत्री साधक पंडित श्री राम कृष्ण शर्मा आचार्य ने अपनी पपुस्तक मे जिक्र ही नहीं यहाँ तक लिखा है कि जब वो कठिन साधना में जुट जाते तो अपनी आत्मा को अंतरिक्ष में विचरण कराते तो अपार आंनद की अनुभूति होती और पुन: अपने शरीर में बापस आ जाते कुछ तो रहस्य है जिससे हम सभी अनजान हैं क्योंकि जिसे सांप के कटाने से मौत हो जाती तो उसे जलाया नहीं जाता और केलाा के पेड़ से बांधकर नदी में प्रवाहित इसी उम्मीद से करते कि शायद जिंदगी कभी मिल जाए हमने भी कई ऐसे न्यूज में पढ़ा कि चीता पर क़ोई मरा हुआ आदमी उठकर बैठ गया लेकिन जहाँ तक मेरा मत है ऐ एक बार बहुत पहले ऐ रेडियो पर न्यूज आया कि जय प्रकाश नारायण नहीं रहें और स्कूल में लोग छुट्टी होगा बाहर भी निकल गए और बाद में रेडियो पर न्यूज आया कि जीवित है और छुट्टी कैंसिल हो गई मेरे अनुसार यह एक अंध्विश्वास है क्योंकि जब ईश्वर किसी की जितने सांसे लिख देता वह उतनी ही लेता है और मरा हुआ आदमी कभी जिन्दा नहीं हो सकता है लेकिन जब यह पडने को मिलता कि रामकृष्ण परमहंस अपनी चीता से बापस लौट कर जिन्दा हो गए तो आत्मा के रहस्य को समझ ही नहीं पाता और जब ऐ सुनने को मिलता है कि ईशामसीह जमीन से नहीं क़ब्र से बाहर निकल गए थे तो हैरान गों जाता आखिर ऐ कैसे संभव है हमने तो यहाँ तक सुना है कि देवराहा बाबा जब कठिन तपस्या कर कहीं जा रहें थे तो अपनी शक्ति का परीक्षण के लिए किसी चिता पर लें जा रहे मरे हुए शरीर को जिन्दा किया था बाद में मरे हुए शरीर को बहुत से लोग जिन्दा होने की आशा से उनके पास गए तो उन्होंने जीवित करने से यहकहकर मना कर दिया कि ऐ प्रकृति के नियम के खिलाफ है मै इसे अंध्विश्वास मानता हूँ जो एक बार दुनिया से चला गया वो कभी बापस नहीं आता क्योंकि ऐ ईश्वर की मर्जी से हुआ है क्योंकि एक बार क़ोई व्यक्ति मरे हुए शरीर को भगवान बुद्ध के पास जिंदगी के लिए गया तो भगवान बुद्ध द्वद्व उसे यह कहकर मना कर दिया कि कौन ऐसा घर है जहाँ क़ोई मरा ना हो अत: ऐ प्रकिया नियति के अनुसार होता है और जो आया है उसे जाना भी निश्चित है।आत्मा एक ऐसा पिंड है जो कभी मरती नहीं और पुराने से नए वस्त्र धारण करती है लेकिन क़ोई व्यक्ति पहले क्या था ऐ मालूम ही नहीं तो वाकई आत्मा होती है इसपर भी सस्पेंस है। मेरे अनुसार जीना मरना वैसा ही है जब स्थूल से सूक्ष्म शरीर यानि पंचतत्व में विलीन हो जाती है।

**-संजय गोस्वामी**

# लोकसभा चुनाव में मुद्दों को नया विमर्श दें

लोकसभा चुनावों के प्रचार अभियान में एक आवाज बहुत धीमी पर एक वजन और पीड़ा के साथ सुनने को मिल रही है कि इस चुनाव को येन-केन-प्रकारेण जीतने के सभी जायज एवं नाजायक प्रयोग हो रहे हैं, लेकिन नैतिकता, मूल्य एवं आदर्श की बात कहीं भी सुनाई नहीं दे रही है। देश का राजनीतिक भविष्य तय करने वाले इन चुनावों में एक और विडम्बना देखने को मिल रही है कि राष्ट्र विकास के मुद्दों एवं आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने की कोई चर्चा नहीं है। देश को दिशा देने एवं कोई नया विमर्श खड़ा करने का नेताओं के पास अभाव है, जो अपने-आप में एक त्रासदी है। मतदाताओं की लोकतंत्र के महाकुंभ में भागीदारी का घटना भी एक चिन्ता का सबब है। जबकि किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है।

विभिन्न राजनीतिक दल आरक्षण का मुद्दा खड़ा करके जहां अल्पसंख्यकों को अपनी ओर खींचने की कोशिश करते हुए भाजपा को आरक्षण विरोधी बता रहे हैं और गृहमंत्री अमित शाह के आरक्षण विषयक बयान को तोड़-मेरोड कर झूठे एवं फेक वीडियो के माध्यम से भाजपा के चरित्र को धुंधला रहे हैं, वहीं आम महिलाओं के डर का सहारा लेते हुए उनके मंगल सूत्र और स्त्री धन को छीन लिए जाने की बात कही जा रही है। सैम पित्रोदा के विरासत कर संबंधी बयान से आम जनता के धन को हथियाने की बातें भी हो रही है। लेकिन प्रश्न है कि क्या कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने की संभावना है? सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाती है। चुनाव अभियान तीसरे चरण की ओर अग्रसर हैं। सब राजनैतिक दल अपने-अपने 'घोषणा-पत्र' को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है।

एक-दूसरे की नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना चुनाव का हिस्सा बनी हुई है और बनना भी चाहिए। लेकिन एक-दूसरे पर भीषण एवं भद्दे आरोप लगाना, लोकतंत्र की मर्यादा का उल्लंघन है। परंतु मौजूदा चुनाव प्रचार में राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता के ताने-बाने को क्षति पहुंचाने की चेष्टा का होना दुर्भाग्यपूर्ण है। सभी दल भाषणों में नैतिकता की बातें करते हैं और व्यवहार में अनैतिकता को छिपा रहे हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों की ही बात करें तो पिछले सप्ताह तक ही आचार संहिता उल्लंघन की 200 से अधिक शिकायतें आ चुकी है। जिनमें से 169 शिकायतों पर आयोग ने कार्रवाई की है। शिकायतों के आंकड़े बढ़ते ही जा रहे हैं। वास्तव में इन चुनावों में नेताओं ने भाषा एवं भावों को इतना बदरंग, अशालीन एवं भोंथरा कर दिया है कि शर्म-सी महसूस होती है।

दागी उम्मीदवारों के दागों का पर्दापाश होना भी इन चुनावों का हिस्सा है। कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े वीडियो क्लिप प्रसारित होने से देखा गया है कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की घटना हुई है। रेवन्ना के खिलाफ शिकायत कुछ महिलाओं के शोषण तक ही सीमित नहीं है, अब अनेकों शिकायतें सामने आएगी और हर शिकायत को ईमानदारी से परखना होगा। सबसे ज्यादा गंभीर बात तो यह है कि आरोपी जर्मनी भाग गया? अगर रेवन्ना दोषी हैं तो उन्हें कानून का सामना करना चाहिए। अगर वह कानून से भागेंगे तो इससे उनकी पार्टी और एनडीए दोनों को ही नुकसान होगा। रेवन्ना देश के पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पौत्र है और उन पर लगे आरोप बहुत ही गंभीर और शर्मनाक है। सत्ता का किसी भी प्रकार का दुरुपयोग ज्यादा समय तक लाभकारी नहीं होता है। हमारा समाज ऐसे मुकाम पर आ गया है, जहां हम किसी महिला के साथ न ज्यादती की सुन सकते हैं और न किसी को करने दे सकते हैं। बात प्रज्वल रेवन्ना एवं बृजभूषण शरण सिंह तक सीमित नहीं हैं, विशेषत: चुनाव में ऐसे मुद्दों का उठना प्रासंगिक है, जिससे उम्मीदवारों को अपने गिरेबार में झांकने का अवसर मिलता है। राजनीतिक दलों को भी उम्मीदवारों का चयन करते हुए उनके चरित्र की परख गहराई से करनी ही चाहिए।

वर्ष 2024 के चुनावों में हम सात में से तीसरे चरण की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन अभी तक भाजपा की चुनावी थीम सामने नहीं आई है, विपक्षी दलों के घोषणा पत्रों या चुनावी बयानों की चीरफाड ही होती हुई दिख रही है। आतंकवादियों और दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मारने की बात करने वाली भाजपा के बयानों में चीन पूरी तरह गायब है और पाकिस्तान का जिक्र भी बहुत कम है। निश्चित ही भाजपा जीत की ओर अग्रसर है, इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन सुनिश्चित जीत के साथ सुनिश्चित भविष्य की बात भी होनी ही चाहिए। हकीकत में चुनाव में अनेक उतार-चढ़ाव के बावजूद मोदी का जादू चल रहा है, ऐसी अनेक वजहों से 2024 असाधारण रूप से बिना सशक्त मुद्दे के ही गतिमान है। आश्चर्य की बात यह है कि हमारी राष्ट्रीय राजनीति के मौजूदा दौर के सबसे बड़े जादूगर नरेंद्र मोदी ने अब तक इन चुनावों के लिए कोई सशक्त मुद्दा नहीं पेश किया है जो पहले से सातवें चरण तक चल सके। हर चुनावी चरण एवं सभा में एक नया मुद्दा उभर रहा है, जो कुछ दूर चल कर पृष्ठभूमि में चला जाता है।

भाजपा की ओर से इन चुनावों में मोदी ही मुद्दा है। चुनाव अभियान का आरंभ करते हुए कहा गया कि नरेंद्र मोदी ही भारत को अधिक ऊंचा वैश्विक कद दिला रहे हैं। भारत मंडपम में जी 20 शिखर बैठक को भुनाने की कोशिश हुई। लेकिन यह भी मुद्दा चुनावी गणित में फिट नहीं हुआ। महिला मतदाताओं को लुभाने का दांव भी चला। निर्वाचन वाली संस्थाओं में महिलाओं के आरक्षण के लिए आनन-फानन में पारित कानून इसका हिस्सा था। लेकिन भाजपा के चुनाव प्रचार में इसका जिक्र भी नहीं सुनने को मिल रहा है। इन चुनावों में भी पार्टी के उम्मीदवारों में महिलाओं की हिस्सेदारी 16 फीसदी है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को भी चुनावों के लिहाज से गर्म मुद्दा माना गया था। इसके बावजूद विभिन्न राज्यों में भाजपा के नेताओं के चुनाव भाषणों पर नजर डालें तो पता चलता है कि उनमें इस पर जोर या इसका जिक्र नहीं है। यह मुद्दा हाल में तब उठा जब ऐसे संकेत मिले कि राहुल और प्रियंका गांधी राम मंदिर जा सकते हैं। कुछ सप्ताह पहले भारत रत्न की घोषणा का मुद्दा भी दूर तक नहीं चल सका। ऐसी अनेक उपलब्धियां एवं ऐतिहासिक कार्य हैं, जो मोदी के कद को ऊंचा तो बनाते हैं, लेकिन चुनाव की दिशा को एकदम एवं दूर तक प्रभावित नहीं कर पा रहे हैं।

बात राज्यों की हो या केन्द्र की, भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग पर चुनावों में चर्चा होनी ही चाहिए। भारत के मतदाता मिलकर सरकारों को जवाबदेह ठहराने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। लेकिन मौजूदा लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान 2019 की तुलना में 7 प्रतिशत कम हुआ है। यह एक चिंताजनक संकेत है और चुनावी प्रक्रिया से मतदाताओं के अलगाव को दर्शाता है। यह भाजपा के मतदाताओं में चली आई आत्मसंतुष्टि की ओर भी संकेत करता है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर आश्वस्त हैं। हालांकि, इसका एक और पहलू यह भी है कि 2023 में, प्यू रिसर्च सेंटर ने भारतीय मतदाताओं का एक सर्वेक्षण किया था, जिसमें पता चला था कि 85 प्रतिशत लोगों ने भारत में सैन्य शासन या निरंकुश नेता का समर्थन किया था। क्या शासन के अच्छे तरीके के रूप में लोकतंत्र के समर्थन में गिरावट का ही परिणाम कम होता मतदान है? अगर मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना विश्वास खो रहे हैं तो यह भारत के लोकतंत्र और भविष्य के लिए चिंताजनक संकेत है। इससे निर्वाचित नेता भी जनता के प्रति जवाबदेही से मुक्त होने लगेंगे। भारत के मतदाताओं को समझना चाहिए कि पिछले सतहत्तर वर्षों में देश की सफलता उसके लोकतंत्र की सफलता पर ही आधारित रही है। इसलिये मतदाता को जागरूक होकर अधिकतम मतदान करना चाहिए। साथ-ही-साथ मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।

**- ललित गर्ग**

# लव जिहाद के बाद अब वोट जिहाद...




जिहाद वैसे कोई आतंकी शब्द नहीं है लेकिन इसका जन्म चूंकि अरबी भाषा से हुआ है इसलिए सनातनी इसे आतंक का पर्याय मानने लगे हैं। जिहाद का शुब्दिक अर्थ जाने बिना देश में वर्षों से राजनीति हो रही है। पहले लव जिहाद के नाम पर हुई और अब वोट -जिहाद के नाम पर हो रही है। लव जिहाद को लेकर भाजपा आक्रामक थी और वोट जिहाद कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद का जुमला है।

जिहाद का शब्दिक अर्थ होता है नैतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए की जाने वाली ज़द्दोज़हद या संघर्ष, किसी जायज़ माँग के लिए भरपूर कोशिश करना या आंदोलन। जिहाद का अर्थ मेहनत और मशक़्क़त करना भी है किन्तु जिहाद का दुर्भाग्य कि उस जैसे पवित्र शब्द का चरमपंथियों ने गलत अर्थ दुनिया को समझा दिया और अब ये आम जिंदगी से निकालकर सियासत का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। इसके लिए जितने चरमपंथी जिम्मेदार हैं उतनी ही भाजपा और कांग्रेस भी जिम्मेदार है । भाजपा ने जिहाद के बाद लव -जिहाद को औजार की तरह इस्तेमाल किया तो मौजूदा आम चुनावों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने मुस्लिम मतदाताओं से सत्ता परिवर्तन के लिए वोट जिहाद करने की अपील कर दी और अब फंस गए। उनके खिलाफ बाकायदा आपराधिक मुकदद्मा दर्ज कर लिया गया है।

उत्तर प्रदेश में मुसलमानों को लेकर सरकार अतिरिक्त रूप से संवेदनशील है ,शायद इसीलिए खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद फर्रुखाबाद पुलिस ने मारिया आलम और सलमान खुर्शीद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। दोनों नेताओं पर आईपीसी की धारा 188, 295 (ए) और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया। अब उत्तरप्रदेश की सरकार और पुलिस के ऊपर है की वो खुर्शीद साहब और उनकी भतीजी को गिरफ्तार करती है या नहीं ?

खुर्शीद साहब मुझसे उम्र में छह साल बड़े हैं ,वे मुझे अपनी शराफत,नजाकत और बुद्धिमत्ता की वजह से शुरू से प्रिय रहे हैं। उनका मुसलमान होना एक संयोग है । वे मुसलमान भी न होते तो एक मनुष्य के रूप में उतने ही चर्चित होते जितने की आज हैं। खुर्शीद भाई को पूरा देश जानता है। आज के विदेश मंत्री जयशंकर से ज्यादा जानता है। सलमान खुर्शीद एक भारतीय राजनीतिज्ञ,चर्चित वरिष्ठ अधिवक्ता, प्रख्यात लेखक और कानून शिक्षक हैं। वे विदेश मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री थे। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित हैं वह एक वकील और एक लेखक है [1] जो 2009 की आम चुनाव में फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हुए। इससे पहले खुर्शीद 1991 में फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 10 वीं लोकसभा के लिए चुने गए थे। वह जून 1991 में वाणिज्य के केंद्रीय उप मंत्री बने, और बाद में विदेश मामलों के राज्य मंत्री बन गए। खुर्शीद साहब शुरू में नेता नहीं बल्कि 1981 में प्रधान मंत्री कार्यालय में एक विशेष अधिकारी के रूप में पदस्थ थे तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी उन्हें राजनीति में लेकर आयीं।

दरअसल जो लोग खुर्शीद को नहीं जानते उन्हें बता दूँ की सलमान खुर्शीद उस व्यक्ति का नाम है जो अपना घर फूंक क्र तमाशा देखने वाला है। एक लेखक है,एक अभिनेता है और बाद में जन नेता है। सलमान से असहमत लोगों ने सलमान खुर्शीद के नैनीताल स्थित आवास को आग तक लगा दी थी लेकिन न सलमान खुर्शीद बदले और न उनके स्वर । वे 1992 में जैसे थे वैसे ही 2024 में भी हैं। सलमान खुर्शीद और उनकी भतीजी को वोट के जरिये व्यवस्था बदलने के लिए जिहाद शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था,क्योंकि इस देश में आज भी कूढ़ मगज लोग जिहाद के नाम से भड़क जाते हैं ,जैसे जिहाद कोई संक्रामक रोग हो ! सलमान खुर्शीद की मजबूरी ये रही कि वे जिस इलाके में राजनीति करते हैं उस इलाके में उर्दू मातृभाषा के रूप में प्रचलित है। वे यदि परिवर्तन के लिए जिहाद शब्द का इस्तेमाल न करते तो मुमकिन था कि उनकी बात स्थानीय मतदाता समझ न पाता।

इस देश में मुसीबत ये है कि जो होता है उसे वो माना नहीं जाता । जैसे जो हेट स्पीच है उसे हेट स्पीच नहीं कहा जाता और जो हेट स्पीच नहीं है उसे आनन-फानन में हेट स्पीच मान लिया जाता है। घृणा की भाषा के बारे में जब हमारे नेता नहीं जानते तो हमारी पुलिस उसके बारे में कैसे जान सकती है ? पुलिस तो हुक्म की गुलाम है। उसके हाथ बंधे हैं। भारत में पुलिस के हाथ लम्बे जरूर होते हैं किन्तु उन्हें काम नहीं करने दिया जाता। हमारी पुलिस आज भी अंग्रेजों के जमाने कीपुलिस है। पुलिस तब बदलेगी जब देश का संविधान बदलेगा। संविधान तब बदलेगा जब मोदी जी तीसरी बार सत्ता में वापस आएंगे। तब तक हमें ,आपको ,सलमान खुर्शीद को इन्तजार करना होगा। अभी चुनाव के पांच चरण बाक़ी हैं ,देखिये आगे-आगे होता है क्या ? वैसे मै ईमानदारी से कहूँ कि आज आम चुनाव एक धर्मयुद्ध जैसा ही है। एकदम महाभारत के माफिक। लोकतंत्र में वोट जिहाद के बिना कोई तब्दीली आ ही नहीं सकती। इसलिए यदि आपके पास मताधिकार है तो आप वोट जिहाद यानि वोट से क्रांति कर सकते है।भाजपा भी यदि तीसरी बार सत्ता में वापस आएगी तो वोट कि जरिये ही ।

**राकेश अचल**

# तर्कहीन बयानों से जूझती चुनावी राजनीति

## भ्रमित होते आम मतदाता किस पर करे विश्वास

भारत में एक समय ऐसा भी था ज़ब राजनीति से आम जनमानस का विश्वास समाप्त होता जा रहा था। राजनीतिक दलों से जो अपेक्षा थी, सब जनता की इन अपेक्षाओं पर पानी फेरते दिखाई दे रहे थे। उस समय देश की यह अवधारणा बन गई थी कि अब भारत की राजनीति ऐसे ही चलती रहेगी। लेकिन 2014 के बाद देश ने एक नई राजनीति का साक्षात्कार किया। एक ऐसी राजनीति जिसमें सपने भी थे और एक उम्मीद भी थी। आज इस समय को दस वर्ष का समय व्यतीत हो गया है। सपने पूरे हुए या नहीं, यह तो परीक्षण का विषय है, लेकिन आज की राजनीति बदली हुई दिखाई देती है, यह अवश्य ही कहा जा सकता है। लेकिन आज भी जिस प्रकार से सत्ता प्राप्त करने की लालसा लेकर राजनीतिक दल राजनीति कर रहे हैं, वह प्रथम दृष्टया यही परिलक्षित कर रहे हैं कि राजनीतिक दलों के पास अपने कोई स्थायी सिद्धांत नहीं हैं। विपक्ष के दल वर्तमान केंद्र सरकार को घेरने के लिए कई प्रकार के राजनीतिक दांव पेच खेल रहे हैं, वहीं सत्ता धारी दल भाजपा भी किसी भी तरीके से पीछे नहीं कही जा सकती।

इस प्रकार की राजनीति के चलते देश का आम जनमानस निश्चित रूप से भ्रम की अवस्था में है। सारे दल अन्य दलों से अपने आपको बेहतर बताने की राजनीति कर रहा है। इसके लिए कुछ राजनीतिक दल अपने हिसाब से तर्क भी दे रहे हैं। लेकिन एक बात स्पष्ट है कि इस बार विपक्षी दलों के राजनेता सधे हुए क़दमों से अपनी पारी को अंजाम दे रहे हैं। क्योंकि पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान जिस प्रकार से कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सार्वजनिक रूप से चोर कहने का दुस्साहस किया गया, उससे कांग्रेस की फ़जीहत हो गई थी, इतना ही नहीं राहुल गाँधी को माफ़ी भी मांगनी पड़ी। इस बार परिदृश्य बदला हुआ है। विपक्ष के नेता सरकार को लक्ष्य करके आलोचना कर रहे हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि इन आलोचनाओं में भी वह धार नहीं है कि वह अकेले दम पर सरकार बनाने का सामर्थ्य पैदा कर सकें।

वर्तमान लोकसभा के प्रचार में विपक्षी दलों की ओर से जिस प्रकार की सक्रियता दिखाई जा रही है, उससे कमोवेश ऐसा ही लगता है कि विपक्ष ने इस चुनाव को आरपार की लड़ाई बना दिया है। यह सभी जानते हैं कि मुख्य विपक्ष की भूमिका निभाने वाली कांग्रेस पार्टी लम्बे समय तक सत्ता का सुख भोगा है, इसलिए यह कहा जाना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस के नेताओं को सत्ता में बने रहने की आदत सी हो गई है। उनके बयानों में भी सत्ता प्राप्त करने की तड़प दिखाई देती है। यही तड़प चुनावी बयानों में पैनापन ला रही है।

देश में अब दो चरणों के मतदान संपन्न हो चुके हैं, बचे हुए पांच चरणों के मतदान के लिए जोर आजमाईश की जा रही है। चुनावी रैलियों में राजनेताओं के बयानों की व्याख्या निकालने का क्रम भी चल रहा है। किसी बड़े मुद्दे पर समाचार चैनलों पर बहस भी होती है। इन बहस में सभी नेता अपने हिसाब से अर्थ निकाल कर बहस करते हैं। कोई किसी के कम नहीं दिखता, लेकिन इन बहस में लगभग विवाद जैसी स्थिति बनती दिखाई देती है। एक दूसरे से लड़ने की मुद्रा में आने वाले यह राजनेता शायद इस बात को भूल जाते हैं कि इसे जनता भी देख रही है और आज की जनता यह भी जानती है कि क्या अच्छा है और क्या बुरा। इसके बाद भी आम समाज का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो इन चर्चाओं को सुनकर भ्रमित भी होते होंगे। राजनेताओं द्वारा दावे के साथ कही जाने वाली किस बात को जनता सही माने, आज यह सबसे बड़ी चिंता है। चैनलों पर जो बहस होती है, उसमें अपनी पार्टी के विचार को कम रखा जाता है, सामने वाले की बात को जोरदार तरीके से नकारने की ही राजनीति की जाती है। विपक्षी नेताओं को इन्हीं बहसों के दौरान एंकरों पर दबाव बनाते हुए भी देखा और सुना जा सकता है। यह बहस का सारा खेल जनता को गुमराह करने वाला होता है। इसमें पूरी तरह से आम जन के मुद्दों का अभाव ही रहता है। इस कारण यह आसानी से कहा जा सकता है कि आज की राजनीति केवल विरोध करने तक ही सीमित हो गई है, इसमें रचनात्मक विरोध समाप्त होता जा रहा है। रचनात्मक विरोध का आशय यही है कि सामने वाले के अच्छे कार्यों का समर्थन भी किया जाए। लेकिन आज की राजनीति में ऐसा होना असंभव सा ही लगता है। ऐसा पिछले दस वर्षों में कुछ ज्यादा ही होता जा रहा है। जहां तक चुनावी मुद्दों की बात है तो विपक्ष की ओर से कोई ख़ास मुद्दे नहीं उठाए जा रहे हैं। जिस महंगाई और बेरोजगारी को विपक्ष मुद्दा बनाकर राजनीति कर रहा है, वह कोई नया नहीं है। यह दोनों ही मुद्दे लगभग हर चुनाव में उठे हैं, और हो सकता है आगे भी उठते रहेंगे, क्योंकि बेरोजगारी का मुद्दा तभी तक होता है ज़ब तक व्यक्ति केवल नौकरी की तलाश में बैठा रहता है। सरकार सबको नौकरी दे भी नहीं सकती, फिर चाहे कोई भी सरकार क्यों न हो। हाँ इस चुनाव में पिछली बार की तरह हिंदुत्व का मुद्दा भी सामने आया है। हिंदुत्व राजनीति का विषय नहीं हो सकता, यह तो असली भारत की आत्मा है।

यह बात सही है कि आज की राजनीति और दस वर्ष पहले की राजनीति में ज़मीन आसमान का अंतर है। भारतीय जनता पार्टी जिस प्रकार की राजनीति करती हुई दिखाई दे रही है, उसका अंदाज निराला है, वहीं कांग्रेस के नेताओं के बयानों से लगता है कि वे ही शासन करने के लिए आए हैं, जबकि उनको यह मालूम होना चाहिए कि वह विपक्षी की भूमिका में हैं। इसके अनुसार ही उनके कार्यक्रम होने चाहिए, लेकिन कभी कभी विपक्षी नेताओं का व्यवहार ऐसा होता है, जैसे वे सरकार से बड़े हैं। विपक्ष की इसे एक बड़ी कमजोरी माना जा सकता है, क्योंकि सामने वाली पार्टी ने सत्ता पर कब्ज़ा नहीं किया, बल्कि लोकतान्त्रिक तरीके से चुनकर आई है। विरोधी पक्ष को यह भी समझना चाहिए कि भारत में लोकतंत्र तभी तक जीवित है, ज़ब तक जनता की राय को महत्व दिया जाएगा। जनता के सही बात रखना चाहिए, ऐसी कोई बात नहीं आना चाहिए जिससे जनता भ्रमित हो। अन्यथा यह लोकतंत्र की भी हार होगी।

**- सुरेश हिंदुस्तानी**

# महाराष्ट्र दिवस के गौरवशाली पहलू

हर साल 1 मई को महाराष्ट्र दिवस मनाया जाता है। यह महाराष्ट्र के गठन का स्मरणोत्सव है। 1 मई 1960 के दिन मराठी लोगों के लिए एक अलग राज्य की मांग को स्वीकार करते हुए भारत सरकार ने महाराष्ट्र राज्य का गठन किया। इस प्रकार से महाराष्ट्र भारतीय गणराज्य का 16वां राज्य बना। इस दिन पूरे महाराष्ट्र में प्राइवेट और सरकारी स्कूलों, कॉलेजों एवं दफ्तरों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। पूरे राज्य में ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड एवं अन्य उत्सव संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह दिवस 1960 में महाराष्ट्र राज्य के गठन का स्मरण दिवस है। यह महाराष्ट्र के लोगों के द्वारा उनके राज्य को लेकर चलाएगा गए उनके लंबे संघर्षों के सुखद परिणाम का उत्सव है। महाराष्ट्र भारत के पश्चिमी तट पर स्थित एक सुन्दर राज्य है। क्षेत्रफल के हिसाब से यह भारत का तीसरा सबसे बड़ा राज्य है। जनसंख्या के नज़रिये से यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। महाराष्ट्र का इतिहास समृद्ध और विविधतापूर्ण रहा है। यहाँ कई शक्तिशाली साम्राज्यों का उदय और पतन हो चुका है। महाराष्ट्र पर शासन करने वाले प्रमुख राजवंशों में सातवाहन, चालुक्य, राष्ट्रकूट यादव और मराठा साम्राज्य शामिल हैं।महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी भी है। यह विश्व के सबसे प्रमुख नगरों में से एक है। बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री भी यहीं स्थित है। भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई महाराष्ट्र में होने के कारण महाराष्ट्र भारत का एक प्रमुख औद्योगिक राज्य भी है और यह भारत की जीडीपी में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इसके अलावा महाराष्ट्र का एक अन्य महानगर पुणे भी भारत का एक प्रमुख आईटी नगर है।मराठों की वीरता का अपना एक गौरवशाली इतिहास रहा है। मराठा राजवंश में कई प्रतापी शासक हुए हैं। इन शासकों में छत्रपति शिवाजी महाराज, बाजीराव पेशवा प्रथम, अहिल्याबाई होल्कर एवं रानी लक्ष्मीबाई विशेषरूप से आते हैं। मराठा अत्यंत साहसी और दृढ संकल्प वाले थे। वे युद्ध के मैदान में कभी हार नहीं मानते थे। महान छत्रपति शिवजी महाराज गुरिल्ला युद्ध में माहिर थे। वे अपनी युद्ध कला से शत्रु को चौंका देते थे। मराठी एकता की मिसाल थे। वे हमेशा एकजुट रहते थे और अपनी मातृभूमि के लिए बलिदान देने को सदा तत्पर रहते थे। महाराष्ट्र का गठन एक ऐतिहासिक घटना थी, जिसने भारत के नक्शे को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। मराठी लोग अपनी भाषा और सांस्कृतिक पहचान के आधार पर अपने लिए एक अलग राज्य की मांग कर रहे थे। महाराष्ट्र के गठन ने महाराष्ट्र के लोगों की सांस्कृतिक विरासत, भाषा और पहचान को एक गर्व और मजबूती की अनुभूति कराई है। महाराष्ट्र दिवस महाराष्ट्र के लोगों के लिए गौरव और उत्सव का पल है। महाराष्ट्र दिवस महाराष्ट्र के लोगों को महाराष्ट्र का विकास करने के लिए योगदान देने वाले महान लोगों को याद करने का अवसर प्रदान करता है। यह दिन है ऐसे महान लोगों से प्रेरणा प्राप्त करने का और समाज और प्रदेश के लिए भविष्य में महान कार्य करने के लिए स्वयं को तैयार करने का। महाराष्ट्र दिवस के दिन को बहुत से समाज सेवी संगठन सामाजिक कार्य करने के एक अवसर के रूप में भी देखते हैं। इस अवसर पर कई सरकारी और गैर सरकारी संगठन इस दिन रक्त दान कैम्प और एजुकेशनल कैम्प आदि चलाकर इस दिन को एक सामाजिक कल्याण के रूप में मानते हैं। महाराष्ट्र दिवस मराठी भाषा और महारष्ट्र की संस्कृति एवं गौरवशाली इतिहास का उत्सव है।

**- संजय गोस्वामी**

# सड़क चौड़ीकरण के लिए खोदी नाली से व्यापारी वर्ग परेशान

## व्यापारियों ने नगर परिषद पहुंचकर दी रविवार को बाजार बंद की चेतावनी





**लांजी ( पद्मेश न्यूज )। लांजी नगर परिषद अन्तर्गत सालेटेकरी मार्ग पर विगत 3 माह से सड़क निर्माण कार्य किये जाने हेतु ठेकेदार के द्वारा कोटेश्वर द्वार से लेकर सरस्वती शिशु मंदिर तक लगभग 700 मीटर नाली खोद कर छोड़ दी गई। जिसके चलते व्यापारियों को व्यापार करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खोदी गई नाली में ग्राहक गिरकर घायल हो रहे है। जिसके चलते व्यापारियों में भारी आक्रोश है और उन्होने 4 दिनों की चेतावनी दी है कि यदि कार्य नही हुआ तो लांजी साप्ताहिक बाजार भरने नही दिया जायेगा। बतादे कि नगर परिषद लांजी के द्वारा लांजी सालेटेकेरी मार्ग पर कोटेश्वर द्वार से लेकर सरस्वती शिशु मंदिर तक सड़क चौडीकरण एवं डिवाईडर का निर्माण करवाया जा रहा है जिसका टेण्डर भोपाल की एक कंपनी लक्ष्मी ट्रेडर्स के द्वारा 75 लाख रूपये की लागत से निर्माण कार्य करना है वहीं लक्ष्मी ट्रेडर्स ने उक्त कार्य पेटी कॉन्ट्रेक्ट स्थानीय ठेकेदार को दिया है। जिसके द्वारा सड़क चौड़ी करण के लिये नाली खोद दी गई है लेकिन आगे कार्य नही किया जा रहा है इसी कारण उक्त मार्ग के सभी व्यापारी गण एवं व्यापारी संघ के अध्यक्ष नगर परिषद लांजी पहुचे तथा निर्माण कार्य को लेकर विरोध दर्ज करवाते हुये कहा कि जल्द से जल्द उक्त निर्माण कार्य पूर्ण करवाया जाये अन्यथा खोदी गई नाली को पाट दिया जाये। व्यापारी संघ के द्वारा यह भी चेतावनी दी गई की यदि शनिवार तक कार्य पूर्ण नही हुआ तो रविवार को सालेटेकरी मार्ग अवरूद्ध कर साप्ताहिक बाजार नही भरने दिया जायेगा। इस दौरान व्यापारी संघ के अध्यक्ष गौरीशंकर सातपुते, पार्षद सौरभ पशीने, कैलाश गोस्वामी, वरिष्ठ व्यापारी प्रमोद अग्रवाल, पम्मू आसटकर, बबलम खान, कृष्ण कुमार आसटकर, सतीश किरनापुरे, अशोक पालीवाल, सोहनलाल सोमराज, सीताराम मोरघड़े, अमृतलाल दमाहे, शरद आसटकर, समीर सोनवाने, नरेश श्रीवास, विनोद वैष्णव, सुरेश लिमजे, साहिल लालानी, अशोक लटारे, दिनेश तिड़के, दिलीप भण्डारकर, सुरेन्द्र आसटकर, रमेशचंद आसटकर आदि व्यापारी उपस्थित रहे।**

### इनका कहना है

वरिष्ठ व्यापारी प्रमोद अग्रवाल का कहना है कि लांजी सालेटेकरी मार्ग पर विगत देढ माह से नगर परिषद के ठेकेदार के द्वारा दुकानों के सामने 6 फीट चौड़ी 2 से ढाई फीट गहरी नाली खोदी गई सड़क एवं डीवाईडर के निर्माण हेतु। लेकिन आज दिनांक तक सिर्फ नाली ही खोदी गई है किसी भी प्रकार का कोई निर्माण कार्य आगे ठेकेदार द्वारा नही किया जा रहा है। ठेकेदार के इस लापरवाही के चलते कोटेश्वर द्वार से लेकर तहसील कार्यालय तक व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राहको को सड़को पर गाड़ियां खड़ी करना पड़ रहा है जिससे आवागमन भी बाधित हो हरा है। दुकानों में ना ही ग्राहक आ पा रहे और जो आने का प्रयास करते है वे गिर पड़ रहे है। आज हम सभी व्यापारी नगर परिषद पहुंचे है यहां पर ना तो सीएमओ उपस्थित ना ही नगर परिषद की अध्यक्ष उपस्थित है हमने यहां उपयंत्री अमित नगपुरे से चर्चा की तो उन्होने आश्वस्त किया है आज 2 मई से कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। और यदि कार्य प्रारंभ नही किया गया तो 5 मई को साप्ताहिक बाजार नही लगने दिया जायेगा।

**प्रमोद अग्रवाल**
**वरिष्ठ व्यापारी लांजी**

व्यापारी संघ अध्यक्ष गौरीशंकर सातपुते ने उक्त संबंध में कहा कि लंबे समय से नगर परिषद के ठेकेदार के द्वारा सड़क एवं डिवाईडर निर्माण के लिये नाली खोदी गई है। जिसे अब तक पूर्ण नही होने से भारी परेशानी का सामना व्यापारियों एवं ग्राहकों को करना पड़ रहा है। नगर परिषद जब भी कोई टेण्डर या निर्माण कार्य करवाती है तो उसका निर्माण कार्य बोर्ड लगा होना चाहिये। यह निर्माण कार्य कब प्रारंभ होगा, कितनी लागत से इसका निर्माण हो रहा है और कब तक पूर्ण होगा लेकिन वर्तमान मे जो निर्माण कार्य नगर परिषद के ठेकेदार करवा रहे है ऐसा कोई बोर्ड नही लगाया गया है। विगत 3 माह से ठेकेदार ने नाली खोद दी गई यदि ठेकेदार आगे कार्य नही कर पा रहा है तो नाली को दोबारा मिट्टी डालकर पाट दिया जाये ताकि परेशानी ना हो। व्यापारी संघ ने चेतावनी भी दी है कि यदि शनिवार तक कार्य नही किया गया तो रविवार को लांजी बाजार बंद किया जायेगा।

**गौरीशंकर सातपुते**

नगर परिषद लांजी के उपयंत्री अमित नगपुरे ने उक्त संबध में कहा कि सभी व्यापारी गण सालेटेकरी मार्ग पर हो रहे निर्माण के संबध में नगर परिषद आये है। इन सभी व्यापारियों का कहना है कि सालेटेकरी मार्ग पर जो गड्ढा खोदा गया है जिससे व्यापारियों को व्यापार करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसके संबध में निर्णय लिया गया है कि समय सीमा में काम नही हो पा रहा है तो वर्तमान वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में इसमें मिट्टी का पुराव कर दिया जाये जिससे की व्यापारियों की परेशानी दुर हो सके। वहीं कार्य के संबध में उपयंत्री नगपुरे ने कहा कि ठेकेदार के द्वारा लापरवाही बरती गई है जिसके संबंध में आगामी परिषद पीआईसी की बैठक में उक्त प्रकरण रखा जाकर निरस्ती करण या अग्रिम कार्यवाही के लिये रखा जायेगा। ठेकेदार को पर्याप्त पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया है नोटीस भी जारी कर दी गई है यदि कार्य पूर्ण नही किया जाता तो ठेका निरस्त कर राशि जप्त कर ली जावेगी।

**अमित नगपुरे**
**उपयंत्री**

# 55 वर्षीय व्यक्ति ने पेड़ पर फांसी लगाकर की इहलीला समाप्त

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी थाना अंतर्गत ग्राम कालीमाटी में एक 55 वर्षीय व्यक्ति ने 1 मई को सुबह 11.30 बजे अपने घर के सामने पेड़ से लटककर फांसी लगा ली। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही कर शव बरामद कर पीएम करवाकर शव परिजनों को दिया। फिलहाल, आत्महत्या का कारण का पता नहीं चल सका है। लांजी पुलिस ने बताया कि अमर पिता मंगलदास बोहने उम्र (55) वर्ष निवासी ग्राम कालीमाटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आस-पड़ोस के लोगों ने व्यक्ति का शव पेड़ से लटका देखा, जिसकी सूचना मृतक के पुत्र लक्ष्मण बोहने ने लांजी पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर व्यक्ति का शव आम के पेड़ से उतारा और पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। व्यक्ति के पास से कोई सुसाइड़ नोट नहीं मिला है। मृतक के पुत्र लक्ष्मण बोहने ने घटना के संबंध में सूचना ग्राम के सरपंच एवं कोटवार को दी जिनके द्वारा लांजी थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी को जानकारी दी, तब थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में पुलिस मौके पर पहुंचकर और शव को आम के पेड़ से नीचे उतारा और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लांजी सिविल अस्पताल भेज दिया। मृतक के पुत्र लक्ष्मण बोहने ने बताया कि उसके पिता अमरदास बोहने कई वर्षो से ड्राइवर का काम करता था। वह नशे का आदि था और कुछ दिनों से घर के लोगों को परेशान कर रहा था। आज 1 मई को भी मेरे पिता अमर बोहने घर से चावल ले जाकर गांव में ही बेचने निकला तब हमें एहसास हुआ कि यह फिर चावल बेचकर दारू पीकर आएगा और हमारे साथ वाद विवाद करेगा इसलिए हम घर से कहीं चले गए। तभी लगभग 10.30 बजे पड़ोसियों के माध्यम से पता चला कि तुम्हारे पिता अमर दास बहाने घर के सामने लगे आम के पेड़ पर फांसी पर लटका हुआ है। तभी हम अपने घर पहुंच कर इस घटना की जानकारी सरपंच एवं पुलिस को दिए। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और मौकास्थल का पंचनामा बनाकर शव को सिविल अस्पताल लांजी लाकर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा और मामले की जांच में जुट गई है।



# डबल मनी मामले में दो वर्षों से फरार नीरज पाण्डेय गिरफ्तार

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी बालाघाट जिले का बहुचर्चित डबल मनी काण्ड में आज भी हजारो ऐसे आरोपी है जो कि लोगो को डबल मनी का झांसा देकर फरारी काट रहे है। लांजी थाने में सैकड़ो आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज है जिसमे की कुछ तो पुलिस हिरासत में जेल की हवा काट रहे है वही कुछ फरार है जिनकी पुलिस लगातार तलाश कर रही है इसमे एक बडा नाम डबल मनी काण्ड का सरगना सोमेन्द्र कंकरायेने और उसके भाई है जो कि पुलिस को अब तक चकमा देने में कामयाब हो चुके है। पुलिस की इनकी लगातार तलाश कर रही है। वहीं ऐसे और भी नाम है जो कि पुलिस रिकार्ड में दर्ज है और समय समय पर पुलिस इन आरोपियों को तलाश कर धर दबोच रही है इसी में एक आरोपी है नीरज पिता स्व. हेमन्त पाण्डेय जिस डबल मनी के धाराओ के तहत अपराध क्रमांक 178/22 के तहत अपराध पंजीबद्ध था। विगत दो वर्षो से नीरज पाण्डेय फरार चल रहा था जिसे मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम बोलेगांव से गिरफतार किया जाकर माननीय न्यायालय में पेश किया जायेगा। बतादे कि नीरज पाण्डे के विरूद्ध कई लोगो ने अपराध दर्ज करवाये है जिसमें 13 लाख रूपये का चेक नीरज पाण्डेय के द्वारा प्रदान किया गया था डबल मनी का झांसा देकर। जिस पर तत्कालिन जांच अधिकारी उनि विजय सनस के द्वारा अपराध दर्ज किया गया था।



# सरस्वती शिशु मंदिर में सप्त दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग जारी



लांजी (पद्मेश न्यूज)। महाकौशल वनांचल शिक्षा सेवा न्यास जबलपुर द्वारा संचालित सरस्वती जनजाति संस्कार केंद्र जिला बालाघाट का सप्त दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर लांजी में 29 अप्रैल को समय शाम 4 बजे शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवलित कर किया गया तत्पश्चात सदरू लाल बोहने के द्वारा समस्त अतिथियों का तिलक वंदन कर स्वागत किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यह है कि गांव में जो वन ग्रामीण अंचल के बच्चे निवास करते हैं, उनको संस्कार युक्त शिक्षा देना ही महाकौशल वनांचल शिक्षा सेवा न्यास का मुख्य उद्देश्य है इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति लांजी के अध्यक्ष श्याम लाल पांडे की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया, मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्राचार्य एवं विभाग समन्वयक एवं क्षेत्रीय संस्कार केंद्र प्रमुख सेवकराम दहिकर, विशिष्ट अतिथि संतोष मोरघड़े , जिला संयोजक विजय रामटेककर,स्वयं सेवक अरुण आसटकर, विद्यालय के प्राचार्य त्र्यंबक कुमार भगत प्रधानाचार्य, सदरू लाल बोहने ,आचार्य राजेंद्र पटले जिला समन्वयक, नरेंद्र मरावी, संकुल समन्वयक, राकेश मर्सकोले, नरेश बाहेश्वर सहित जिला बालाघाट के सभी संस्कार केंद्र से 70 आचार्य उपस्थित रहे, इस सप्त दिवसीय आचार्य वर्ग में नगर वासियों एवं योगेंद्र दहीकर का पूर्ण सहयोग मिल

# नगर के पांच बच्चों ने नवोदय की कक्षा छटवीं की परीक्षा में पाई सफलता

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। नवोदय प्रवेश परीक्षा कक्षा छठवीं में नगर के पांच बच्चों ने अच्छे अंकों से सफलता प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया है। जिसमें नगर के वार्ड नंबर एक निवासी जीतू बौद्ध का पुत्र बुध्दांश बांगडे ,वार्ड नंबर एक निवासी निलेश मेश्राम का पुत्र हर्षिल मेश्राम, वार्ड नंबर ३ निवासी अनुज राणा झालीवाड़ा ,भव्या मुकेश पटेल ,पानेरी घरड़े के द्वारा वर्ष २०२३-२४ नवोदय चयन परीक्षा कक्षा छठवीं में भाग लिया गया था। जिसमें उक्त बच्चों के द्वारा अपनी कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त की गई है। जिन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता गुरुजनों और मित्रों को दिया है। उक्त बच्चों की सफलता पर उनके परिवार एवं मित्रों के द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी गई है।




आवश्यकता है
कपड़े दुकान में लड़का-लड़की की आवश्यकता है
मो. 9691602000

आवश्यकता है
कान्हा होटल बालाघाट मे काम करने वाले लड़को की आवश्यकता है
अनुभवी को प्राथमिकता
मो. 9425139875, 9993282223

आवश्यकता है
चपरासी की आवश्यकता है
बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही 25 वर्ष से कम उम्र के युवक/युवती ही संपर्क करें
अनिवार्यतः साइकिल चलाना आना चाहिए
वेतनमान- 10000+
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल हनुमान चौक, मेन रोड बालाघाट (मप्र)
07632-244922, 244933 244944 मो. 9244872544
मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 7.00 से 9.30 बजे तक

आवश्यकता है
- फोन कॉल हेतु युवती - 1 पद (वेतन चार अंको में)
- पाइप शोरूम कार्य हेतु युवक - 2 पद (वेतन पांच अंको में)
- पाइप शोरूम कार्य हेतु युवती - 2 पद (वेतन चार अंको में)

नोट-अनुभवी को प्राथमिकता
दुकान का समय
प्रातः 10 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक
आदिनाथ इंटरप्राइजेज
श्याम टॉकीज के पीछे, इतवारी गंज, बालाघाट, 9424766066

वेटर एवं कुक की आवश्यकता है
महाराष्ट्र में नागपुर से अमरावती रोड, हाईवे पर ग्राम खापरी स्थित फेमिली गार्डन रेस्टारेंट ''होटल द्वारका'' में कार्य हेतु वेटर, कुक, हाऊस कीपिंग तथा मेनेजर के लिए लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है।
संपर्क करें
Mo. 9421806667
Mo. 7745009608

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# अपनी पसंद के अफसरों की नई टीम बनाएंगे मोहन

## -लोकसभा चुनाव बाद होगी प्रशासनिक जमावट

भोपाल। प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद से सैकड़ों आईएएस-आईपीएस अधिकारियों के साथ ही अन्य अधिकारियों के तबादले किए गए है। सूत्रों का कहना है कि अधिकांश तबादले लोकसभा चुनाव के कारण चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुसार हुए हैं। ऐसे में 4 जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अफसरों की अपनी टीम बनाएंगे। ताकि प्रदेश में विकास की रफ्तार को तेज किया जाए और कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाए।

गौरतलब है की प्रदेश में नई सरकार के गठन के साथ ही सरकार लोकसभा चुनाव में जुट गई। फिर कुछ दिन बाद आचार संहिता लग गई। ऐसे में अब जून के पहले हफ्ते में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद जैसे ही सरकार स्पीड से कामकाज शुरू करेगी। इसके लिए अफसरों की नई टीम बनाई जाएगी। उस टीम में मुख्यमंत्री अपनी पसंद के अफसरों को शामिल करेंगे, ताकि उनके दिशा निर्देशों का गंभीरता से क्रियान्वित किया जा सके।



### टॉप-टू-बॉटम नई जमावट

लोकसभा चुनाव बाद सरकार को टॉप-टू-बॉटम अफसरों की नई जमावट करनी होगी। इसकी वजह यह है कि प्रदेश के प्रशासनिक और पुलिस के मुखिया का रिटायरमेंट नजदीक आ जाएगा। इसलिए सरकार को नए सिरे से मुख्य सचिव और डीजीपी के पद पर अफसरों की पोस्टिंग करना होगी। इस साल दिसंबर के अंत तक एसीएस और कमिश्नर स्तर के 11 आईएएस और डीजी, एडीजी व आईजी स्तर के दस आईपीएस अधिकारी सेवानिवृत्त होंगे। मुख्य सचिव वीरा राणा को छह महीने का एक्सटेंशन मिलने के बाद उनका कार्यकाल 30 सितंबर को पूरा होगा। यदि उन्हें दूसरी बार एक्सटेंशन नहीं मिलता है, तो सरकार को नए मुख्य सचिव की पोस्टिंग करना पड़ेगी। सीएस के रूप में एक बार फिर अनुराग जैन के नाम की चर्चा है। केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अनुराग जैन अगले साल सेवानिवृत्त होंगे। अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव की पिछले एक साल से मुख्य सचिव पद की दावेदारी रही है, लेकिन नवंबर में उनका रिटायरमेंट है। ऐसे में अनुराग जैन के अलावा अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मोहम्मद सुलेमान, अपर मुख्य सचिव जल संसाधन विभाग डॉ. राजेश राजौरा व कृषि उत्पादन आयुक्त एसएन मिश्रा मुख्य सचिव के प्रबल दावेदार रहेंगे। वहीं, डीजीपी सुधीर सक्सेना नवंबर, 2024 में सेवानिवृत्त होंगे। उनके सेवानिवृत्त होने पर सरकार के समक्ष नए डीजीपी के चयन की भी जिम्मेदारी रहेगी। डीजीपी के लिए डीजी होमगार्ड अरविंद कुमार, डीजी ईओडब्ल्यू अजय शर्मा तथा डीजी जेल जीपी सिंह के नाम की चर्चा है।

### इस साल इनका होना है रिटायरमेंट

इस साल के अंत तक बड़ी संख्या में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों का तबादला होना है। छह माह के एक्सटेंशन के बाद मुख्य सचिव वीरा राणा का कार्यकाल सितंबर में पूरा होगा। एसीएस संजय बंदोपाध्याय अगस्त में, केंद्र में पदस्थ आशीष उपाध्याय सितंबर में, अध्यक्ष राजस्व मंडल ग्वालियर अश्विनी कुमार राय मई में, मलय श्रीवास्तव नवंबर, मध्यप्रदेश भवन नई दिल्ली में पदस्थ पंकज राग अक्टूबर, कमिश्नर रीवा गोपालचंद्र डाड, सचिव शशि भूषण सिंह व अपर सचिव स्वास्थ्य राकेश कुमार श्रीवास्तव जून, एमडी मत्स्य महासंघ राकेश सिंह मई में व सचिव अमरपाल सिंह अक्टूबर में रिटायर्ड होंगे। वहीं डीजीपी सुधीर सक्सेना नवंबर, स्पेशल डीजी प्रशिक्षण संजय झा जुलाई, संचालक लोक अभियोजन श्रीमती सुषमा सिंह सितंबर, स्पेशल डीजी शिकायत डॉ. अशोक अवस्थी जून, स्पेशल डीजी अनुराधा शंकर सिंह मई, एडीजी अजाक राजेश गुप्ता सितंबर, एडीजी पीटीआरआई अनिल गुप्ता अक्टूबर, आईजी आरआरएस परिहार जून, ओएसडी मुख्यमंत्री आरके हिंगणकर अक्टूबर तथा आईजी रीवा डा. महेन्द्र सिंह सिकरवार आगामी 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होंगे। ऐसे में सरकार को इन अफसरों की जगह दूसरे अफसरों को पदस्थ किया जाएगा।

# मप्र के चुनावी मैदान से ओबीसी और पदोन्नति में आरक्षण जैसे मुद्दे गायब

### - विधानसभा चुनाव में खूब हुई थी चर्चा

भोपाल। विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस ने जिन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया, वे लोकसभा चुनाव में गायब हो गए। दोनों दलों द्वारा न तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण मुद्दा उठाया जा रहा है और न ही पदोन्नति में आरक्षण की बात हो रही है। पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाली की चर्चा भी नहीं हो रही है। जबकि, पदोन्नति में आरक्षण और ओपीएस के मुद्दे पर कर्मचारियों ने कांग्रेस का समर्थन किया था। दरअसल, भाजपा का पूरा चुनाव अभियान मोदी गारंटी पर केंद्रित है तो कांग्रेस न्याय गारंटी को लेकर चल रही है। प्रदेश में अभी तक हुई बड़े नेताओं की सभाओं में भाजपा तुष्टीकरण, परिवारवाद, विरासत टैक्स और संपत्ति के सर्वे को लेकर कांग्रेस पर बरस रही है तो कांग्रेस गरीबी, बेरोजगारी और सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर भाजपा पर हमला बोल रही है। राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अनुसार प्रदेश में 50 प्रतिशत यानी लगभग आधी जनसंख्या ओबीसी की है, पर ओबीसी आरक्षण जैसे विषय को छेड़कर दोनों बड़े दल विवाद में नहीं पड़ना चाहते। ऐसा नहीं है कि दोनों दलों के चुनाव प्रचार में ओबीसी वर्ग अछूता है। भाजपा और कांग्रेस खुद को ओबीसी वर्ग का हितैषी और एक-दूसरे को विरोधी बताने में पीछे नहीं रहती पर आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दे से दूरी बनाकर चल रही हैं। हालांकि, दोनों ही दलों ने प्रत्याशी चयन में ओबीसी का ध्यान रखा। इसी प्रकार 2018 के विधानसभा, 2019 के लोकसभा और पिछले विधानसभा चुनाव में चर्चा में रहा पदोन्नति में आरक्षण का मुद्दा भी गायब है। मई 2016 से पदोन्नति में आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट से रोक है। अभी यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी बिना पदोन्नति रिटायर हो गए। इस चुनाव के पहले भाजपा-कांग्रेस दोनों एक दूसरे को इस मुद्दे पर घेरती रही हैं। कांग्रेस कहती रही है कि भाजपा सरकार सुप्रीम कोर्ट में ठीक से पैरवी नहीं कर रही है न ही पदोन्नति के लिए कोई रास्ता निकाल रही है। 2018 में विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत करने की बात कही थी। सत्ता में आने पर कांग्रेस सरकार ने 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दिया, पर एक याचिका पर हाई कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी।

# अतुल खरे को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

### - आयुक्त एवं संचालक शामिल हुए विदाई समारोह में

भोपाल। जनसम्पर्क विभाग के अतुल खरे को सेवानिवृत्ति पर जनसम्पर्क संचालनालय में भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में आयुक्त जनसम्पर्क संदीप यादव और संचालक रौशन सिंह शामिल हुए।

विदाई समारोह में आयुक्त जनसम्पर्क श्री यादव ने कहा कि सरकारी गतिविधियों के कारण शासकीय व्यक्ति अपनी व्यस्तता के चलते सामाजिक एवं रुचि की गतिविधियों में इच्छा होते हुए भी अनेकों बार शामिल नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि श्री खरे सेवानिवृत्ति के बाद सामाजिक गतिविधियों में शामिल होकर अपना योगदान देंगे। उन्होंने श्री खरे और उनके परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना की।

विदाई समारोह में संचालक श्री सिंह ने कहा कि श्री खरे ने विभाग की अनेक शाखाओं में पदस्थापना के दौरान अपनी कार्य-कुशलता और संवेदनशीलता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवक के जीवन में सेवानिवृत्ति का दिन भी महत्वपूर्ण होता है। व्यक्ति को इसे भी आनंद के रूप में लेना चाहिये। उन्होंने श्री खरे के उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री प्रेस प्रकोष्ठ में पदस्थ संयुक्त संचालक अशोक मनवानी और सहायक संचालक राजेश पाण्डेय ने अतुल खरे के साथ किये गये कार्य अनुभव को साझा किया। आभार प्रदर्शन अपर संचालक जी.एस. वाधवा ने किया।

अतुल खरे ने वर्ष 1991 में जनसम्पर्क विभाग में अपनी सेवाएँ शुरू की थीं। इस दौरान वे मुख्य रूप से जनसम्पर्क कार्यालय छिंदवाड़ा, जबलपुर और संचालनालय भोपाल की विभिन्न शाखाओं में पदस्थ रहे। अतुल खरे ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है।

# सुविधाओं से लैस सीएम राइज स्कूल फिसड्डी

### -10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में दिखा असर

भोपाल। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे हाल ही में घोषित हुए। इस दौरान सभी की नजरें सीएम राइज स्कूलों के प्रदर्शन पर भी रहीं, लेकिन इनका भी परिणाम कुछ ज्यादा बेहतर नहीं रहा। प्रदेश के कई सुविधाविहीन स्कूलों ने टॉप टेन में जगह बनाई। परंतु जब बात आई सीएम राइज और पीएम श्री स्कूलों की तो यह टॉप टेन में भी नहीं था। मालूम हो कि प्रदेश में सीएम राइज और पीएम श्री स्कूलों को बड़े धूमधाम से शुरू किया गया था। परंतु जब परिणाम आए, तो जिम्मेदारों की नींद उड़ गई। यह स्थिति तब है जब सीएम राइज स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर विभागीय अधिकारियों का ध्यान अधिक रहता है, लेकिन फिर भी परिणाम अपेक्षा अनुरूप नहीं आया है। गौरतलब है की प्राइवेट स्कूलों को टक्कर देने के लिए सरकार ने सीएम राइज स्कूलों को शुरू किया है। इन स्कूलों में तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रूपए खर्च किए गए है। वहीं प्रदेशभर से चुनिंदा शिक्षकों को इसमें शिक्षण कार्य के लिए लगाया गया है। प्रदेश में सीएम राइज और पीएम श्री स्कूलों को बड़े धूमधाम




से शुरू किया गया था। परंतु जब परिणाम आए, तो जिम्मेदारों की नींद उड़ गई। 10वीं और 12वीं के परिणामों देखकर पता चला की ये स्कूल टॉप टेन की मेरिट सूची में भी जगह नहीं बना सके। इस संदर्भ में प्रभारी सीएम राइज स्कूल मप्र डीएस कुशवाहा का कहना है कि परिणामों की समीक्षा बोर्ड के अधिकारी करते हैं। हम दो मई के बाद समीक्षा करेंगे।

### सरकार के सारे दावे फेल

प्रदेश में सीएम राइज स्कूलों को लेकर सरकार ने बड़े-बड़े दावे किए थे। लेकिन 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में असर नहीं दिखा। वहीं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालयों की स्थिति ठीक रही। इनमें 12वीं कक्षा के 24 विद्यार्थियों ने मेरिट में जगह बनाई, जबकि मॉडल स्कूल के 6 विद्यार्थी टॉप-10 में रहे। जबकि 10वीं में उत्कृष्ट स्कूल के 17 और मॉडल के 1 विद्यार्थियों ने मेरिट में जगह बनाई है। पीएम श्री स्कूलों से भी कोई विद्यार्थी मेरिट में नहीं आया। प्रदेश में 275 सीएम राइज स्कूल हैं। स्कूलों की स्थापना के वक्त दावा किया गया था कि ये प्रदेश के श्रेष्ठ स्कूल होंगे। बेहतर शिक्षा के साथ यहां शिक्षकों का चयन भी परीक्षा के माध्यम से किया गया। ऐसे में उम्मीद भी यही की जा सकती है कि यहां परिणाम बेहतर होंगे, लेकिन इस बार बोर्ड परीक्षा के परिणामों ने निराश किया। हालांकि 10वीं, 12वीं के परिणामों को देखे तो पिछली बार की तुलना में परिणामों में सुधार हुआ है, लेकिन यह उम्मीद के मुताबिक नहीं कहा जा सकता। इस बार 12वीं का परिणाम 64.49 प्रतिशत रहा, जो पिछली बार 55.28 प्रतिशत था। हालांकि दसवीं का परिणाम पिछली बार की तुलना में बेहतर नहीं कहा जा सकता। पिछली बार दसवीं में 63.29 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए थे, लेकिन इस बार यह घटकर 58.10 प्रतिशत रह गई है। इस संदर्भ में शिक्षाविद आरएस शर्मा का कहना है कि 95 प्रतिशत सीएम राइज स्कूल कई कमियों से जूझ रहे हैं। जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। निगरानी तंत्र मजबूत करने से ही बात बनेगी।

### मेरिट में कोई छात्र नहीं

भोपाल और ग्वालियर जिलों में मेरिट में भी सीएम राइज स्कूल का कोई बच्चा नहीं आ पाया है। दोनों जिलों में 8-8 सीएम राइज स्कूल हैं। हाईस्कूलों में भोपाल के सीएम राइज स्कूल निशातपुरा का परिणाम पिछले साल की तुलना में 16 प्रतिशत और गर्ल्स स्कूल भेल का 2 प्रतिशत कम रहा है। हायर सेकंडरी स्कूल बैरसिया में 61त्न, गर्ल्स स्कूल गोविंदपुरा में 69 प्रतिशत, निशातपुरा स्कूल का 55 प्रतिशत, महात्मा गांधी भेल में 73 प्रतिशत, गर्ल्स स्कूल बरखेड़ी जहांगीराबाद व हायर सेकंडरी स्कूल करोंद का परिणाम 80 प्रतिशत रहा है। केवल सीएम राइज स्कूल बर्रई का परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

# आनलाइन केस हिस्ट्री देख सकेंगे डाक्टर

भोपाल। एम्स भोपाल ने मरीजों का डिजिटल रिकार्ड मेंटेन करने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वह देश के सभी एम्स संस्थानों के मुकाबले पहले नंबर पर आ गया है। आमतौर पर मरीज अपनी जांच की रिपोर्ट या डाक्टर द्वारा पूर्व में लिखी गई दवा के पर्चे आदि संभाल कर नहीं रखते। इस कारण जब वह दोबारा इलाज के लिए डाक्टर के पास जाते हैं, तो डाक्टर को यह पता नहीं चल पाता कि मरीज ने पहले कौन सी दवाएं ली हैं या टेस्ट रिजल्ट कैसे रहे। हाल ही में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार एम्स भोपाल में लगभग 2.25 लाख मरीजों के रिकार्ड को उनके विशिष्ट नंबर के साथ जोड़ा गया है। अब ऐसे मरीज जब भी किसी डाक्टर के पास इलाज के लिए जाएंगे, तो उनके इलाज का पूरा विवरण डाक्टर को आनलाइन उपलब्ध हो जाएगा। इससे इलाज करने में आसानी होगी। मरीज के रिकार्ड को लिंक करने के मामले में एम्स नागपुर दूसरे नंबर पर है।

अस्पताल में पंजीकरण के लिए भी क्यूआर कोड स्कैन करने की व्यवस्था शुरू की है, जिससे टोकन तैयार हो सकेगा। स्कैन के जरिए टोकन की व्यवस्था देशभर के सभी एम्स संस्थानों में की गई है। आंकड़े बताते हैं कि एम्स नई दिल्ली में सबसे ज्यादा 11 लाख से अधिक लोगों ने स्कैन द्वारा टोकन प्राप्त किया। दूसरे नंबर पर एम्स भोपाल में लगभग पांच लाख लोगों ने क्यूआर कोड स्कैन करके टोकन लिया।

# फेसिलिटेशन सेंटर पर वोटिंग शुरू

भोपाल। भोपाल के तुलसी नगर स्थित नवीन कन्या उमावि में बने फेसिलिटेशन सेंटर पर बुधवार से वोटिंग शुरू हो गई। यहां अगले 3 दिन तक वे वोट डाल सकेंगे, जिनकी माइक्रो ऑब्जर्वर या फिर चुनाव की जरूरी सेवाओं में ड्यूटी लगी हुई है। ऐसे मतदाता 7 मई को मतदान केंद्र पर वोट डालने नहीं जा सकेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक पांडे ने बताया कि फेसिलिटेशन सेंट पर 1, 2 और 3 मई को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक वोटिंग होगी। करीब 350 वोटर हैं। वे पोस्टल बैलेट के जरिए अपने मत का उपयोग कर सकेंगे। चुनावी कार्य में लगे माइक्रो ऑब्जर्वर, कम्युनिकेशन, अत्यावश्यक सेवाओं आदि कार्य में संलग्न अधिकारी और कर्मचारी सहित पोस्टल बैलट से मतदान करने की सुविधा प्राप्त करने जिन पत्रकारों ने आवेदन किया था, उनके लिए यह सेंटर स्थापित किया गया है।

# एनएचआई ला रहा है सेल्फ-हीलिंग डामर, खुद से होगी मरम्मत!

भोपाल। भारत में सडक़ों पर लगातार बनी रहने वाली गड्ढों की समस्या से निपटने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एक बिल्कुल नए समाधान की ओर रुख कर रहा है। एनएचएआई सेल्फ-हीलिंग एसफाल्ट (खुद का मरम्मत करने वाले डामर) की नई टेक्नोलॉजी का परीक्षण करके, सडक़ के रखरखाव में क्रांति लाने और सुरक्षा मानकों को बढ़ाने का लक्ष्य रखता है।

एनएचएआई के अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि सडक़ टिकाऊपन बढ़ाने और गड्ढों की समस्या से निपटने के लिए अपरंपरागत तरीकों को अपनाने की योजना का खुलासा किया। अधिकारी ने कहा कि हम टिकाऊपन बढ़ाने और गड्ढों की समस्या से निपटने के लिए नए और अपरंपरागत तरीकों पर विचार कर रहे हैं। स्व-मरम्मत डामर की शुरुआत इस बड़े मुद्दे का एक स्थायी समाधान पेश करने के लिए तैयार है। आधारभूत ढांचे के रखरखाव के लिए अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 2024-25 के बजट में सडक़ रखरखाव के लिए 2,600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।



### लागत-लाभ का विश्लेषण

हालांकि इस योजना को बड़े पैमाने पर लागू करने से पहले, प्राधिकरण स्व-मरम्मत तकनीक की व्यवहार्यता और प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए एक व्यापक लागत-लाभ विश्लेषण करेगा। यह सावधानीपूर्वक मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि सडक़ रखरखाव प्रयासों के असर को अधिकतम करने के लिए संसाधनों का बेहतर आवंटन किया जाए।

### बढ़ती दुर्घटना दरों का मुकाबला

भारत में 2022 में नेशनल हाईवे (राष्ट्रीय राजमार्गों) पर गड्ढों के कारण सडक़ दुर्घटनाओं में 22.6 प्रतिशत की चिंताजनक बढ़ोतरी देखी गई। और इसकी वजह से 1,856 लोगों को जान गंवानी पड़ी।

### क्या है यह नई टेक्नोलॉजी

रिपोर्ट में कहा गया है कि स्व-मरम्मत डामर टेक्नोलॉजी डामर में (बिटुमेन), जो एक संयोजक पदार्थ होता है, में स्टील ऊन के टुकड़ों को शामिल करने पर निर्भर करती है। ये टुकड़े बिटुमेन को चालक बना देता है, जिससे इंडक्शन मशीनों के जरिए इसे गर्म करना आसान हो जाता है। गर्म करने की प्रक्रिया बिटुमेन को आसपास के पत्थरों और बजरी के साथ फिर से आसानी से जोडऩे में सक्षम बनाती है।

# एमपी में मई सुहाना व राहत देने वाला हो सकता है

भोपाल। एमपी में अप्रैल में मौसम काफी बदलता हुआ रहा। अब मई की शुरुआत हुई है जो सुहाना और राहत देने के साथ साथ तपने वाला हो सकता है। पिछले महीने में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस ने झुलसा देने वाली गर्मी पर ब्रेक लगा रखा था। हालांकि दो तीन बार तापमान कुछ इलाकों में झुलसा देने वाले लेवल तक पहुंचा। एमपी के कुछ इलाकों का तापमान 40 से 43 डिग्री सेल्सियस तक रहा लेकिन बारिश और बूंदाबांदी के कारण मौसम बदलता रहा।

कहा जा सकता है कि चिलचिलाती गर्मी वाले अप्रैल ने इस बार लोगों को झुलसा नहीं पाया। वहीं बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने गर्मी को ज्यादा हावी नहीं होने दिया। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी 2 से 3 दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। प्रदेश में अब तीखी गर्मी पड़ने लगी है। महीने के आखिरी दिन अप्रैल का तापमान खूब रहा। 17 जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। रीवा में अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह इस सीजन का प्रदेश में सर्वाधिक तापमान है। खंडवा में अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। खरगोन में 42.2, धार में 40.2, शिवपुरी में 40, रतलाम में 40.2, भोपाल में 39.7, ग्वालियर में 38.3, इंदौर में 39.2, जबलपुर में 40, नरसिंहपुर में 42, मंडला में 41, सीधी में 42 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआ। मंगलवार को भी प्रदेश के अधिकांश जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर ही दर्ज हुआ है।

# अनाज की चोरी को वीडियो वायरल, होगा एक्शन

भोपाल। प्रदेश के जबलपुर शहर में एक सरकारी वाहन से अनाज चोरी करने का वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। सरकारी अनाज की चोरी के इस मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बीच सड़क पर मुख्यमंत्री अन्न योजना के तहत अनाज ले जा रहे वाहन से दो कर्मचारी अनाज की बोरी उतार रहे थे। उन्होंने बोरी को पास खड़े दो पहिया वाहन में चढ़ा दिया। वाहन चालक बोरी लेकर निकल गया, इधर वाहन चालक भी मौके से रवाना हो गया। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि जांच के बाद ट्रक की पहचान हो गई है, जो एमपी 20 जेएच 0291 वाहन है। अब जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी। राज्य के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अन्नदूत योजना शुरू की थी। इश योजना के लिए नवंबर 2022 में कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई थी। इस योजना का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को राशन की दुकानों तक पीडीएस सामान की डिलीवरी सौंपना है।

# कमाई मप्र से और जीएसटी मिल रहा दूसरे राज्य का

### मप्र में ऑनलाइन बिजनेस करने वाली 1500 कंपनियों को नोटिस

भोपाल। देश के विभिन्न हिस्सों में कार्यालय खोलकर मप्र में ऑनलाइन बिजनेस करने वाली तकरीबन 1500 कंपनियों को सेल टैक्स विभाग ने नोटिस दिया है। इसकी वजह यह है कि ये कंपनियां कारोबार तो मप्र में कर रही हैं, लेकिन जीएसटी का फायदा दूसरे राज्य को मिल रहा है। इसको लेकर मप्र सरकार ने दिल्ली में होने वालीजीएसटी काउंसिल की हर बैठक में उठाता रहा है।

गौरतलब है कि देश-विदेश की अधिकांश बड़ी और नामी ऑनलाइन कंपनियों के कार्यालय दक्षिण भारत के राज्यों तथा एनसीआर में होने के कारण जीएसटी में मप्र को भारी नुकसान हो रहा है। एक अनुमान के अनुसार इससे लगभग पांच सौ करोड़ रूपए का नुकसान मप्र की हो रहा है। गतदिनों केन्द्र सरकार के जीएसटी विभाग के अधिकारियों द्वारा बुलाई गई बैठक में मप्र सहित कई राज्यों ने जीएसटी कलेक्शन में उनके राज्य का हिस्सा न मिलने का मामला उठाया। राज्यों का कहना था कि आनलाइन खरीदी व ब्रिकी में केन्द्र सरकार की पूरी जीएसटी मिल रही और जीएसटी चोरी भी नहीं हो रही है। लेकिन जीएसटी कलेक्शन की पूरी राशि उन राज्यों की जा रही है, जहां कंपनियों के कार्यालय। इस जीएसटी कलेक्शन की राशि का हिस्सा यूजर्स राज्य से मांग रहे है। बैठक में प्लेस ऑफ सप्लाई की व्यवस्था को सही करने का मामला उठाया गया। इससे कई समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

### कुछ कंपनियों ने जमा कराया जीएसटी

मप्र सरकार ने केन्द्र सरकार से भी अनुरोध किया है कि इस पर गंभीरता में विचार करे, और उनके राज्य के यूजरों से अन्य राज्यों को मिलने वाली जीएसटी की कम से कम आधी राशि तो उन्हे दिलवाई जाए। लेकिन अभी तक इस मामले में कोई निर्णय नहीं हुआ है। उधर मप्र में ऑनलाइन बिजनेस कर रही पन्द्रह सौ से अधिक कंपनियों को सेल टेक्स विभाग के अधिकारियों ने नोटिस जारी किया है। इसमें कुछ कंपनी ने जीएसटी की कुछ राशि मप्र सरकार के खाते में जमा करा दी है। अन्य कंपनियों ने नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया, उस कारण उनके खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार मप्र सरकार की जीएसटी हर साल बढ़ रही है, लेकिन उस गति से नहीं बढ़ रही है। जिस गति से आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना तथा एनसीआर क्षेत्र के राज्यों की बढ़ रही है। इसका सबसे बड़ा कारण अधिकांश आनलाइन कंपनियों के मुख्यालय वहां होना है। जिससे कंपनियों को मिलने वाली राशि की जीएसटी का हिस्सा उन राज्यों को मिलता है, चाहे यूजर्स किसी भी राज्य के हो। उदाहरण के लिए मध्यप्रदेश में मोबाइल व इंटरनेट यूजर्स की संख्या करोड़ों में है। इससे जीएसटी की अच्छी खासी राशि उन राज्यों को मिलती है, जिसमें कंपनियों के आफिस है। आनलाइन की खरीदी की भी यही स्थिति है।

# जिसको अपने धंधे के भविष्य की चिंता हो वह भाजपा में जाए- जीतू पटवारी

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी विदिशा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप भानु शर्मा के समर्थन में विदिशा लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विधान सभाओं में आयोजित जनसभा में शामिल हुए एवं जनता से कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने की अपील की।



श्री पटवारी ने जनसभा को संबोधित करते हुआ कहा कि कोविड में मोदी ने जनता से कहा ताली बजाओं, देश बजाने लग गया, मोदी ने कहा थाली बजाओं देश बजाने लग गया,

देश गुमराह होता रहा और भाजपा ने वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से 50 करोड़ रुपए का काला धन ले लिया। अब उसी कंपनी की वैक्सीन को लेकर कई खुलासे हो रहे है, इसका ज़िम्मेदार कौन है जनता भाजपा से सवाल पूछे।

श्री पटवारी ने कहा कि मोदी जी ने कहा था कि मैं खाऊंगा ना खाने दूंगा लेकिन देश को दिया इलेक्टोरल बॉन्ड, देश को मिली नफरत और घृणा, किसान को मिला कर्ज, बाप को मिला बेरोजगार बेटा, घर को मिली महंगाई, देश को मिली हिंदू मुसलमान से नफरत करने की भावना, इस सब के बीच भाजपा ने आपसे कहा कि वोट हमें दो, जब हम रोजगार की बात करते हैं तो इन्हें वामपंथी याद आ जाता है। इस बांटने वाली सोच को आपको हराना है।

श्री पटवारी में जनता से आग्रह किया कि कांग्रेस ने पांच न्याय की बात की इसके तहत 8500 हजार रुपए हम हर महीने महिलाओं को देंगे , 100000 रूपए बेरोजगारों को देंगे, केसीसी लोन माफ करेंगे, जीएसटी में सुधार करेंगे, श्रमिकों को मनरेगा के तहत 400 रुपए मेहनताना देंगे। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष का समय है नई पार्टी का निर्माण नई सोच और नए विचारों के साथ करना है, जिसमें कलेजा हो संघर्ष का वह कांग्रेस के साथ रहे, जिसको अपने धंधे के भविष्य की चिंता हो वह भाजपा में जाए।

# आज राजस्थान रॉयल्स से मुकाबला करेगी सनराइजर्स

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आईपीएल में गुरुवार को अपने घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगी। इस मैच में सनराइजर्स भले ही अपने घरेलू मैदान पर खेल रही हो लेकिन इस मैच में जीत के लिए कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इसका कारण ये है कि राजस्थान ने अबतक खेले गये 9 मुकाबलों में से 8 जीते हैं। ऐसे में वह 16 अंक लेकर शीर्ष पर है। इसके साथ ही उसके बल्लेबाज और गेंदबाज शानदार फर्म में हैं। वहीं दूसरी और इस सत्र की शुरुआत में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से धमाका करने वाली कप्तानी पैट कमिंस की सनराइजर्स बाद के मैचों में असफल रही है। । उसने अब तक पांच मैच जीते हैं जबकि चार में उसे हार का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रकार 10 अंक लेकर वह पांचवे नंबर पर है। पिछली कुछ हारों से उसका मनोबल भी गिरा है और टीम लक्ष्य का सामना करने में विफल रही है।

ऐसे में सनराइजर्स के लिये अपनी प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने इस मैच में जीतना जरुरी है। रॉयल्स ने पहले ही प्लेऑफ के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। सनराइजर्स के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए अब तक असफल रहे हैं यहां तक कि कोच डेनियल विटोरी ने भी माना है कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति से उसे हार मिली है।



सनराइजर्स ने इस सत्र में पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन बार 250 से अधिक स्कोर बनाया पर वह लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 से अधिक का स्कोर एक बार भी हासिल नहीं कर पायी। मुख्य कोच विटोरी ने आरसीबी से मिली हार के बाद कहा था ,'' हम लक्ष्य देने में सफल रहे हैं पर अब हमें लक्ष्य का पीछा करना भी सीखना होगा।'' सनराइजर्स की टीम इस सत्र में अब तक बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा पर काफी निर्भर रही है। ऐसे में अगर ये रन नहीं बना पाते हैं तो टीम बिखर जाती है।

उसके अनुभवी बल्लेबाज एडेन मार्करम भी अब तक रन नहीं बना पाये हैं। वहीं रॉयल्स का अब तक का सफर जबरदस्त रहा है। पहले सत्र की विजेता टीम ने हर विरोधी टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। उसके पास कप्तान संजू सैमसन के अलावा जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और जैसे शानदार बल्लेबाज हैं। इसके अलावा शिमरोन हेटमायेर और रोवमैन पॉवेल, रियान पराग और ध्रुव जुरेल ने भी काफी रन बनाये हैं। गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास ट्रेंट बोल्ट जैसा तेज गेंदबाज व आवेश खान व संदीप शर्मा हैं जैसे युवा गेंदबाज है। स्पिन की कमान यजुवेन्द्र चहल संभालेंगे। चहल ने अब तक काफी अच्छी गेंदबाजी की है।

दूसरी ओर रॉयल्स की बल्लेबाजी अब तक अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिच क्लासेन और नीतिश रेड्डी व मयंक अग्रवाल पर आधारित रही है। उसके गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार , मार्को यानसेन और स्पिनर टी नटराजन अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-**

**राजस्थान रॉयल्स-** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन।

**सनराइजर्स हैदराबाद-** पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिच क्लासेन (विकेटकीपर), ऐडन मार्करम, अब्दुल समद, नीतिश रेड्डी, शाहबाज अहमद,भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह , ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेन्द्र यादव, झटवेध सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल।

## बुमराह की तरह गेंदबाजी करते हैं आरसीबी के नेट गेंदबाज महेश कुमार

नई दिल्ली। आईपीएल में एक नेट गेंदबाज महेश कुमार चर्चाओं में बने हैं। महेश वैसे तो एक नेट गेंदबाज हैं पर उनका एक्शन भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की तरह नजर आता है। इसी को देखते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने इस नेट गेंदबाज महेश का एक वीडियो जारी किया है। इसमें महेश गेंदबाजी कर रहे हैं। इस दौरान ऐसा लग रहा था जैसे कि बुमराह गेंदबाजी कर रहे हों। इंडियन डॉमेस्टिक क्रिकेट फोरम के सोशल मीडिया हैंडल पर यह वीडियो है। इस वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, महेश कुमार आरसीबी के लिए आईपीएल 2024 में नेट बॉलर हैं।



वहीं रिपोर्ट्स के अनुसार महेश कुमार आरसीबी से पहले गुजरात टाइटंस के लिए नेट्स में गेंदबाजी करते थे। गुजरात के लिए गेंदबाजी करते हुए ही महेश कुमार का वीडियो भी साझा किया गया है। इसलिए वह गुजरात टाइटंस के अभ्यास की जर्सी में दिख रहे हैं। हालांकि वह काफी पहले से ही आरसीबी के साथ जुड़े हुए हैं पर उन्हें कोई बड़ा अवसर नहीं मिल पाया है।

महेश अपनी सटीक यॉर्कर के कारण भी जूनियर बुमराह के नाम से जाने जाते रहे हैं हालांकि अब तक उन्हें किसी बड़े स्तर पर पहचान नहीं मिल पाई है। ऐसे में उम्मीद की जाती है कि आगे आने वाले समय में महेश अपनी गेंदबाजी को और बेहतर करेंगे और बड़े स्तर पर उन्हें अवसर मिलेगा। महेश कर्नाटक के रहने वाले हैं।

## विश्वकप के लिए इन खिलाड़ियों को बदकिस्मती से टीम में जगह नहीं मिली

मुम्बई। अगले माह जून में होने वाले टी20 में कुछ ऐसे खिलाड़ियों को भी जगह नहीं मिली है। जो भारतीय टीम में जगह पाने के अधिकारी थे। इनमें श्रेयस अय्यर , केएल राहुल , शुभमन गिल, रवि बिश्नोई, रिंकू सिंह और ईशान किशन शामिल हैं। इन सभी के पास अंतरराष्ट्रीय अनुभव है और इन्होंने कई बार अपने को साबित किया पर इसके बाद भी इनकी उपेक्षा से सभी हैरान हैं।

**श्रेयस अय्यर** - केकेआर के कप्तान श्रेयस हालांकि इस आईपीएल सत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं पर पिछले सत्र के साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उन्होंने मध्यक्रम में बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है।

केएल राहुल = अनुभवी विकेटकीपर केएल राहुल का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ ही इस आईपीएल सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है। इसके बाद भी उन्हें विश्व कप टीम के रिजर्व खिलाड़ियों में भी जगह नहीं मिली है। भारतीय टीम इंडिया में ऋषभ पंत और संजू सैमसन के रूप में दो विकेटकीपर बल्लेबाज शामिल हैं। राहुल ने 72 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 139 के स्ट्राइक रेट से 2265 रन बनाए हैं।

**रवि बिश्नोई** - लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर ने आईपीएल के इस सत्र में शानदार गेंदबाजी की है। बिश्नोई को टी20 में एक साल से ज्यादा समय तक रख गया। इसक बाद भी उन्हें जगह नहीं मिली। बिश्नोई ने अबतक 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 36 विकेट लिए हैं, वहीं आईपीएल के 61 मैचों में उनके 58 विकेट हैं।

**ईशान किशन** - आईपीएल में मुंबई इंडियंस की ओर से पारी की शुरुआत करने वाले ईशान का इस आईपीएल में स्ट्राइक रेट 165 से ज्यादा का रहा है। उन्हें दक्षिया अफ्रीका दौरे से अचानक ही नाम वापस लेने और घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के बाद से ही टीम से बाहर कर दिया गया था। माना जा रहा है कि इसी कारण उन्हें विश्वकप के लिए भी जगह नहीं मिली है।

**रिंकू सिंह** - रिंकू को मुख्य टीम में जगह नहीं मिली है। उन्हें रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है. आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से खेल रहे रिंकू फिनिशर की भूमिका निभाते हैं। वह अपनी आक्रामक अंदाज से कुछ ही समय में पास पलट देते हैं। रिंकू ने 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 356 रन बनाए हैं जिसमें 2 अर्धशतक शामिल है। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 176.23 का रहा है।

**शुभमन गिल** - युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को भी 15 सदस्यीय मुख्य टीम में जगह नहीं दी गई है हालांकि वह रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर टीम के साथ रहेंगे। शुभमन ने आईपीएल 2023 में 3 शतक और 4 अर्धशतक लगाकर कुल 890 रन बनाए थे। इसके बाद उन्हें आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस का कप्तान बनाया गया हालांकि इस सत्र में वह आईपीएल में पिछले प्रदर्शन को दोहराने में विफल रहे हैं।

## पंड्या को इन खूबियों के चलते टीम इंडिया में जगह मिली


मुम्बई। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को आईपीएल में खराब फार्म के बाद भी भारतीय टीम में शामिल किये जाने पर कई लोग हैरान हैं। उनका मानना था कि पंड्या को विश्वकप के लिए शामिल नहीं करना चाहिये पर अब ये बात सामने आई है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पंड्या पर क्यों भरोसा जताया है। हार्दिक को चयन समिति ने उप कप्तान की जिम्मेदारी भी दी है। चयनकर्ता और कप्तान ने हार्दिक का चुनाव कर ये बताया है कि आईसीसी के इस टूर्नामेंट में अनुभव और क्षमताओं को वर्तमान फार्म से अधिक अधिक महत्व दिया गया है। आईपीएल में भले ही हार्दिक असफल रहे हों पर अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में उन्होंने कई बार मुश्किल हालातों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हार्दिक की इन्ही खूबियों को चयनकर्ताओं ने देखा है। इस ऑलराउंडर की खासियकत ये है कि वह मुश्किल हालात मे भी दबाव में नहीं आता।



चैंपियंस ट्रॉफी 2017 के फाइनल में भारतीय टीम के शीर्ष क्रम के बिखरने के बाद हार्दिक ने उस मैच में जमकर चौके और छक्के लगाये थे। इसके अलावा भी उन्होंने कई बार टीम इंडिया के लिए मैच को फिनिश करने का काम किया। यही कारण है कि उनके आईपीएल में खराब प्रदर्शन पर अधिक ध्यान नहीं दिया गया।

इसके अलावा अभी हार्दिक ही भारतीय टीम के नंबर एक तेज गेंदबाज हैं। वह आक्रामक बललेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्हें अभी के अन्य ऑलराउंडर की तुलना में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अधिक अनुभव है। हार्दिक ने भारतीय टीम की ओर से 92 टी20 मैच खेल चुके हैं।

## टी20 प्रारुप में हमेशा ही बल्लेबाज हावी रहे - कमिंस



चेन्नई । सनराइजर्स हैदराबाद टीम के बाद कप्तान पैट कमिंस ने टी20 प्रारुप पर निशाना साधा है। कमिंस ने कहा है कि टी20 क्रिकेट हमेशा से ही बल्लेबाजों के पक्ष में रहा है। आईपीएल के इस सत्र में बल्लेबाजों को कुछ ज्यादा ही सहायता मिल रही है। इसके पीछे आईपीएल के कुछ नियम ओर पिच हैं। कमिंस ने कहा कि इस सत्र में छह बार 250 से अधिक का स्कोर बन चुका है और 200 रन बनाकर भी आप हार सकते हैं। इससे पहले आईपीएल इतिहास में दो ही बार 250 से अधिक का स्कोर बना था।

कमिंस ने कहा ,'' टी20 हमेशा से बल्लेबाजों का खेल रहा है और इस सत्र में तो यह एक कदम और आगे चला गया हैं। अब हमारे पास गेंदबाजी के अधिक विकल्प नहीं है और ऐसे में आक्रामक बल्लेबाजी करके ही हमें जीत मिल सकती है। 'आईपीएल नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद ने कमिंस को 20.50 करोड़ की बोली लगाकर अपने साथ शामिल किया था। पिछले सीजन में एडन मारक्रम ने टीम की कप्तानी की थी पर इस नए सत्र में कमिंस को टीम की कप्तानी दी गयी है। उनकी टीम ने अब तक 9 में से 5 मुकाबले में जीत दर्ज की है और इस समय वह अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।

## ऑस्ट्रेलिया ने टी20 विश्वकप के लिए मिचेल मार्श को बनाया कप्तान

सिडनी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने आगामी टी20 विश्वकप के लिए मिचेल मार्श को टीम का कप्तान बनाया है। सीए ने एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्वकप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम में अनुभवी बल्लेबाज स्मिथ को शामिल नहीं किया गया है। इसके अलाव आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से धूम मचाने वाले बल्लेबजा जैक फ्रेजर मैकगर्क को भी जगह नहीं मिली है।

**टीम इस प्रकार है** - मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर और एडम ज़म्पा।

## आईपीएल में अब तक प्लेऑफ के लिए दो टीमों की दावेदारी हुई पक्की

मुम्बई । आईपीएल में प्लेऑफ की तस्वीर अब तक पुरी तरह से साफ नहीं हुई है। अधिकतर टीमें अब तक 9-9 मुकाबले खेल चुकी है और राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स का जहां प्लेऑफ में पहुंचना तय नजर आ रहा है। वहीं 3 टीमें ऐसी हैं जिनके उपर लगातार बाहर होने का संकट मंडरा रहा है। इसमें से दो टीमों तो एक हार से ही बाहर हो जाएंगी। राजस्थान ही अकेले टीम है जिसके पास इस वक्त 16 अंक हैं और उसकी जगह पक्की हो चुकी है। वहीं केकेआर की टीम के 12वां अंक हासिल किया और उसकी दावेदारी भी अगले दौर के लिए मजबूत हो चुकी है। वहीं अंक तालिका में नीचे की तीन टीमों पर बाहर होने की तलवार लटकी हुई है।




इसमें मुंबई इंडियंस भी शामिल है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में खेलने उतरी इस. टीम का प्रदर्शन अब तक सामान्य ही रहा है। इस टीम के पास 16 अंकों तक पहुंचने का मौका है पर 1 हार से वह बाहर हो जाएगी। वहीं पंजाब किंग्स के लिए भी हालात बिल्कुल ऐसे ही हैं 9 मैच खेलने के बाद टीम को 3 जीत मिली है पर वह बचे हुए 5 मैच जीतकर 16 अंकों तक पहुंच सकता है लेकिन अगर टीम को 1 हार भी मिली तो उसकी मुश्किलें बढ़ जाएंगी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम के लिए हालात बेहद कठिन हैं. अपने बचे हुए सारे मैच जीतने के बाद भी टीम 14 अंकों तक ही पहुंच रही है। ऐसे में अगर उसे 1 भी हार मिली तो वह सीधा टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी।

## टी20 विश्वकप के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया सहित छह देशों की टीमें घोषित

मुम्बई। अगले माह एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी20 विश्वकप क्रिकेट 2024 में के लिए अभी तक भारत, ऑस्ट्रेलया और न्यूजीलैंड सहित छह टीमों की घोषणा हो गयी है। वहीं पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, श्रीलंका और बांग्लादेश को अभी अपनी टीमें घोषित करनी है। इस टूर्नामेंट के लिए सबसे पहले न्यूजीलैंड ने अपनी टीम घोषित की थी। न्यूजीलैंड ने 29 मई को ही अपनी टीम घोषित कर दी है। टी20 विश्वकप में कुल 10 टीमें भाग लेंगी।




वहीं भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान ने 30 अप्रैल को अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित की थी।

**भारत**- रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह. रिजर्व खिलाड़ी- शुभमन गिल, रिंकू सिंह, आवेश खान और खलील अहमद।

**ऑस्ट्रेलिया**- मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर, एडम ज़म्पा।

**इंग्लैंड**- जॉस बटलर (कप्तान), मोइन अली (उप-कप्तान), फिल साल्ट, विल जैक्स, जॉनी बेयरस्टो, बेन डकेट, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, सैम करेन, क्रिस जॉर्डन, टॉम हार्टली, आदिल राशिद, जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड, रीस टॉपली।

**दक्षिण अफ्रीका**- एडेन मारक्रम (कप्तान), ओटिनल बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक, बेरोन फार्च्युन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्किया, कैगिसो रबाडा, रियान रिक्लटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

**न्यूजीलैंड**- केन विलियम्सन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी. रिजर्व खिलाड़ी- बीन सियर्स।

**अफगानिस्तान**- राशिद खान (कप्तान), इब्राहिम जादरान, नजीबुल्लाह जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खरोती. मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक. रिजर्व खिलाड़ी- सेदिक अटल, हजरतुल्लाह जजई, सलीम सफी।

## स्टोइनिस की पारी से लखनऊ जीत के साथ तीसरे नंबर पर पहुंची, मुम्बई प्लेऑफ से बाहर हुई

लखनऊ। लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम आईपीएल में मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के साथ ही अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं मुंबई टीम के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं समाप्त हो गयी हैं। कम स्कोरन वाले इस मैच में लखनऊ की जीत में मार्कस स्टोइनिस की अहम भूमिका रही। स्टोइनिस ने 62 रन बनने के अलावा 1 विकेट लिया। इस मैच में लखनऊ ने मुम्बई को केवल 144 रनों पर ही रोकने के बाद चार विकेट से मुकाबला जीता। इस मैच में धीमी विकेट पर 145 रन से कम के स्कोर का पीछा करते हुए नुवान तुषारा ने अर्शीन कुलकर्णी को पहली ही गेंद पर पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान केएल राहुल ने पारी संभालनले का प्रयास किया पर असफल रहे। तब



स्टोइनिस ने स्कोर आगे बढ़ाया। उनके आउट होने पर टीम फिर संकट में आ गयी। ऐसे में निकोलस पूरन ने रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इस जीत के साथ ही लखनऊ की टीम 12 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी जिससे सीएसके 10 अंक के साथ ही चौथे नंबर पर फिसल गयी। वहीं एमआई 10 मैचों में सिर्फ 3 जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। ऐसे में मुम्बई अब अगर एमआई अगर अपने बाकी बचे 4 मैच जीत भी जाती है, तो भी वह प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाएगी। इससे पहले नेहल वढेरा के 46 और टिम डेविड के 35 रनों की पारी से मुंबई इंडियंस की टीम 7 विकेट पर 144 रनों पर पहुंची।

## वॉन बोले, टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंचेगी भारतीय टीम

नई दिल्ली । इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने अगले माह टी20 विश्वकप के लिए चयनित भारतीय टीम की आलोचना की है। वॉन ने कहा कि ये भारतीय टीम सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच पायेगी। वॉन ने भारतीय टीम को आईसीसी टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमों में शामिल नहीं करते हुए सोशल मीडिया पर उन चार टीमों के नाम भी दिये है जो उनके अनुसार सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। उनका मानना है कि इस बार टी20 विश्व कप में मेजबान वेस्टइंडीज के साथ ऑस्ट्रेलिया, मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीम अंतिम चार में पहुंचेगी। इस बार दस टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें खेल रही हैं जिनको 5-5 के 4 ग्रुप में बांटा गया है। भारतीय टीम को परंपरागत प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।

## टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में मुम्बई इंडियंस के सबसे अधिक खिलाड़ी शामिल

### केकेआर, सनराइजर्स के एक भी खिलाड़ी को नहीं मिली जगह

मुम्बई। आगामी टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में शामिल खिलाड़ियों पर नजर डालें तो सबसे अधिक चार खिलाड़ी आईपीएल टीम मुम्बई इंडियंस से है। विश्वकप में आईपीएल की छह टीमों के खिलाड़ियों को जगह मिली है पर केकेआर और सनराइजर्स हैदराबाद सहित चार टीमों के एक भी खिलाड़ी को इसमें शामिल नहीं किया गया है। विश्वकप में भारतीय टीम की कप्तानी मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा करेंगे। टीम के चयन में आईपीएल प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा गया है। इसी कारण शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ी टीम में भी टीम में शामिल किया गया है।



आईपीएल अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के तीन खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, युजवेंद्र चहल को भी भारतीय टीम में जगह मिली है पर अंक तालिका में दूसरे नंबर पर कायम कोलकाता नाइटराइडर्स का एक भी खिलाड़ी इसमें शामिल नहीं है। आईपीएल में तीन बार 250 से अधिक रन बनाने वाली सनराइजर्स के किसी खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा लखनऊ सुपरजायंट्स और गुजरात टाइटंस के खिलाड़ियों को भी शामिल नहीं किया गया है।

**विश्वकप के लिए भारतीय टीम में**

मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या के अलावा सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह को भ जगह मिली है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के 3 खिलाड़ियों में ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव शामिली हैं।

वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के दो-दो और पंजाब किंग्स के एक खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह मिली है। आरसीबी के विराट कोहली, मोहम्मद सिराज और चेन्नई सुपरकिंग्स के शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा ने भारतीय टीम में जगह बनाई है। पंजाब किंग्स के अर्शदीप सिंह को भी टीम में रखा गया है।


## रिंकू को अक्षर के कारण नहीं मिली टी20 विश्व कप के लिए जगह

नई दिल्ली। आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह टी20 विश्व कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में जगह पाने के बड़े दावेदार थे पर उन्हें शामिल नहीं किये जाने से क्रिकेट प्रशंसक हैरान हैं। रिंकू पिछले साल आईपीएल में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय टीम में आये थे और तभी से उन्होंने समय-समय पर टीम में अच्छा योगदान दिया था। टी20 विश्व के लिए उनका चयन पक्का था पर अंतिम समय पर स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल को उनकी जगह मिल गयी। रिंकू चयन की दौड़ में इस कारण पिछड़ गये क्योंकि कोच और कप्तान एक ऐसा खिलाड़ी चाहते थे जो बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी कर सके। ऐसे में रिंकू के अलावा अक्षर और वाशिंगटन सुंदर में मुकाबला था। चयनकर्ताओं के अलावा कप्तान रोहित रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ एक गेंदबाजी विकल्प रखना चाहते थे। इसी कारण अक्षर को सुंदर और रिंकू की जगह मिल गयी। टीम इंडिया को अक्षर के होने से अब चार स्पिनर के विकल्प मिलेंगे। टीम के पास पहले से ही कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल और रवींद्र जडेजा जैसे स्पिनर हैं। चयनकर्ताओं ने विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम को चुना है। इसके साथ ही चार खिलाड़ियों को रिजर्व यानी बैकअप के तौर पर शामिल किया गया है। रिंकू को रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर शुभमन गिल, खलील अहमद और आवेश खान के साथ रखा गया है।



# शासन प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

## सती टोला में मिट रहा 194 वर्षों पुराना सती प्रथा का इतिहास



कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। आप सभी ने किताबों में एक प्रथा के बारे में पड़ा ही होगा। यह प्रथा भारतीय इतिहास की एक भयावह प्रथा थी. जिसमें पति के मृत्यु के बाद विधवा महिला को पति के साथ चिता में जिंदा जला दिया जाता था. इस प्रथा का नाम सती प्रथा था। इस प्रथा का बालाघाट जिले से भी ताल्लुक है जी, हां करीब 194 साल पहले तक भारत में प्रचलित रही सती प्रथा का इतिहास बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील के ग्राम चाकाहेटी पंचायत के सतीटोला में आज भी देखने को मिलता है। यहां पर सामूहिक जौहर की वह स्मृतियां मौजूद है। जो उस कुप्रथा के इतिहास को बताती है। मगर, इतिहास की यह स्मृतियां शासन-प्रशासन की उपेक्षा के चलते मिटते जा रही है. जिन्हें संरक्षित करने की जरूरत है ताकी गांव सहित जिले की भावी पीढी को इस प्रथा की जानकारी के बारे में पता रहे. किंतु बेहद दुर्भाग्य की बात है कि इस दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है. आपको बता दें इन स्मृतियां के चलते ही चाकाहेटी पंचायत के टोले का नाम सती टोला पड़ा है। जो सरकारी रिकार्ड में दर्ज है लेकिन जिस वजह से पड़ा। अब वह स्मारक अपना अस्तित्व खो रहे है. इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान बालाघाट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ वीरेन्द्र सिंह गहरवार ने कई बार इन स्मारकों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन से पत्राचार किया है किंतु आज तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हो पाई है। बता दें कि सती प्रथा के इतिहास से जुड़े इन स्मारकों पर बनी मूर्तियों को ग्रामीणों ने अज्ञानतावश चूने से पुताई कर दिया है। जिससे स्मारकों के साथ मूर्तियों का क्षरण हो रहा है। सती टोला के यादोसिंह दसमेर बताते है कि यह स्मारक सोमजी बाबा के साथ ही उनके वंशज गंगु मोकासी, पारखी बाबा, पलारी बाबा सहित अन्य के है। यहां कुल 27 स्मारक है। जिनमें अलग-अलग प्रतिमाएं रखी हुई है. इन प्रतिमाओं ने एक पुरुष के साथ महिलाओं और बच्चों की आकृति उकेरी हुई है। बताया जाता है कि यह आकृति उनकी है जो महिलाएं पति की मौत के बाद अपने बच्चों के साथ सती हो गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि यहां दीपावली के दूसरे दिन मेले का आयोजन होता है। इस दौरान प्रतिमाओं की पूजा अर्चना भी की जाती है। पूजा और मेले में शामिल होने के लिए ग्राम पंचायत चाकाहेटी के सातों टोलों के अलावा आस-पास के अन्य गांवों के लोग भी आते है और पूजा अर्चना करते है। ऐसी मान्यताएं यहां आज भी प्रचलित है कि इन मूर्तियों के सामने कोई मुराद मांगने पर वह इच्छा पूरी हो जाती है हालांकि ऐसे किसी शख्स से मुलाकात नहीं हो पाई। गांव में यह भी चर्चा है कि इन स्मारकों के नीचे कोई धन गढ़ा हुआ है। बताया गया कि करीब 20 साल पहले कथित तौर पर इस धन को चोरी करने का किसी के द्वारा प्रयास भी किया गया. जिनके खिलाफ तिरोड़ी पुलिस ने कार्रवाई भी की थी और बाद में जिनके द्वारा चोरी का प्रयास किया गया था। उनकी बेदशा हो गई। गौरतलब हो कि ब्रिटिश शासित भारत के पहले गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बेंटिंक ने दिसंबर 1829 में एक कानून लाकर सती प्रथा को प्रतिबंधित कर दिया था। इस कानून के बाद राजा राममोहन राय ने भारतीय समाज से सती प्रथा को खत्म करने और महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए काम किया। भारतीय समाज और धार्मिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में राजा राममोहन राय के इस योगदान के लिए उन्हें सदा याद किया जाएगा। बहरहाल, तिरोड़ी तहसील की ग्राम पंचायत चाकाहेटी के सती टोला में इन स्मारकों को संरक्षित करने की जरूरत है। पंचायत सरपंच बताते है कि उनके पास इस तरह की धरोहर को संजोए रखने के लिए कोई मद नहीं है इसलिए शासन प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

**इनका कहना है-**

मेरे द्वारा शासन, मंत्री, सांसद और विधायक सहित तमाम अधिकारियों से पत्राचार कर चाकाहेटी के स्मारक को संरक्षित करने की मांग की गई थी लेकिन अब तक कोई गंभीर पहल नहीं की गई. पुन: शासन से पत्राचार किया जाएगा।

डॉ वीरेन्द्र सिंह गहरवार
इतिहास एवं पुरातत्व संग्रहालय

## नंदलेसरा ओपन केप में मनाया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। 01 मई को तहसील मुख्यालय कटंगी से करीब 07 किमी. दूर नंदलेसरा ओपन केप में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया. जिला पंचायत सदस्य सभापति श्रीमती केसर बिसेन, पूर्व मंडी सदस्य कला चौधरी, कामराज देशमुख, दिमागचंद टेम्भरे, खेमचंद कोचर, अवलेश पारधी, पुष्पराज चौधरी और शाखा प्रबंधक शिवराम भिडे की मौजूदगी में मजदूरों के हितों को लेकर चर्चा की गई. इस दौरान मजदूरों ने बताया कि केप में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की थीम जलवायु परिवर्तन के बीच काम की जगह पर श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करना था। इस थीम के जरिए श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को महत्व देने पर जोर दिया गया। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि श्रमिक का अर्थ ही होता है श्रम करने वाला। जब तक देश में श्रमिक काम नहीं करेगा तब तक देश विकसित नहीं हो सकता। सुई से लेकर हवाई जहाज बनाने का काम श्रमिक करते है। उन्होंने मजदूरों को अंशदान यानी की पीएफ के विषय में जानकारी दी। उन्होंने एक खदान के मजदूरों के अनुभव को केप के मजदूरों के साथ साझा किया। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि मजदूरों के पीने की पानी की समस्या को समाप्त करने के लिए केप में हैडपंप का खनन करवाया जाएगा।



## अब कृषि विभाग की योजनाओं से लाभांवित होने के लिए करना होगा ऑनलाइन आवेदन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कृषि उपसंचालक श्री राजेश कुमार खोबरागड़े ने बताया कि विभाग में संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ लेने लिए के लिए ऑनलाईन पंजीयन करना होगा। समस्त किसान योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाईन पंजीयन करने ह त https://kisan.mp.gov.in/schemOnlineRegistration/OnlineRegistration पर एमपी किसान एप्प पर कर सकते हैं। विभाग में संचालित समस्त हितग्राही मूलक योजनाओं का पंजीयन पोर्टल/मोबाईल एप पर कृषकों द्वारा मोबाईल से अथवा कृषक की सहमति से कृषक मित्र/कॉमन सर्विस सेंटर, क्षेत्र कृषि विस्तार अधिकारियों, अन्य प्रसार कार्यकर्ताओं आदि से कर कृषक की प्रोफाईल तैयार की जा सकेगी।

### प्रोफाईल निर्माण हेतु आवश्यक दस्तावेज

कृषकों को प्रोफाईल पूर्ण करने हेतु आधार नम्बर, भूमि से संबंधित जानकारी (खसरा/जिला,तहसील, ग्राम), समग्र आईडी, कृषक का जाति प्रमाण पत्र (यदि आवेदक अनु.जाति/अनु.जनजाति का हो), मोबाईल नम्बर, आधार लिंक नम्बर वाला माबाईल ओटीपी आधारित वेरीफिकेशन के लिए, किसान के सक्रिय बैंक खाते की जानकारी, विद्युत कनेक्शन होने की स्थिति में आईवीआरएस नम्बिर तथा वन अधिकार अंतर्गत भूमि धारक कृषक को एमपी किसान पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करना होगा।

## लालबर्रा महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में बुधवार (1 मई) को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से की गई। विकास की प्रगति में अनवरत रूप से संलग्न मजदूरों के हितों एवं उनके सम्मान, मजदूरों तथा श्रमिकों के विकास उन्नति के लिए जनसमुदाय में जुडाव के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे ने कहा कि विकास के आधार स्तम्भ मजदूरों, श्रमिकों के द्वारा चिलचिलाती धूप, वर्षा, ठंड में अडिग रहकर काम करते है। जिसके कारण ही विश्व की प्रगति सुनिश्चित होती है। हमें उनके साथ सम्मान का व्यवहार करना चाहिए। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार खंडायत ने अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि मजदूरों की दषा में सुधार लाने के लिए सदैव सकारात्मक प्रयास किये जाने की आवश्यकता है जिससे कि मजदूरों की समाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ प्राध्यापक सुमन बरवा, डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम, संध्या परते, मनीष शिवहरे, क्रांति जैन, डॉ. आशीष बागड़े, अनिभा शरणागत, आशा कारे, माधुरी पुसे, क्रीडा अधिकारी डॉ. विवेक खरगाल, यादोराव राजुरकर, व्यंकट नगपुरे, सरिता ऐड़े, पितम मुरते, रामदयाल मथारे, लकेश गेडाम, वंदना कुर्वे, मिनेष कुमार पंचेश्वर एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।




## भीषण गर्मी से धधक रहे शहर, लू के थपेड़ों ने केरल में ली 4 की जान

नई दिल्ली(ईएमएस)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले दो से तीन दिनों के लिए आंध्र प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा राज्यों के लिए हीटवेव के कारण रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा मौसम विभाग ने तेलंगाना, आंतरिक कर्नाटक और तटीय आंध्र प्रदेश में अगले 4-5 दिनों के लिए हीटवेव चेतावनी स्तर का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। केरल में तेज गर्मी और हीटस्ट्रोक के कारण 4 लोगों की मौत हो गई है। केरल की हेल्थ मिनिस्टर ने स्थिति को लेकर हाईलेवल मीटिंग बुलाई है। आईएमडी वैज्ञानिक सोमा सेन ने कहा कि भीषण गर्मी की लहरों से प्रभावित होने वाला मुख्य क्षेत्र पूर्वी भारत है, प्रायद्वीपीय भारत में तीव्रता थोड़ी कम होगी। यह हमारे मासिक पूर्वानुमान के अनुरूप है जिसमें भविष्यवाणी की गई थी कि इन क्षेत्रों में गर्मी की लहरें अधिक गंभीर और तीव्र होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक ने कहा कि झारखंड के लिए हमने ऑरेंज या येलो अलर्ट दिया है। हम अगले 4-5 दिनों के दौरान तेलंगाना, आंतरिक कर्नाटक और तटीय आंध्र प्रदेश के लिए चेतावनी स्तर को ऑरेंज तक बढ़ा रहे हैं। आईएमडी ने कहा कि 15 अप्रैल से ओडिशा में और 17 अप्रैल से गंगीय पश्चिम बंगाल में लगातार लू की स्थिति बनी हुई है। वहीं, आंध्र प्रदेश में रायलसीमा क्षेत्र लगातार भीषण गर्मी की चपेट में है। इसी तरह, केरल में कोट्टायम और अलाप्पुझा जैसे कुछ हिस्से भी भीषण गर्मी से प्रभावित हुए।

### तापमान पहुंचा 47.2 डिग्री के आसपास

मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल के कलाईकुंडा में मंगलवार को तापमान 47.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 10.4 डिग्री ज्यादा था। इसको लेकर मौसम विभाग ने कहा कि पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, ओडिशा में अगले दो दिन चरम हीटवेव रहेगा। वहीं, झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र व आंध्र में 5 दिन हीटवेव के हालात बने रहेंगे। मौसम विभाग ने अनुमान जताते हुए कहा कि पूर्वी व दक्षिणी राज्यों के अधिकांश क्षेत्रों में मई में हीटवेव के हालात बने रहेंगे।

## रबी विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों के स्लॉट बुकिंग की तिथि हुई 20 मई

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूं उपार्जन के लिये जिले में 24 उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार गेहूं उपार्जन कार्य की तिथि 29 मार्च से 15 मई 2024 तक निर्धारित की गयी थी। किंतू कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये अब गेहूं उपार्जन की तिथि 20 मई 2024 तक कर दी गयी है। जिसके लिये समस्त किसान भाईयों से अपील की गयी है कि वे गेहूं के विक्रय हेतु स्लॉटबुक करने समिति या एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर स्लॉट बुक करवा सकते है। जिन किसानों द्वारा स्लॉटबुक करवाया जायेगा, उन्हीं किसानों से गेहूं खरीदी की जावेगी।

## सतपुड़ा आई.टी.आई. मांझापुर में सुजुकी मोटर्स - गुजरात के लिए ओपन प्लेसमेंट कैम्पस आयोजित




बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। सतपुड़ा आई.टी.आई. लालबर्रा रोड मांझापुर में दिनांक 01/05/2024 दिन बुधवार को ओपन प्लेसमेंट कैम्पस का आयोजन किया गया जिसमें सुप्रसिद्ध कंपनी सुजुकी मोटर्स -गुजरात के लिए कंपनी के प्लेसमेंट विभाग के एच.आर. मैनेजर धर्मराज पाटिल सर, उनके सहयोगी कुलदीप सिंह जी एवं अनंत कुमार जी द्वारा भर्ती ली गई जिसमें आई.टी.आई. कर चुके लगभग 60 अभ्यर्थी जो बालाघाट जिले, मध्यप्रदे्या के अन्य भाहरो एवं दूसरे राज्यों से आए और लिखित परीक्षा एवं इंटरव्यू के माध्यम से 50 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिनकी इसी माह ज्वाइनिंग है। कैम्पस के आयोजन में आई.टी.आई. में कार्यरत समस्त शिक्षकों एवं संस्था के संचालकों का व्यिोष योगदान रहा। सतपुड़ा आई.टी.आई. मांझापुर के प्राचार्य श्री कमल ब्रम्हे सर एवं प्लेसमेंट अधिकारी फिरोज मंसूरी सर द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक भाुभकामनाएँ दी गई। कैम्पस में उपस्थित सभी अभ्यर्थियों को बताया गया कि हमारी संस्था द्वारा समय-समय पर प्रतिष्ठित कंपनियों के कैम्पस/रोजगार मेले के आयोजन किये जाते रहते हैं। जिसका लाभ लेने हेतु हमारी संस्था के सो्याल मिडिया नेटवर्क, दैनिक समाचार पत्र एवं संस्था से जुड़े रहें, इससे संबंधित जानकारी समय-समय पर उपलब्ध की जाती रहेगी। संस्था में ट्रेड इलेक्ट्रीि्यायन, फिटर एवं मैकेनिक डिजल में प्रवे्या प्रारंभ है। प्रवेश संबंधित एवं प्लेसमेंट कैम्पस संबंधित जानकारी संस्था में आकर भी प्राप्त की जा सकती है। जैसा ही आप सभी लोगों को मालूम ही है कि सतपुड़ा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट विगत 24 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए बहुत से छात्र/छात्राओं का सुप्रसिद्ध एवं प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन करा चुकी है। छात्र/छात्राओं का उज्जवल भविष्य बनाने में संस्था की 16 आई.टी.आई., इंजीनियरिं-कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, डी.एड/बी.एड. कॉलेज एवं सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल का व्यिोष योगदान रहा है।

## दिग्विजय, शिवराज और ज्योतिरादित्य का राजनीतिक भविष्य होगा तय

### गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट पर इस बार तस्वीर बदली हुई



भोपाल। दूसरे चरण के मतदान के बाद अब तीसरे चरण का चुनाव जोर पकड़ेगा। इस चरण में प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और शिवराज सिंह चौहान के साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के राजनीतिक भविष्य का निर्णय होगा। राजगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह की घेराबंदी करने के लिए भाजपा पूरी ताकत झोंक रही है। यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सभा हो जा चुकी है।

प्रदेश की मोहन यादव सरकार के मंत्रियों के अलावा भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी अलग-अलग विधानसभाओं में मोर्चा संभाले हुए हैं। विदिशा से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रहे हैं तो गुना से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के पक्ष में गृह मंत्री अमित शाह सभा कर चुके हैं। कांग्रेस के नेता भी ग्वालियर-चंबल अंचल में सक्रिय हैं। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 30 अप्रैल को भिंड में सभा करेंगे और दो मई को प्रियंका गांधी वाड्रा मुरैना में सभा करने आएंगी।

### राजगढ़ लोकसभा सीट

लगभग 33 वर्ष बाद राजगढ़ संसदीय सीट से एकबार फिर दिग्विजय सिंह चुनाव मैदान में हैं। संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में दिग्विजय ने पदयात्रा कर पुराने संबंधों को ताजा कर लिया है। इधर लगातार दो बार के सांसद रोडमल नागर भी जनता के बीच हैं। नागर की अपनी उपलब्धियां तो कुछ हैं नहीं इसलिए राष्ट्रवाद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को आगे बढ़ाने के नाम पर वोट मांग रहे हैं। हालांकि रोडमल नागर की राह को दिग्विजय ने कठिन बना दिया है। सिंह के मैदान में उतरने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह भी है।

### विदिशा लोकसभा सीट

विदिशा लोकसभा सीट से 20 वर्ष बाद पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी चुनाव मैदान में हैं। वे प्रतिदिन अपने क्षेत्र में जन आशीर्वाद यात्रा, नुक्कड़ सभाओं और रोड शो के जरिए मतदाताओं से संपर्क साध रहे हैं। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं शिवराज को अब दिल्ली ले जा रहा हूं, तब से शिवराज काफी खुश नजर आ रहे हैं। शिवराज इस सीट पर वर्ष 1991 में सबसे पहले चुनाव लडक़र लोकसभा में पहुंचे थे। यह सीट उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री स्व। अटल बिहारी वाजपेयी के इस्तीफे के बाद मिली थी। वर्ष 1991 से लेकर 2005 तक वे लगातार पांच बार इसी संसदीय क्षेत्र से सांसद बनते रहे। यहां पांव-पांव वाले भैया के रूप में बनी उनकी छवि बनी हुइ है। पिछले चुनाव में जब सुषमा स्वराज का स्वास्थ्य खराब होने के कारण टिकट बदलने की बात आई तो शिवराज के करीबी रमाकांत भार्गव को मौका मिला और उन्होंने भी पांच लाख से अधिक मतों से जीत हासिल की थी। इस बार शिवराज के खिलाफ कांग्रेस ने पूर्व सांसद प्रतापभानू शर्मा को मैदान में उतारा है।

### गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट

गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट पर इस बार तस्वीर बदली हुई है। हमेशा की तरह सिंधिया परिवार प्रत्याशी तो हैं लेकिन कांग्रेस से होकर भाजपा से हैं ।यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच ही सीधा मुकाबला रहा है। भाजपा ने यहां के सांसद डा। केपी यादव का टिकट काटकर ज्योतिरादित्य सिंधिया को उनकी पारंपरिक सीट से उतारा है। हालांकि पिछले चुनाव में केपी यादव ने सिंधिया को ही हराया था, तब सिंधिया कांग्रेस प्रत्याशी थे। वहीं कांग्रेस ने पिछले चुनाव की भाजपा की रणनीति को ही अपनाते हुए यादव प्रत्याशी को टिकट देकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। कांग्रेस प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह अशोकनगर जिले से ही हैं जहां पर यादव वोटरों की संख्या सबसे अधिक है। शुक्रवार को ही यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी सिंधिया के प्रचार में आए थे। मुख्यमंत्री मोहन यादव भी कई बार यहां प्रचार कर चुके हैं। सिंधिया की मौजूदगी के कारण यह चुनाव देशभर में चर्चा में है। तीसरे चरण में सात मई को नौ सीटों पर मतदान होना है। इनमें विदिशा, राजगढ़, गुना-शिवपुरी के अलावा ग्वालियर, भिंड, मुरैना, बैतूल, भोपाल और सागर सीट पर सात मई को मतदान होगा।

## अखिलेश का आरोप....भाजपा ने चंदा लेकर लोगों की जान जोखिम में डाली




लखनऊ। कोविशील्ड वैक्सीन के दुष्प्रभाव को लेकर उठे विवाद के बीच अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा ने लोगों की जान जोखिम में डालकर वैक्सीन निर्माता से राजनीतिक चंदा वसूला है। इसकी उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जानलेवा दवाओं की अनुमति देना किसी की हत्या की साजिश के समान है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

अखिलेश ने कहा, एक व्यक्ति को दो वैक्सीन के हिसाब से लगभग 80 करोड़ भारतीयों को कोविशील्ड वैक्सीन दी गई है, जिसके बारे में उसका मूल फॉर्मूला बनाने वाली कंपनी ने कहा है कि इससे हृदयघात का खतरा हो सकता है। जिन लोगों ने वैक्सीन के दुष्प्रभाव के कारण अपनों को खोया है या जिन्हें वैक्सीन के दुष्परिणामों की आशंका थी, अब उनका शक और डर सही साबित हुआ है।

उन्होंने भाजपा पर हमला कर कहा, वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से राजनीतिक चंदा वसूलकर जनता की जान की बाजी लगा दी है। न कानून कभी उन्हें माफ करेगा, न जनता। इसके पहले, सपा नेताओं ने आरोप लगाया था कि भाजपा ने लोगों को जबरन लगाई गई कोविड वैक्सीन के निर्माता से कमीशन लिया। मालूम हो कि ब्रिटिश मीडिया द्वारा उद्धत किए गए अदालत ही दस्तावेजों के मुताबिक ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया है कि यूरोप में वैक्सजेवरिया और भारत में कोविशील्ड नामक उसकी कोविड-19 वैक्सीन बहुत दुर्लभ मामलों में रक्त के थक्के से संबंधित दुष्प्रभाव पैदा कर सकती है। हालांकि इसका कारण अज्ञात है।

## बिना लाइसेंस के ओटीसी दवाओं की बिक्री की अनुमति देने का प्रस्ताव गंभीर चिंता का विषय ऑल इंडिया

### ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (द्बह्लष्ठ) ने भारत में बिना लाइसेंस के ओवर-द-काउंटर (ह्रञ्ज) दवाओं की बिक्री की अनुमति देने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर गहरी चिंता व्यक्त की है।देश के स्वास्थ्य मंत्री, प्रमुख स्वास्थ्य सचिव, भारत के औषधि महानियंत्रक, स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक, राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (ह्रक्क) के अध्यक्ष और अन्य संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए एक विस्तृत ज्ञापन में, द्बह्लष्ठ ने इस प्रस्ताव से जुड़े महत्वपूर्ण जोखिमों पर प्रकाश डाला है।द्बह्लष्ठ के अध्यक्ष, जेएस शिंदे और महासचिव, राजीव सिंघल ने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह का कदम मौजूदा दवा कानूनों, फार्मेसी विनियमों और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों सहित प्रासंगिक कानूनी ढांचे का उल्लंघन करेगा।उचित विनियमन के बिना ओटीसी दवा बिक्री की अनुमति देने से गंभीर खतरे पैदा होते हैं, जिनमें निम्न शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैं-

- खतरनाक स्व-चिकित्सा और नशीली दवाओं का दुरुपयोग
- फार्मासिस्ट परामर्श सेवाओं का अभाव
- प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं का बढ़ता जोखिम
- नकली दवाओं का प्रसार
- स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में देरी
- दवा की अधिक मात्रा के कारण बीमारियों की अधिक घटनाएं
- दवा भंडारण के मानकों से समझौता
- अपर्याप्त फार्माकोविजिलेंस उपाय

# नगरीय क्षेत्र के 33 वार्ड तो दूर अपने ही वार्ड का उपाध्यक्ष नहीं करा पा रहे काम

## कहा नही हो रही मेरी सुनवाई, वार्ड क्रमांक 33 में नालियां न होने से जगह-जगह जमा हो रहा गंदा पानी





**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। वार्ड नंबर 33 में इन दोनों पक्की नाली नहीं होने की वजह से वार्ड में काफी समस्या उत्पन्न हो रही है जहां पानी निकासी नहीं होने की वजह से जगह-जगह गंदा पानी कच्ची नालियों में जमा हो रहा है जिससे मच्छर पनप रहे हैं और यहां रहवासियों को काफी अधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है जबकि यह वार्ड नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश बिसेन का वार्ड है और देखा जाए तो उपाध्यक्ष द्वारा कहा गया था कि वह जीतकर आएंगे तो वार्ड का विकास करेंगे किंतु ऐसा नहीं हुआ एवं जब हमने वार्ड पार्षद व नगर पालिका उपाध्यक्ष से बात की तो उनका कहना था कि वह भले ही 33 वार्डों के उपाध्यक्ष हैं लेकिन वह स्वयं के वार्ड में ही काम नहीं करवा पा रहे हैं तो 33 वार्ड तो दूर की बात है जबकि उन्होंने इस समस्या को लेकर संबंधित अधिकारी व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अवगत कराया है पर कोई भी उनके वार्ड की समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।**

आपको बता दे की बालाघाट नगर पालिका परिषद अंतर्गत 33 वार्ड आते है और प्रत्येक वार्ड में मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सके इसके लिए नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ ही पार्षद भी चुने गए है, लेकिन विगत कुछ समय से चुने गए जनप्रतिनिधियों व मुख्य नगर पालिका अधिकारी के बीच कुछ भी सही नहीं चल रहा है। जिसका नतीजा नगरीय क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ रहा है। यहां स्थिति ये निर्मित है कि 33 वार्डों की समस्या के लिए चुने गए उपाध्यक्ष दूसरे वार्डों की समस्या तो दूर की बात है अपने ही वार्ड की समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहे है। नगर पालिका परिषद बालाघाट के उपाध्यक्ष योगेश बिसेन वार्ड क्रमांक 33 से पार्षद है और उनके वार्ड काफी बड़ा है जिसमें पंवार लेआउट अवधपुरी कालोनी भी आती है, यहां स्थिति ये है कि नालियां का निर्माण नहीं हुआ है। जिसके चलते कच्ची नालियों में जमा पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और पानी कच्ची नालियों में जमा होने के साथ ही खाली स्थानों पर जमा हो गया है। जिसमें बड़ी संख्या में मच्छर पनप रहे है जिससे मच्छरजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। यहां उपाध्यक्ष की मानें तो उनके वार्ड की समस्या से उन्होंने स्वच्छता प्रभारी के साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी अवगत कराया है और पानी निकासी के लिए उन्हें कुछ पाइपों की आवश्यकता है जिसकी मांग भी वे कई बार कर चुके है, लेकिन ये पाइप उन्हें उपलब्ध नहीं कराए गए है। जिससे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और उन्हें लगातार रहवासियों की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है।

### यहां जगह-जगह पानी भरा हुआ है- आशीष बिसेन

वार्ड क्रमांक 33 के रहवासी शेषराम राहंगडाले, आशीष बिसेन ने बताया कि उनकी कालोनी अवधपुरी नगरीय क्षेत्र की पॉश कालोनी कहलाती है, लेकिन यहां की गंभीर समस्याओं को लेकर नगर पालिका पूरी तरह से निष्क्रीय नजर आती है, यहां जगह-जगह पानी भरा हुआ है और पानी की निकासी न होने से गंदगी का आलम पसरा हुआ है। स्थिति ये है कि घर से बाहर निकलते ही मच्छर जीना मुश्किल कर देते है और गंदगी के आवारा मवेशी भी विचरण कर गंदगी फैलाते रहते है। हमारे द्वारा वार्ड के पार्षद जो कि उपाध्यक्ष भी है को सूचना देकर बुलाया जाता है तो वे आ तो जाते है, लेकिन उनकी शायद कोई सुनवाई नहीं होती है जिसके चलते वे मजबूर नजर आते है और उनके वार्ड की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है।

### मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अवगत कराया है - योगेश बिसेन

वार्ड क्रमांक 33 में नालियों को बढ़ा करने के लिए संसाधन की आवश्यकता है। इसे लेकर मैंने स्वच्छता निरीक्षक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अवगत कराया है चार पाइप की आवश्यकता है, लेकिन सीएमओ साहब कहते है कि टैंडर की प्रक्रिया से ही पाइप आएंगे। कुछ समय से सीएमओ साहब अपने तरीके से ही नपा को चला रहे है कोई सलाह देने पर वे मानते भी नहीं है। जिसके चलते ही इस तरह की समस्या उत्पन्न हो रही है। मेरे द्वारा स्वयं ही उन्हें फोन लगाने पर वे फोन भी नहीं उठाते है। समस्या के समाधान के लिए आचार संहिता समाप्त होने का इंतजार कर रहे है। इसके बाद भी समाधान नहीं हुआ तो स्वयं व वार्डवासियों के सहयोग से समस्या का समाधान करेंगे।

# नगर के महेंद्रम कालोनी से चोरो ने एक लाख के नगदी, सोने चांदी के जेवरात किये पार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। नगर में दिन प्रतिदिन हो रही है चोरियां, बढ़ती चोरी में उस समय और इजाफा हो गया जब चोरों ने नगर के वार्ड नंबर 5 महेन्द्रम कॉलोनी को निशाना बनाते हुए यहा के एक मकान से नगद 40 हजार रुपये और सोनी चांदी के जेवरात सहित करीब 1 लाख रुपए की चोरी कर ली। 29 अप्रैल की रात्रि में यह चोरी उसे समय हुई जब इस मकान के रहवासी घर में सो रहे थे। कोतवाली पुलिस ने द्रोण कुमार पिता ज्ञानदास डोंगरे 56 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी का अपराध दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है। ज्ञात हो की 2 दिन पहले ही चोरों ने एक ही रात में तीन मकान को निशाना बनाया था। इसके बाद चोरों ने 29 अप्रैल की रात्रि महेंद्रम कॉलोनी स्थित एक मकान को निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार द्रोण कुमार डोंगरे महिंद्रम कॉलोनी बालाघाट निवासी काली पुतली चौक बालाघाट में स्थित हेमा पेट्रोल पंप के डीलर है। जिनका एक बेटा आयुष डोंगरे दिल्ली में पढ़ाई कर रहे हैं। द्रोण कुमार डोंगरे अपनी पत्नी हेमलता डोंगरे के साथ महेंद्रम कॉलोनी अपने घर में रहते हैं। जिनका दो मंजिला मकान है। नीचे कमरे में पति पत्नी रहते हैं और ऊपर वाले कमरे में सामान रखा हुआ है। जहां तीन आलमारियां है और तीनों आलमारी में सोने चांदी के जेवरात और नगदी रुपए रखे हुए थे। बताया गया की 29 अप्रैल की रात्रि 10:30 बजे द्रोण कुमार डोंगरे अपनी पत्नी के साथ खाना खाकर सो गए थे। 30 अप्रैल को सुबह 5:00 बजे द्रोण कुमार डोंगरे उठे तब उन्होंने देखा कि उनके कमरे का सामान बिखरा हुआ था। हाल में जाकर देखें तो सामने का दरवाजा खुला हुआ था ।तब उन्होंने ने अपनी पत्नी हेमलता डोंगरे को उठाया और बताए कि घर का सामान बिखरा हुआ है और दरवाजा खुला हुआ है। तब दोनों पति-पत्नी ऊपर वाले कमरे में गए तो देख टावर का दरवाजा खुला हुआ था। कमरे में रखी अलमारियां बंद थी जिनकी चाबी नीचे वाले कमरे में गिरी पड़ी थी। द्रोण कुमार डोंगरे ने चाबी लाकर अलमारी खोल कर देखें, सामान चेक किया तो आलमारी में रखें सोने चांदी के जेवरात नहीं थे। जिनमे सोने के दो कंगन, दो नेकलेस, तीन अंगूठी, एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी



झुमके, एक नथनी चांदी की, एक जोड़ी पायल और नगद 40 हजार रुपये आलमारी में नहीं थे। तब द्रोण कुमार डोंगरे ने आसपास तलाश किये। सामान नहीं मिला। कोई अज्ञात चोर ने रात्रि में मकान के ऊपर छत में आकर टावर का दरवाजा खोलकर और घर के अंदर घुसकर आलमारी का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात, नगद 40 हजार रुपये चोरी कर ले गए ।जिनकी कीमत करीब एक लाख रुपए बताई गई है। कोतवाली पुलिस ने द्रोण कुमार डोंगरे द्वारा की गई रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 457 380 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

# गायखुरी नदी घाट में दो युवकों से की गई मारपीट

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कोतवाली क्षेत्र में आने वाले ग्राम गायखुरी शंकर मंदिर के पास दो युवकों को हाथ बुकको से मारपीट कर उन्हें जान से मार डालने की धमकी दे दी। यह घटना 30 अप्रैल की रात्रि 9:30 बजे आपसी रंजिश के चलते हुई। मारपीट में घायल दोनों युवक जीत सरोते और लोकेश ठाकरे का इलाज जिला अस्पताल में किया गया। कोतवाली पुलिस ने लोकेश ठाकरे 22 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर अभिषेक मोहारे सुरेश लिल्हारे के विरुद्ध मारपीट और जान से मार डालने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकेश ठाकरे वार्ड नंबर 33 गायखुरी निवासी डोर हाउस का काम करते हैं। 30 अप्रैल की रात्रि 9:30 बजे लोकेश ठाकरे अपने दोस्त संकेत पन्द्राम और अंकित दोने के साथ शंकर मंदिर के पास नीचे नदी घाट में बैठे थे। तभी मंदिर तरफ से लड़ाई झगड़ा होने की आवाज आई। तब लोकेश ठाकरे मंदिर तरफ गया उस समय कॉलोनी के ही अभिषेक मोहारे, लोकेश ठाकरे के दोस्त जीत सरोते को जातिगत रूप से अश्लील गालियां दे रहा था और बाल पकड़ कर और खींचतान कर लात घुसो से भी मारपीट कर रहा था ।तब लोकेश ठाकरे जीत सरोते को छुड़ाने के लिए गया तो अभिषेक ने लोकेश ठाकरे के साथ भी गाली गलौज कर हाथ बुक्के से मारपीट किया तभी अभिषेक ने फोन लगाकर सुरेश लिल्हारे को बुलाया और अभिषेक ने सुरेश लिल्हारे के साथ भी लोकेश ठाकरे और जीत सरोते को हाथ बुक्के से मारपीट कर उन्हें जान से मार डालने की धमकी दे दी। बीच बचाव के बाद मारपीट में दोनों घायल कोतवाली पहुंचे। कोतवाली पुलिस ने लोकेश ठाकरे और जीत सरोते का जिला अस्पताल ले जाकर उनका इलाज करवाये वही लोकेश ठाकरे 22 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने अभिषेक मोहारे और सुरेश लिल्हारे के विरुद्ध धारा 294 323 506,34भादवि,धारा 3(1)द,3(1)ध, 3(1)(Va) अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू किया।

# फोर व्हीलर की ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार नवआरक्षक सहित दो लोग घायल


बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। वारासिवनी रोड आईजी बंगले के सामने फोर व्हीलर ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी ।इस दुर्घटना में फोर व्हीलर की ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार एक नव आरक्षक सहित दो लोग घायल हो गए । दोनों घायल जिनमे नवआरक्षक मटुक सिंह पिता प्रीतम सिंह मरकाम 35 वर्ष बूढ़ी बालाघाट और गौरव पिता कुलदीप वैध 12 वर्ष वार्ड नंबर 13 पुलिस लाइन बालाघाट निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मटुकसिह मरकाम पुलिस लाइन में नव आरक्षक के पद पर पदस्थ है ।30 अप्रैल की शाम 6:00 बजे मटुकसिह मरकाम अपने साथी की मोटरसाइकिल लेकर गौरव वैध के साथ पुलिस लाइन से अपना सामान बूढ़ी स्थित किराए के कमरे में ले जा रहा था। तभी आईजी बंगले के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रही फोर व्हीलर ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। फोर व्हीलर की ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार नव आरक्षक मटुकसिह मरकाम और गौरव वैध दोनों मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गए। जिन्हें उनके परिवार वालों ने जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।

# मिनी ट्रक की ठोकर से गंभीर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। किरनापुर थाना अंतर्गत हट्टा रोड पर स्थित ग्राम मर्री राधास्वामी सत्संग भवन के पास गोलाई में बेलगाम ट्रक ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दिया ।मिनी ट्रक की जबरदस्त ठोकर से मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी किरनापुर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मृतक गणेश पिता लटीराम राहंगडाले 63 वर्ष पटेल टोला सारद निवासी है। किरनापुर पुलिस ने इस व्यक्ति की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया वहीं ट्रक चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सारद के पटेल टोला निवासी गणेश राहंगडाले अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था। बताया गया की 30 अप्रैल को सुबह गणेश राहंगडाले कीटनाशक दवाई खरीदने के लिए अपनी मोटरसाइकिल में ग्राम मर्री जा रहा था। जिसके पीछे उसका बड़ा भाई ओरीलाल राहंगडाले भी मोटरसाइकिल से मर्री जा रहा था। गणेश राहंगडाले आगे था। सुबह 7:30 बजे करीब ग्राम मर्री राधा स्वामी सत्संग भवन के पास गोलाई में मर्री की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे मिनी ट्रक ने गणेश राहंगडाले की मोटरसाइकिल को ठोस मार दिया। मिनी ट्रक की जबरदस्त ठोकर से गणेश राहंगडाले सिर मस्तक में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल और बेहोश हो गया था। जिसे तुरंत ही 108 एंबुलेंस से किरनापुर के अस्पताल पहुंचाया गया। किंतु डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिये। गणेश राहंगडाले की किरनापुर अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। सहायक उपनिरीक्षक नेहरू बहेरवंश ने मृतक गणेश राहंगडाले की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए तथा मिनी ट्रक क्रमांक छत्त 08 स 6165 के चालक के विरुद्ध धारा 279 304 ए भादवि और 184 मोटर व्हीकल एक के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज एण्ड पॉलिटेक्निक
बी.टेक. पॉलिटेक्निक
• कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
• माईनिंग इंजीनियरिंग
• सिविल इंजीनियरिंग *
• मैकेनिकल इंजीनियरिंग*
• इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग*
ADMISSION + ENQUIRY
*Proposed Branches
नई शिक्षा नीति 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों का Lateral Entry द्वारा बी.टेक. के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर (गर्रा) बालाघाट
6262604111, 9425836824 www.satpudaengineeringcollege.com
सतपुड़ा आई.टी.आई.बालाघाट

| मांझापुर | गर्रा | बुढ़ी | कटंगी | बैहर |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 6262604119 | 6262604121 | 6262604122 | 6262604117 | 6262604125 |





स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट